विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
Sunday
# दैनिक जागरण
वर्ष 72 ▸ अंक 340 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 07 सितंबर, 2025
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 15, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए
www.dainikjagranmpcg.com

## लहरों में विसर्जन, हृदय में स्थापन



**सुरक्षित विसर्जन... सुरक्षा इंतजामों के बीच श्रद्धालुओं ने दी बप्पा को विदाई:** राजधानी भोपाल के विभिन्न घाटों पर गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान क्रेनें तैनात की गईं थीं। साथ ही हर घाट पर गोताखोरों की भी तैनाती की गई थी। तस्वीर में खटलापुरा घाट पर विसर्जन का दृश्य। **फोटो: एचसी वर्मा**

**ट्रंप का यू टर्न:** भारत-रूस-चीन के रिश्तों की गर्माहट से पिघली वाशिंगटन-दिल्ली के बीच बर्फ

# 'त्रिदेव' ने तोड़ा ट्रंप का घमंड

**वॉशिंगटन डीसी/ नई दिल्ली, जेएनएन।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट में भारत, रूस और चीन की बढ़ती नजदीकी ने वैश्विक राजनीति की बिसात बदल दी है। एससीओ समिट में पुतिन, मोदी और जिनपिंग की तिकड़ी की नजदीकियों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नरमी दिखाने पर मजबूर कर दिया। भारत पर लगातार टैरिफ और रूस-चीन समीकरणों को लेकर तल्ख बयान देने वाले ट्रंप अब अचानक रिश्ते 'रीसेट' करने की बात कर रहे हैं। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 'मैं हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा।' इधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सधी हुई प्रतिक्रिया दी और कहा कि भारत-अमेरिका साझेदारी सकारात्मक और दूरदर्शी है। हालांकि, मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में खुद शामिल होने से परहेज किया है और उनकी जगह विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत, रूस और चीन के बीच बनती नई धुरी ने ट्रंप के लिए चुनावी राजनीति और रणनीतिक संतुलन दोनों ही स्तरों पर दबाव बढ़ा दिया है।

इससे पहले, शुक्रवार सुबह ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि 'हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है।' इस बयान से वैश्विक राजनीति में मची हलचल के महज 12 घंटे बाद व्हाइट हाउस प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा। भारत के साथ रिश्तों को रीसेट करने के लिए तैयार हूं।'


इधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी तुरंत प्रतिक्रिया दी। उन्होंने शनिवार सुबह एक्स पर लिखा- 'राष्ट्रपति ट्रंप की भावनाओं और हमारे संबंधों को लेकर उनके विचारों की सराहना करता हूं। भारत-अमेरिका की साझेदारी सकारात्मक और दूरदर्शी है।' ट्रंप ने प्रेस ब्रीफिंग में माना कि भारत के साथ अमेरिका की व्यापारिक बातचीत अहम है। हालांकि, उन्होंने भारत के रूसी तेल खरीदने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इसी कारण अमेरिका ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया। ट्रंप का दावा है कि यह कदम रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने में मददगार होगा। उन्होंने यूरोपीय संघ द्वारा गूगल पर 3.5 अरब डॉलर का जुर्माना लगाने पर भी गुस्सा जताया और इसे अमेरिकी कंपनियों के खिलाफ पक्षपाती कार्रवाई बताया।

ट्रंप का मोदी को 'दोस्त' कहना और मोदी का उनकी सराहना करना केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं माना जा रहा। भारत-अमेरिका संबंधों का दायरा व्यापार से कहीं बड़ा है। रक्षा सहयोग, तकनीक, ऊर्जा और इंडो-पैसिफिक में रणनीतिक संतुलन इसका हिस्सा हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रंप का यू-टर्न घरेलू दबाव और चुनावी राजनीति से जुड़ा है। भारत जैसे बड़े बाजार और लोकतांत्रिक सहयोगी को खोना अमेरिका के लिए आसान नहीं है। वहीं भारत भी अमेरिका से दूरी बनाकर चीन के दबाव को झेलना नहीं चाहेगा।



> मैं हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा। भारत के साथ रिश्तों को रीसेट करने के लिए तैयार हूं।
> **-डोनाल्ड ट्रंप**

> राष्ट्रपति ट्रंप की भावनाओं और हमारे संबंधों को लेकर उनके विचारों की सराहना करता हूं। भारत-अमेरिका की साझेदारी सकारात्मक और दूरदर्शी है।
> **- नरेंद्र मोदी**



### यूएनजीए: मोदी नहीं जाएंगे अमेरिका, विदेश मंत्री करेंगे संबोधित

इस बीच, एक बड़ी जानकारी सामने आई है। प्रधानमंत्री मोदी संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका जाने वाले थे, लेकिन अब वो इस बैठक में हिस्सा नहीं लेंगे। उनकी जगह विदेश मंत्री एस.जयशंकर इस बैठक में शामिल होंगे। यूएन की बैठक पर संशोधित सूची में यह जानकारी सामने आई है। 9 सितंबर से यूएनजीए की बैठक का 80वां सत्र शुरू होगा। वहीं, 23-29 सितंबर तक यूएनजीए में उच्चस्तरीय बैठक देखने को मिलेगी। इस बैठक की शुरुआत ब्राजील के भाषण से होगी, जिसके बाद अमेरिका यूएन महासभा को संबोधित करेगा। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति 23 सितंबर को भाषण देंगे। वहीं, विदेश मंत्री एस.जयशंकर 27 सितंबर को महासभा को संबोधित करेंगे।

### साझेदारी को खास महत्व

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि 'पीएम मोदी अमेरिका के साथ साझेदारी को खास महत्व देते हैं। ट्रंप के साथ उनके निजी रिश्ते हमेशा अच्छे रहे हैं।' उन्होंने साफ किया कि मौजूदा समय में भारत का फोकस अमेरिका से रणनीतिक जुड़ाव गहरा करना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने भी कहा कि भारत-अमेरिका संबंध लोकतांत्रिक मूल्यों, साझा हितों और दोनों देशों के लोगों के आपसी रिश्तों पर आधारित हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में व्यापार, रणनीतिक सहयोग और वैश्विक साझेदारी के क्षेत्र में यह रिश्ता और गहराएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बीसीसीआई की एजीएम
### 28 को चुने जाएंगे बोर्ड अध्यक्ष, आईपीएल प्रमुख

**मुंबई, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 28 सितंबर को मुंबई स्थित मुख्यालय में होनी है। बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि बैठक का एक एजेंडा चुनाव भी है। बैठक में बोर्ड अध्यक्ष और आईपीएल सहित कई पदों के लिए चुनाव मुख्य एजेंडे में शामिल होंगे। इस महीने की शुरुआत में पूर्व भारतीय क्रिकेटर रोजर बिन्नी के इस्तीफे के बाद से बीसीसीआई अध्यक्ष का पद खाली है। बीसीसीआई के नियम के मुताबिक 70 साल से अधिक का व्यक्ति किसी शीर्ष पद पर नहीं रह सकता है। 1983 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे बिन्नी के इस्तीफे के बाद राजीव शुक्ला कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाल रहे हैं। शुक्ला 2020 के अंत से उपाध्यक्ष हैं और वर्तमान में सबसे वरिष्ठ पदाधिकारी भी हैं। आईपीएल अध्यक्ष धूमल के भी अनिवार्य ब्रेक (कूल-ऑफ पीरियड) पर जाने की संभावना है।

### श्रीनगर: हजरतबल में अशोक चिन्ह पर विवाद

**श्रीनगर,जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर के सबसे पवित्र स्थलों में गिनी जाने वाली हजरतबल दरगाह विवाद का केंद्र बन गई है। ईद-ए-मिलाद की नमाज के बाद भीड़ ने दरगाह परिसर में लगे उद्घाटन शिलापट्ट पर मौजूद अशोक स्तंभ वाले राष्ट्रीय प्रतीक को तोड़ दिया और वक्फ बोर्ड के खिलाफ नारेबाजी की। दरगाह का हाल ही में रेनोवेशन कराया गया था। इसी दौरान वक्फ बोर्ड ने नए शिलापट्ट पर राष्ट्रीय प्रतीक अंकित करवाया था। लोग इकट्ठा हुए और शिलापट्ट पर पथराव कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। बाद में महिलाएं भी विरोध में शामिल हुईं। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने इसे धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ बताया। वहीं सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा, 'मैंने कभी किसी धार्मिक स्थल पर राष्ट्रीय प्रतीक का इस्तेमाल होते नहीं देखा।

**सीएम बोले- धार्मिक स्थलों पर राष्ट्रीय चिन्ह का इस्तेमाल नहीं होता**

### 17500 आपदा पीड़ित किसानों के खाते में भेजे 20 करोड़ रुपए

# केले के तने के रेशे से बनेगा कपड़ा धार में लगेगा कारखाना: सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को अतिवृष्टि और बाढ़ प्रभावित किसानों को बड़ी राहत दी। उन्होंने 11 जिलों के 17 हजार 500 किसानों के बैंक खातों में 20 करोड़ 6 लाख रुपए की मुआवजा राशि सिंगल क्लिक से ट्रांसफर की। राहत राशि वितरण के साथ ही सीएम ने वर्चुअल संवाद कर किसानों से सीधे उनकी समस्याएं और अनुभव सुने।

सीएम ने कहा कि 'किसानों की मुस्कान ही सरकार की ताकत है। बारिश से नुकसान जरूर हुआ है, लेकिन जल्द ही यही बारिश भरपाई भी कर देगी। राज्य सरकार का सबसे बड़ा लक्ष्य किसानों का कल्याण और खुशहाली है।' उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक 188.52 करोड़ रुपए की सहायता राशि प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावितों को दी जा चुकी है। इस अवसर पर उन्होंने अनंत चतुर्दशी और आगामी त्यौहारों की शुभकामनाएं भी दीं।

**किसानों से सीधा संवाद:** मुख्यमंत्री ने सबसे पहले शिवपुरी के बाढ़ प्रभावितों से बात की। उन्होंने ग्रामीण राघवेंद्र और अन्य किसानों से राहत राशि की संतुष्टि के बारे में पूछा और भोपाल आने का निमंत्रण भी दिया। दमोह के किसानों से संवाद में स्थानीय मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह ने कहा कि जब तक धर्मेंद्र सिंह लोधी मंत्री नहीं बने थे तब तक उन्होंने शादी नहीं करने का प्रण लिया था। इस पर सीएम यादव मुस्कराए और बोले- 'आपने यह पहले बताया होता तो शायद मंत्री ही नहीं बनाते।' अशोकनगर में किसानों ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### धार: केले और पपीते की चर्चा

सबसे दिलचस्प संवाद धार के किसानों से हुआ। यहां एक किसान ने बताया कि उनकी 4 बीघा केले की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई, लेकिन सरकार से उन्हें 58 हजार रुपए मुआवजा मिला है। किसान ने बताया कि केले के तनों का उपयोग वे खाद और कीटनाशक बनाने में करते हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने ऐलान किया कि धार जिले में केले के तने के रेशे से कपड़ा बनाने का उद्योग जल्द शुरू होगा। उन्होंने कहा- 'इससे किसानों को आम के आम और गुठलियों के दाम मिलेंगे।'



**राजा मर्डर मिस्ट्री:** राज-सोनम ही मास्टरमाइंड

## 97 दिन की जांच के बाद 790 पेज का चालान पेश

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में शिलॉन्ग पुलिस ने चालान पेश कर दिया है। इस मामले में एसआईटी ने 97 दिनों में जांच पूरी कर जिला कोर्ट में 790 पेज का आरोप पत्र पेश किया है। चालान में राजा की पत्नी सोनम एवं उसके कथित प्रेमी राज कुशवाह को हत्या का मास्टर माइंड बताया है। गौरतलब है कि इसी साल 23 मई को राजा की हत्या मेघालय में कर दी थी। वह अपनी ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### पांच पर हत्या के आरोप

चार्जशीट में सोनम, उसके बॉयफ्रेंड राज कुशवाह, राज के दोस्त- विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी पर हत्या का आरोप है। वहीं शिलोम जेम्स, बलवीर अहिरवार और लोकेंद्र तोमर पर सबूत मिटाने और सोमन एवं अन्य आरोपियों को पनाह देने के आरोप हैं।

इस केस में अभी तक शिलॉन्ग पुलिस ने कोई जानकारी नहीं दी। सोशल मीडिया से इसकी जानकारी लगी है।
▸▸ **राजेश दंडोतिया**, एडिशनल डीसीपी क्राइम, इंदौर

### सतना में सांप के काटने से दो बहनों की मौत

**जागरण, सतना।** सतना के नागौद थाना अंतर्गत ग्राम खम्हारिया खुर्द छिंदा में सर्पदंश की दो अलग-अलग घटनाओं ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। सांप के काटने से एक ही परिवार की दो सगी बहनों की 24 घंटे के भीतर मौत हो गई। जमीदार साहू की 10 साल की बेटी सपना को सोते समय जहरीले सांप ने डस लिया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिवार एक बेटी की मौत के सदमे से उबरा नहीं था कि अगले ही दिन फिर रात को सपना की बड़ी बहन निशा (17 वर्ष) को सांप ने डस लिया। उसे भी नहीं बचाया जा सका।

इस हृदय विदारक घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और हर ग्रामीण की आंख नम है। जनपद सदस्य गौरव सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। दोनों बहनों का जिला अस्पताल में शनिवार को पीएम किया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में तत्काल सांप-रोधी उपाय किए जाएं।

### भिंड कलेक्टर ने रेत से भरे तीन ओवरलोड ट्रैक्टर किये जब्त



**जागरण, भिंड।** कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने भिंड में बिना रॉयल्टी के रेत से भरे तीन ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े हैं। शनिवार को कलेक्टर को खबर मिली कि रेत माफियाओं ने बिना रॉयल्टी के तीन ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में छिपाकर खड़े कर रखे हैं। सूचना मिलते ही कलेक्टर तत्काल मौके पर पहुंचे और तीनों ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर नई तहसील परिसर में खड़े करा दिए। 27 सितंबर को कलेक्टर श्रीवास्तव और विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह के बीच खाद वितरण को लेकर हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ था। बहस के दौरान कलेक्टर ने दो टूक कहा था कि चोरी की रेत अब नहीं चलेगी। उसी विवाद के बाद से रेत माफियाओं की गतिविधियां तेज हो गई थीं।

## काल भैरव मंदिर का होगा कायाकल्प

### फेसिलिटी सेंटर मल्टीलेवल पार्किंग, गार्डन सहित होंगे कई कार्य
### डीपीआर तैयार, विकास कार्यों पर खर्च किये जाएंगे 163 करोड़ रुपए

**जागरण, उज्जैन।** बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में महाकाल मंदिर के बाद अब काल भैरव मंदिर का नया स्वरूप देखने को मिलेगा। यहां पर होल्डअप एरिया, मल्टी लेवल पार्किंग, श्रद्धालुओं के लिए रुकने की व्यवस्था, फेसिलिटी सेंटर पार्क, मूर्तियां और फाउंटेन बनाए जाएंगे। मालूम हो कि बाबा महाकाल मंदिर में रोजाना करीब 2 लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। महाकाल दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु काल भैरव मंदिर भी पहुंचते हैं। ऐसे में काल भैरव मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा देने के लिए 163 करोड़ रुपए खर्च कर इसका कायाकल्प करने की तैयारी है, जिसके लिये डीपीआर तैयार हो चुकी है। जल्द ही भोपाल में होने वाली बैठक में इसे मंजूरी मिलने की संभावना है। काल भैरव मंदिर में प्रवेश के लिए 3 अलग-अलग गेट बनेंगे। एक गेट से वीआईपी एंट्री, दूसरे से जनरल और तीसरे गेट से स्पेशल एंट्री दी जाएगी। काल भैरव मंदिर में प्रवेश के लिए तीन अलग-अलग गेट बनेंगे। एक गेट से वीआईपी एंट्री, दूसरे से जनरल और तीसरे गेट से स्पेशल एंट्री दी जाएगी। कलेक्टर रोशन सिंह ने बताया कि मंदिर में जनरल एंट्री, वीआईपी एंट्री और स्पेशल एंट्री के लिए अलग अलग प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। इसके साथ ही मंदिर के लिए एक नई अप्रोच रोड भी प्रस्तावित की है। आने वाले सिंहस्थ के लिए क्राउड मैनेजमेंट का ध्यान रखते हुए कार्य किए जाएंगे। मंदिर में फाउंटेन पार्क और बड़ी मूर्ति भी लगाई जाएगी।



**काल भैरव मंदिर में ये काम होंगे**

| काम | लागत |
|---|---|
| कॉम्प्लेक्स निर्माण | 55 करोड़ |
| 2 मल्टी लेवल पार्किंग | 49 करोड़ |
| इलेक्ट्रिकल और मैकनिकल कार्य | 51 करोड़ |
| अन्य कार्य | 08 करोड़ |
| कुल लागत | 163 करोड़ |

# दस हजार विद्यार्थियों ने छोड़ दी पढ़ाई स्कूलों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा होंगे नाम

### चार माह बाद राज्य शिक्षा केंद्र के सामने आए चौंकने वाले आंकड़े

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश में पहली से आठवीं तक के दस हजार विद्यार्थियों ने पढ़ाई पूरी तरह छोड़ दी है। ऐसे विद्यार्थियों के नाम स्कूलों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किए जाएंगे। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। साल 2024-25 में प्रदेश के स्कूलों में पहली से बारहवीं तक के एक करोड़ 50 लाख 32 हजार 810 विद्यार्थियों का पंजीयन हुआ था। यह आंकड़ा सरकारी और निजी स्कूल मिलाकर है। नवीन सत्र 2025-26 की शुरुआत एक अप्रैल से हो गई है। चार माह की कक्षाओं का डाटा राच्य शिक्षा केंद्र के सामने आया है, जो काफी चौंकाने वाला है। विभाग के आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश के निजी और सरकारी में से नौ हजार 884 बच्चों ने स्कूल आना पूरी तरह बंद कर दिया है। इसमें सरकारी स्कूलों में प्रवेशरत विद्यार्थियों की संख्या छह हजार 484 है। प्रदेश के सभी जिलों में भोपाल नामांकन में सबसे पीछे 50वें नंबर पर है। जबकि आरटीई में प्रवेशरत विद्यार्थी पढ़ाई छोड़ता है, तो उसे मुख्य धारा में जोड़ने की जिम्मेदारी विभाग की होती है। विभाग ने इस बार स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ड्रापआउट विद्यार्थी को शासन की योजनाओं का लाभ देना है। इसमें उसे निःशुल्क किताबें, गणवेश, छात्रवृत्ति मिलती है। स्कूल के शिक्षक ड्राप आउट विद्यार्थी की सूची जनशिक्षा केंद्र के जनशिक्षक को उपलब्ध कराएंगे। साथ ही स्कूल के नोटिस बोर्ड पर ड्राप आउट विद्यार्थी की प्रमाणिक सूची चस्पा करेंगे।



फाइल फोटो

### पढ़ाई की नहीं होती कोई बात

स्कूल शिक्षा विभाग की विडंबना है कि एक अप्रैल को स्कूल चलें हम अभियान की शुरुआत के बाद पढ़ाई पर कोई बात नहीं हुई। विभाग ने साइकिल वितरण, ड्रेस वितरण, पाठ्यपुस्तक वितरण, लैपटाप वितरण जैसे बड़े कार्यक्रम भी आयोजित कर लिए, लेकिन पढ़ाई (आकादमिक) को लेकर अभी तक कोई अभियान नहीं चलाया। यहां तक अफसरों ने स्कूलों का जायजा लेने के लिए कोई निरीक्षण तक अभी तक नहीं किया है। इससे मैदानी स्तर पर हालात यह कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों की पचास फीसदी से ज्यादा उपस्थिति नहीं रहती और कई स्कूलों से शिक्षक ही गायत रहते हैं।

### भोपाल में 349 विद्यार्थियों ने छोड़ी पढ़ाई

आंकड़ों के अनुसार भोपाल की स्थिति काफी चिंताजनक है। प्रदेश में पहली से आठवीं तक के सरकारी और निजी स्कूलों की संख्या 2811 है। वर्ष 2025-26 में पांच लाख 96 हजार 16 बच्चों का नामांकन हुआ था। इस वर्ष ड्राप आउट की स्थिति में भोपाल की रैंकिंग सभी जिलों में 50वें नंबर पर है। भोपाल जिले में पिछले साल की संख्या के अनुसार इस बार कुल 349 विद्यार्थियों ने पूरी तरह पढ़ाई छोड़ दी है। सरकारी स्कूलों में इनकी संख्या 128 है।

**सीएसई रिपोर्ट** प्रदेश की 19 नदियां गंभीर प्रदूषण की चपेट में, कान्ह सबसे प्रदूषित

# करोड़ों खर्च, फिर भी दम तोड़ रहीं नदियां

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** देश की नदियों को प्रदूषणमुक्त बनाने के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च हो रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि मध्यप्रदेश की नदियों की हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) की ताजा रिपोर्ट बताती है कि राज्य की 19 नदियां गंभीर प्रदूषण की चपेट में हैं। इनमें कान्ह सबसे प्रदूषित नदी पाई गई है, जबकि नर्मदा जैसी जीवनरेखा भी संकट में है।

नमामि गंगे और राष्ट्रीय नदी संरक्षण जैसी योजनाओं को सरकार ने फ्लैगशिप कार्यक्रम घोषित किया है। इसके लिए बजट भी आवंटित होता है, लेकिन जमीनी नतीजे बेहद निराशाजनक हैं। अधिकारियों की लापरवाही और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण स्थिति सुधरने के बजाय बिगड़ती जा रही है। नर्मदा के अलावा माही, ताप्ती, काली सिंध, चंबल, पार्वती, केन, बेतवा और सोन जैसी नदियों का पानी भी दूषित होता जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि इनमें से कई नदियों का पानी न आचमन योग्य है और न पीने लायक। रिपोर्ट के अनुसार, मध्यप्रदेश जल प्रदूषण के मामले में महाराष्ट्र के बाद देश का दूसरा सबसे प्रभावित राज्य है। प्रदेश की 200 से अधिक नदियों में से करीब 40 नदियां अस्तित्व संकट से जूझ रही हैं। इनमें 19 नदियां ऐसी हैं, जिनका पानी आचमन करने लायक नहीं है। इनमें 5 बड़ी और प्रमुख नदियां शामिल हैं। नदियों के पानी की गुणवत्ता बीओडी (बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड) से मापी जाती है। पीने के पानी में बीओडी का स्तर 2 से अधिक नहीं होना चाहिए, जबकि कई नदियों में यह ■ शेष पृष्ठ 7 पर



**वजहें: सीवेज और अवैध खनन**

नदियों के प्रदूषण की सबसे बड़ी वजह शहरी और ग्रामीण सीवेज का बिना शुद्धिकरण के सीधे नदियों में बहना है। इसके अलावा मानव और पशु शवों का प्रवाह, कृषि में इस्तेमाल हो रहे रसायन, और अवैध खनन ने नदियों के संतुलन को बिगाड़ दिया है।

### श्रेणियों में बंटी नदियां

- **ए श्रेणी:** बेतवा, चंबल, खान, वैनगंगा- आचमन व पीने योग्य।
- **बी श्रेणी:** क्षिप्रा- आचमन योग्य, पर पीने लायक नहीं।
- **सी श्रेणी:** देनवा, कोलार- नहाने योग्य, पीने योग्य नहीं।
- **डी श्रेणी:** नर्मदा, कलियासोत- सिर्फ जंगली जानवरों के लिए उपयुक्त।
- **ई श्रेणी:** ताप्ती, पार्वती, शिवना समेत 10 से अधिक- केवल सिंचाई के लिए उपयुक्त।

# छठीं बार लघु भारत दौड़ेगा सतना हाफ मैराथन में

## शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, प्रतिमा बागरी एवं योगेश ताम्रकार करेंगे कार्यक्रम का शुभारंभ

**जागरण, सतना।** डॉ राकेश मिश्र अध्यक्ष पं गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित सतना हाफमैराथन षष्ठम संस्करण 7 सितंबर को प्रातः 6 बजे शासकीय उत्कृष्ट वेंकट क्रमांक एक के खेल परिसर धवारी में आयोजित किया गया है। उद्घाटन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि मध्य प्रदेश शासन की राज्य मंत्री प्रतिमा बागरीए महापौर योगेश ताम्रकार डॉ भरत मिश्र कुलपति ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट एवं उत्तर प्रदेश के कई मंत्री शिरकत करेंगे। हाफ मैराथन को सफ्ल बनाने के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के द्वारा व्यवस्थाओं को चाक चौबंद कर लिया है। अपर कलेक्टर विकास सिंह, राहुल सिलाडिया, नगर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह चौहान, यातायात इंचार्ज संजय खरे, यातायात टी आई पंकज शुक्ला, महापौर योगेश ताम्रकार एवं डॉ राकेश



मिश्र, राजीव व्यास ने सतना हाफ मैराथन के रूट किया निरीक्षण गया।

**डॉ राकेश मिश्र ने सतना को दिलाया राष्ट्रीय स्तर पर पहचानः योगेश ताम्रकार :** महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि डॉण् राकेश मिश्र ने हमारे सतना जिले वासियों के सहयोग से सतना हाफ मैराथन प्रतियोगिता को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का कार्य किया है। डा राकेश मिश्र के द्वारा विगत दशकों से स्वास्थ्यए पर्यावरण संरक्षणए शिक्षाए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से समाज सेवा में नई ऊंचाइयां प्राप्त की हैं।

### धावकों को वितरित की गई किट

सेवा न्यास कार्यकर्ता राजीव व्यास ने बताया है कि 21 किलोमीटरए 10 किलोमीटर एवं 5 किलोमीटर दौड़ में शामिल होने वाले धावको को किया जा रहा है किट वितरण का कार्य शुरू हो गया है। बाहर से आने वाले धावकों का आना लगा हुआ है उनके आवास भोजन की निः शुल्क व्यवस्था न्यास की ओर से की गई है। राजीव व्यास ने आगे बताया कि जो भी प्रतिभागी अपना सतना हाथ मैराथन में शामिल होने के लिए पंजीयन करवाया है वे लोग रजिस्टर मोबाइल नंबर पर भेजे गए मैसेज को लेकर आए और अपनी किट प्राप्त कर लें।

# रास्ता रोककर आधा दर्जन लोगों ने युवक के साथ की मारपीट, लूटपाट का आरोप

**छतरपुर।** शहर के सटई रोड पर सोमवारी बाजार के पास शुक्रवार की दोपहर एक व्यक्ति के साथ आधा दर्जन लोगों ने मारपीट कर दी। पीड़ित ने हमलावरों पर लूटपाट के भी आरोप लगाए हैं। घटना के बाद घायल युवक को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। हमले का कारण युवक का जमीनी विवाद बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक दोपहर करीब 1 बजे सटई निवासी नारायणदास पटेल, सटई से छतरपुर आ रहे थे। इसी दौरान जब वे सटई रोड पर सोमवारी बाजार के पास पहुंचे, तभी आधा दर्जन लोगों ने उनकी गाड़ी रोककर उन पर हमला कर दिया। नारायणदास के मुताबिक हमलावरों ने पहले उसके साथ जमकर मारपीट की और बाद में सोने की चेन व पैसे छीनकर भाग गए। घायल नारायणदास ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी जिसके बाद, परिजनों ने उन्हें छतरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। नारायणदास ने बताया कि कुछ लोगों के साथ उनका जमीनी विवाद चल रहा है, जिसके चलते यह हमला किया गया है।

## ट्रक के नीचे सो रहे चालक की बाल-बाल बची जान



**छतरपुर।** शहर के महोबा रोड पर एक ट्रक ड्राइवर, हाईवे पर ट्रक के नीचे सो रहा था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दरअसल सोते वक्त ड्राइवर का आधा शरीर हाईवे पर आ गया था और बगल से वाहन निकल रहे थे। राहगीरों ने जब यह नजारा देखा तो तुरंत चालक को जगाकर संभावित हादसे को टाल दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक महोबा रोड पर ब्रिज के पास ट्रक क्रमांक एमपी 20 एचबी 6309 का चालक गोविंद कुशवाहा अपने ट्रक के नीचे सो रहा था, इसी दौरान उसका आधा शरीर हाईवे पर आ गया, जहां से तेज रफ्तार वाहन गुजर रहे थे। कुछ राहगीरों ने जब इस जोखिम भरे दृश्य को देखा तो समझदारी दिखाते हुए उसे जगाया। चालक गोविंद कुशवाहा ने बताया कि अधिक थकावट के कारण वह अपने ट्रक के नीचे सो गया था। वहीं राहगीरों ने उसे इस तरह की लापरवाही न करने का समझाइश दी।

# श्रावणी विश्वास के सितार वादन से ग्रामोदय में श्रोता मंत्र मुग्ध हुए

**जागरण, सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में स्पीक मैके नई दिल्ली द्वारा आयोजित एक भव्य संगीत कार्यक्रम हुआ जिसमें प्रसिद्ध सितार वादक श्रावणी विश्वास ए बनारस ने आकर्षक सितार वादन कर अपनी अद्भुत संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस विशेष यादगार कार्यक्रम से दर्शकों को संगीत की दुनिया में एक अद्भुत यात्रा पर जाने का अवसर मिला। इस मौके पर कलाकारों ने अद्भुत संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में विभिन्न रागों पर आधारित प्रस्तुतियां दी गईंए जिन्होंने दर्शकों को संगीत की विविधता का अनुभव कराया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने स्पीक मैके द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इससे शास्त्रीय संगीत को प्रोत्साहन मिलेगा।




प्रो मिश्रा ने भारतीय ज्ञान परंपरा एवं संस्कृति उत्थान की दिशा में ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे सतत प्रयास की जानकारी दी। प्रसिद्ध सितार वादक श्रावणी विश्वास बनारस के सितार वादन में राग शुद्ध सारंग पर आधारित तीन गतों की प्रस्तुति, जिसमें मध्यालय, एकताल और तीनताल शामिल थे। भजन शघुपति राघव राजा राम की भावपूर्ण प्रस्तुति रही। राग यमन पर आधारित फिल्मी गीतों की प्रस्तुति जिसमें जब दीप जले आना ष्लाल इश्क और नाम गुम हो जाएगा शामिल थे। विभिन्न रागों पर आधारित फिल्मी गीतों की प्रस्तुति जिसमें जाने कहाँ गये वो दिन और मेरे ढोलना सुन शामिल थे। धुन शिव कैलाशो के वासी और राग देस मांड बिलावल पर आधारित प्रस्तुति हुई। तबला वादक के रूप में ज्ञान स्वरूप मुखर्जी और यश सोनकर ने प्रस्तुति दी। ज्ञापन डॉ विवेक फड़नीस कार्यक्रम संयोजकए संगीत इकाई ने किया। इस अवसर ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षक कर्मचारी और छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।

# गणेश प्रतिमा विजर्सन के दौरान सोन नदी में डूबा भृत्य

## सोन नदी के देवघटा शिव मंदिर के समीप हुई घटना

**जागरण, सीधी।** गणेश प्रतिमा के विसर्जन के लिये गये एक भृत्य की सोन नदी के देवघटा शिव मंदिर के समीप गहरे पानी में डूबने से आज शाम जल समाधि बन गई। हादसे की खबर पाते ही एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और डूबे हुये भृत्य की सर्चिंग का काम शुरू किया गया लेकिन अंधेरा हो जाने के कारण सर्चिंग का काम बंद कर दिया गया। रविवार की सुबह से एसडीईआरएफ की टीम डूबे हुये भृत्य की सर्चिंग का काम शुरू करेगी।

तत्संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत सोन नदी के देवघटा शिव मंदिर के पीछे स्थित घाट में आज शाम करीब 5 बजे गणेश प्रतिमा के विसर्जन के लिये खनिज विभाग का आउटसोर्स भृत्य राजेश कोल उम्र 36 वर्ष गया हुआ था। बताया गया है कि प्रतिमा विसर्जन के लिये जब राजेश कोल घाट के सीढ़ी में मौजूद था उसी दौरान उसका अचानक पैर फिसला और वह गहरे पानी में जा समाया। उपस्थित लोग जब तक कुछ कर पाते राजेश कोल पानी के अंदर पूरी तरह से ओझल हो चुका था। आनन-फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर पुलिस एवं राजस्व अमला के साथ कई अधिकारी भी पहुंचे साथ ही एसडीईआरएफ के प्लाटून कमांडर मयंक तिवारी भी अपनी टीम के साथ पहुंचे लेकिन प्रारंभिक सर्चिंग के दौरान डूबे हुये भृत्य का कोई सुराग नहीं मिला।

### इनका कहना है

सोन नदी के देवघटा घाट में आज शाम भृत्य के डूबने की सूचना मिली थी। जिसके बाद वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सर्चिंग का काम कुछ समय तक चला लेकिन अंधेरा हो जाने से सर्चिंग रोक दी गई। रविवार की सुबह से सर्चिंग का काम किया जायेगा।

**मयंक तिवारी, प्लाटून कमांडर एसडीईआरएफ**

# करंट लगने से महिला की दर्दनाक मौत
## मोटर चलाते समय हुआ हादसा

**महाराजपुर।** नगर के जिमींदार मोहल्ले में एक महिला की करंट लगने से दुखद मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब मृतिका घर पर पानी भरने के लिए मोटर चला रही थी। परिजन उसे अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि दोपहर करीब 12 बजे 40 वर्षीय संगीता पत्नी अजय मिश्रा घर पर पानी भरने के लिए मोटर चला रही थीं, तभी उसे जोरदार करंट लग गया। हादसे के बाद परिजनों ने तुरंत उन्हें महाराजपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने उसे छतरपुर जिला अस्पताल भेजा। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने संगीता को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतिका का पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## जनपद अध्यक्ष ने ईद मिलाद उन्नवी कार्यक्रम में की शिरकत



**सतना।** ईद मिलादुन्नबी पैगंबर हज़रत मुहम्मद साहब के जन्मदिन के पावन अवसर पर रामपुर बाघेलान जनपद अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह छोटू ने शिरकत की और भाइयों से गले मिलकर बधाई दी। साथ ही उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्म के लिए एक पवित्र पर्व मना जाता है इस दिन पैगम्बर साहब का जन्म हुआ था यह दिन शांति करूणा और सेवा के मूल्यों को बढ़ावा देता है। इस अवसर पर सलाम भाई पैगंबर साहब की शिक्षाओं को याद करते हैं अल्लाह की इबादत करते हैं।इस अवसर पर जुलूस निकालकर खुशी का इजहार किया। आयोजित कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह के साथ सैकड़ो लोगों ने शिरकत की।



# ईद मिलादुन्नबी में निकाला गया जुलूस

**मुकुन्दपुर ।** मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पुलिस थाना ताला के आधीन पुलिस चौकी मुकुन्दपुर क्षेत्र में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बड़े हर्षोल्लास के साथ डीजे, धमाल रोड लाइट के साथ मरहबा . मरहबा सरकार की आमद मरहबा की सदा से समूचा मुकुन्दपुर गूंज उठा। जुलूस का आगाज शाह मुहल्ला से होता हुआ तकिया दरगाह शहिन्शाहे मध्यप्रदेश हजरत शाहताजुल औलिया मुहिब्बे अली रहमतुल्लाह अलैहे के दरबार में न्याज फातिहा लंगर खानी का एहतमाम तकिया दरगाह के अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन भाई के द्वारा कराया गया। हजारों की तादाद में लोग शामिल रहे। वहीं रास्ते में जगह.जगह तरह .तरह के तबर्रुक का एहतमाम किया गया। थाना प्रभारी ताला एमकेमिश्रा की सतत निगरानी मय दल बल के साथ बनी रही। वहीं नायब तहसीलदार ताला भी अपने कमरे के साथ सतत निगरानी करते रहे साथ ही वीडियो ग्राफी भी होती रही। पुलिस और राजस्व अमला का सराहनीय योगदान रहा।



शहर के उमरी वार्ड क्रमांक 2 मोहल्ले में निवास करने वाले पुष्पेन्द्र कुमार वर्मन के घर में विराजे भगवान गणेश की प्रतिमा का महदेवा नदी में विसर्जन किया गया।

# आशीष अभियान के तहत एनीमिक के साथ किया सहभोज

**जागरण, सतना।** सीवियर अनीमिया के आ रहे मामलों में विशेष ध्यान आकर्षित करते हुए कमिश्नर रीवा संभाग के निर्देशन और महिला बाल विकाश जे डी के आदेश का पालन करते हुए सी डी पी ओ रामपुर बाघेलान स्वेता जुनेजा के मार्गदर्शन में गर्भवती माताओं की जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराई गई जिसमें गंभीर एव माध्यम अनीमिया को चिन्हित किया गया और उनके घर जा कर उनसे मुलाकात कर पोषक तत्त्वों के विषय मे जानकारी दी गई और स्नेह आशीष अभियान के तहत एनीमिक गर्भवती के साथ आयरन तथा विटामिन सी युक्त भोजन के साथ सहभोज करते हुए उन्हें आवश्यक पोशाक आहार को लेकर खून की कमी को पूरा करने जैसे बातों से अवगत कराया गया। स्नेह आशीष अभियान के तहत एनीमिक गर्भवती के घर पहुंच कर रामपुर बाघेलान परियोजना क्षेत्र में परियोजना अधिकारी



स्वेता जुनेजा ने एनीमिक गर्भवती माता के साथ बैठकर सहभोग किया और उन्हें जागरूक किया कि अगर वह इसी तरह का भोजन दैनिक दिनचर्या में डाललें तो यह बड़ी समस्या उन्हें कभी नहीं होगी क्योंकि गर्भावस्था के दौरान खून की कमी होती है और उन्हें अधिक से अधिक पोषक भोजन की आवश्यकता होती है ताकि वो भी स्वास्थ्य रहे और बच्चा भी स्वास्थ्य रहे। इसलिए खान पान पर लापरवाही बिल्कुल न करें। इस अवसर पर पर्यवेक्षक प्रियंका शुक्ला मृदुता चतुर्वेदी ललिता शुक्ला प्रतिभा द्विवेदी सुनीता साहू सावित्री विश्वकर्मा सहित पर्यवेक्षक अपने.अपने सेक्टर में उपस्थिति रही और सहभोज किया।

# जिला कसौधन समाज ने किया शिक्षकों का सम्मान

## जिला कसौधन समाज ने निर्धारित एजेंडे के अनुसार शिक्षकों के निवास पहुंचकर किया सम्मानित

**जागरण, सतना।** प्रथम चरण में उमरी निवासी अशोक प्रताप सिंह शिक्षक भटनवारा व सेवानिवृत शिक्षक राजधर मिशा को माल्यार्पण कर शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। द्वितीय चरण में सहायक शिक्षिका श्रीमती दुर्गा गुप्ता सुप्रिटेंडेंट पिछड़ावर्ग गर्ल्स हॉस्टल सतना को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता, जिला संयोजक शिकेश गुप्ता, जिला सदस्य ज्ञानचंद गुप्ता ने अपने सभी शिक्षकों को सम्मानित करते हुए संगठन की परिपाटी को बनाए रखते हुए हर्ष




व्यक्त किया। गरिमा पूर्ण शिक्षक दिवस के अवसर पर मनोज गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा हमारा संगठन अपने समाजिक दायित्वों को बखूबी निर्वाहन करते हुए सर्व समाज को जोड़ते हुए कार्यक्रम को अमलीजामा पहनाया गया है। शिकेश ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि शिक्षक भविष्य का निर्माता है। सशक्त राष्ट्र निर्माण में शिक्षक का अहम योगदान देता। शिक्षक जब दीप जलता है तब अंधकार के अज्ञान से मानव जीवन में उजाला फैलता है हमारे जीवन की हर सफ्लता के पीछे किसी न किसी गुरू का मार्गदर्शन छिपा होता है। आज हमारी आने वाली पीढ़ी शिक्षा के ही कारण उत्तरोत्तर विकास कर सशक्त रूप से आगे बढ़ते हुए अपना अपने परिवार का समाज का राष्ट्र को विकासशील बनाने में हर क्षेत्र में तत्पर है। इन सब के पीछे शिक्षक का योगदान है। हम और हमारा संगठन विश्व के सभी शिक्षकों को नमन करता है।

### नाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मनीष हिमांशु (MANISH HIMANSHU) पिता श्री रामनाथ सिंह निवासी उत्तरी पतेरी तहसील रघुराजनगर जिला सतना मध्य प्रदेश मेरे पुत्र ASTITVA HIMANSHU के शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम त्रुटिवश ASTITVA HEMANSHU पिता का नाम MANISH HEMANSHU एवं माता का नाम SEEMA SINGH HEMANSHU दर्ज हो गया है जो कि गलत है। जबकि मेरे पुत्र के अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे पुत्र का सही नाम ASTITVA HIMANSHU पिता का नाम MANISH HIMANSHU माता का नाम SEEMA SINGH HIMANSHU दर्ज है जो कि सही है अतः आज दिनांक से मेरे पुत्र के शैक्षणिक दस्तावेजों मे मेरे पुत्र का सही नाम ASTITVA HIMANSHU एवं पिता का नाम MANISH HIMANSHU व माता का नाम SEEMA SINGH HIMANSHU दर्ज किया जाए।


### प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ सचिन सिंह 07 सितंबर रविवार को रीवा में



रीवा-राष्ट्रपति पदक से सम्मानित प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट एंडोस्कोपिक सर्जन डॉ सचिन सिंह MBBS, MS, MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, निर्देशक-लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज, के द्वारा, दिनांक 07 सितंबर 2025 को (प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को) सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक, कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/डाइग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर)- A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की बीमारियां जैसे रीड़ की हड्डी की चोट/दर्द, गर्दन, कमर व घुटने का दर्द, लकवा, सिर का दर्द (माइग्रेन की समस्या), मिर्गी रोग, बेहोसी व चक्कर आना, अंगों में कंपन-झुनझुनी-शून्यता, मांसपेशियों/नसों में कमजोरी, मस्तिष्क ज्वर, ब्रेन हैमरेज, सर्वाइकल स्पोंडलाइटिस, स्नायु रोग, साइटिका, रीड़ की हड्डी की टी.बी., एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी आदि न्यूरो से संबंधित सभी प्रकार के रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ सचिन सिंह लगभग 20000 (बीस हजार) से ज्यादा ब्रेन, सर्वाइकल एवं स्पाइन से संबंधित सर्जरी सफलता पूर्वक कर चुके है, डॉ सचिन को न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की सर्जरी में महारथ हासिल है, डॉ सचिन के द्वारा प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को विगत सात (09) वर्षों से कमाता मेडिकल में मरीजों को OPD परामर्श दिया जा रहा है। क्लीनिक में सोनोग्राफी, इकोकार्डियोग्राफी, TMT, ECG, होल्टर, ABPM, पैथोलॉजी, डिजिटल एक्सरे, यूरोफ्लोमेट्री आदि जांचों की सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा मोबाइल नं 9399312433 में संपर्क करें। -Advt.


# एकेएस के विद्यार्थियों का गेनवेल कमर्शियल्स लिमिटेड में चयन







**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के चार विद्यार्थियों का चयन देश की प्रतिष्ठित कंपनी है गेनवेल कमर्शियल्स प्राइवेट लिमिटेड में ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी पद हेतु किया गया है। इनकी नियुक्ति कंपनी के विश्रामपुर,छत्तीसगढ़ अंडरग्राउंड कोल माइनिंग प्रोजेक्ट्स में हुई है। चयनित विद्यार्थियों में अंकित शर्मा एबीटेक,माइनिंग, नवीन पाण्डेय,बी.टेक,माइनिंग, धनराज कुशवाहा, बीटेक मैकेनिकल,रोहित प्रजापति, डिप्लोमा मैकेनिकल शामिल हैं। यह सफ्लता एकेएस विश्वविद्यालय की विविधता और बहुआयामी शैक्षणिक वातावरण को दर्शाती है जहाँ विभिन्न स्ट्रीम्स के विद्यार्थी लगातार उद्योग जगत में अपनी पहचान बना रहे हैं। इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग को जाता है जिसके नेतृत्व में प्लेसमेंट अधिकारी बालेंद्र विश्वकर्मा विद्यार्थियों को न सिर्फतकनीकी कौशल बल्कि व्यक्तित्व विकास और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण भी प्रदान करते हैं। उनकी अथक मेहनत और प्रयासों के परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट रेट निरंतर बढ़ रहा है और छात्र प्रतिष्ठित कंपनियों में चयनित हो रहे हैं।

## नव ज्योति विद्या मंदिर अबेर में रिटायर्ड शिक्षकों का सम्मान



**जागरण, कोटर।** सतना जिले के कोटर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत अबेर में संचालित नव ज्योति विद्या मंदिर के संचालक रवि कुमार कुशवाहा ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस 5 सितंबर को रिटायर्ड शिक्षकों का डायरी और कलम देकर सम्मानित किए। रिटायर्ड शिक्षकों ने सम्मान पाकर अपने आपको गौरवान्वित महसूस किया।साथ ही शिक्षकों ने डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी और शिक्षा, छात्र और शिक्षक के बीच संबंधों की चर्चा करते हुए कार्यक्रम के संचालक रवि कुमार कुशवाहा को बधाई दी।सम्मान पाने वाले शिक्षकों में विशंभरनाथ द्विवेदी, रामानंद सिंह, कौशल प्रसाद गुप्ता ,राम निहोर वर्मा ,गोकुल सिंह ,छोटेलाल सिंह साथ ही सम्मान समारोह में अमन कुशवाहा, रवि गुप्ता, रामबहोर प्रजापति, प्रियम सिंह, चक्रधर सिंह, श्रीधर सिंह, पिंटू सिंह उपस्थित रहे।

# हादसे के 9 दिन बाद जिंदगी की जंग हार गए कौशलेंन्द्र

## सांसद गणेश सिंह के थे निज सचिव, दिल्ली एम्स में चल रहा था इलाज

**जागरण, सतना ।** लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी सांसद गणेश सिंह के लंबे समय से निजी सचिव रहे कौशलेन्द्र सिंह रिंकू ने शनिवार को दिल्ली के सफ्दरजंग एम्स अस्पताल में अंतिम सांस ली। मात्र 30 वर्षीय कौशलेन्द्र 28 अगस्त की रात सतना जिले के माधवगढ़ क्षेत्र में बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान शुक्रवार रात उनकी हालत अचानक बिगड़ गई जहां डॉक्टरों की पूरी कोशिशों के बावजूद उन्हें बचा नहीं सकें। कौशलेन्द्र सिंह रिंकू सांसद गणेश सिंह के करीबी सहयोगी थे और कई वर्षों से उनके साथ जुड़े हुए थे। हादसे के तुरंत बाद उन्हें स्थानीय स्तर पर रीवा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी हालत गंभीर होने पर सांसद गणेश सिंह ने दो दिनों बाद एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था



कर उन्हें दिल्ली के प्रतिष्ठित सफ्दरजंग एम्स अस्पताल में एयर लिफ्ट किया था। यहां एक सप्ताह तक चले कठिन इलाज और सर्जरी के बाद उनकी स्थिति में कुछ सुधार के संकेत दिखाई देने लगे थे। लेकिन शुक्रवार रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने हाई.लेवल उपचार शुरू कियाए जो अंततः विफ्ल रहा और रिंकू जिंदगी जंग हार दुनिया को अलविदा कर दिया।

**घर में चार साल के मासूम व गर्भवती पत्नी :** कौशलेंद के परिवार के लिए यह दुखद क्षण और भी कष्टदायक है। कौशलेन्द्र के एक चार वर्षीय मासूम बेटा है जबकि उनकी पत्नी गर्भवती हैं। पति के निधन की खबर से उनका बुरा हाल है। रो.रोकर उनका रोना थम नहीं रहा और अंतिम दर्शन के इंतजार में उनकी आंखें पथरा गई हैं। पूरा परिवार शोक की चादर में लिपटा हुआ है।

**सांसद गणेश सिंह ने गहन शोक व्यक्त करते हुए कहा :** लगातार कौंशलेंद्र का उपचार सांसद अपनी देखरेख में करा रहे थे। अस्पताल में भी उनकी मौजूदगी रही और जब हालत बिगड़ी तो डॉक्टरों ने सांसद श्री सिंह को सूचित किया और सर्जरी की जानकारी दी। उपाचर हुआ लेकिन सफ्लता नहीं मिली और भारी प्रयास के बाद इस बड़ी अनहोनी को टाला नहीं जा सका। सांसद गणेश सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि कौशलेन्द्र का जाना मेरी निजी क्षति है। उनकी कमी की भरपाई कभी नहीं हो सकती। वे मेरे विश्वसनीय सहयोगी थे और उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस दर्द को सहने की शक्ति दें। सांसद ने मृतक के परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।

**आज 11 बजे चोरमारी में होगा अंतिम संस्कार :** कौशलेन्द्र सिंह रिंकू का पार्थिव शरीर दिल्ली से अल सुबह रविवार को 6 बजे सतना लाया जाएगा जहां उनके अंतिम दर्शन के लिए कुछ देर पार्थिव शरीर को रखा जाएगा उसके बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। कौशलेंद्र मूल रुप से रामपुर बाघेलान के चोरमारी गांव के निवासी है और वहीं उनका अंतिम संस्कार सुबह 11 बजे गांव परिवार के बीच किया जाएगा। राजनीतिक और सामाजिक हलकों में उनके निधन पर शोक की लहर दौड़ गई है। कई नेता और कार्यकर्ता परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। शोक जताने वालों में सांसद गणेश सिंह राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल सांसद प्रतिनिधि उमेश प्रताप सिंह, कुर्मी क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष डॉ दुर्योधन सिंह,जिपं सदस्य ज्ञानेंद्र सिंह विक्रम सिंह सहित तमाम सामजसेवी व जनप्रतिनिधियों ने अपनी संवेदना व्यक्त की है।

## आदर्श उच्च मा. वि. में हुआ कन्या पूजन



**सतना।** नगर परिषद रामपुर बघेलान में संचालित आदर्श उच्च मा वि रामपुर बघेलान में विराजे विघ्नहर्ता भगवान गजानन महाराज की पूजा अर्चना के बाद कन्या पूजन का कार्य शुरू हुआ जिसमे विद्यालय की कन्याओं को भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रामचरित सिंह, माया, रामबली सिंह, जयवीर सिंह, दीपा सिंह, आशिकी तिवारी, वीना सिंह, साधना धनवार, अन्नपूर्णा सिंह, पलक सिंह, मीना सिंह, रेवालाल उईके आदि भक्त गण उपस्थित रहे और प्रसाद ग्रहण किया।


## राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल
कक्षा VI और कक्षा IX में प्रवेश के लिए आवेदन
(शैक्षणिक सत्र 2026-27)

कक्षा VI और कक्षा IX में छात्र और छात्राओं के प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल (आरएमएस) चौल (हिमाचल प्रदेश), अजमेर (राजस्थान), बेलगाम (कर्नाटक), बेंगलुरु (कर्नाटक) और धौलपुर (राजस्थान) में स्थित हैं। ऑनलाइन आवेदन पत्र और आवेदन शुल्क का भुगतान 10 सितम्बर 2025 (10:00 AM) से 09 अक्टूबर 2025 (8:00 PM) तक **https://apply-delhi.nielit.gov.in/** पर उपलब्ध होंगे। e-प्रवेशिका, विस्तृत अधिसूचना और ओएमआर आधारित कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) की परीक्षा तिथि भी इसी वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

# गणेश प्रतिमाओं का विसर्जनः चहुंओर गूंजे जयकारे

जागरण विसर्जन

## देर रात तक निकली गणेश प्रतिमाओं की विसर्जन यात्रा

### जलाशयों एवं नदियों के तटों पर पुलिस की रही चौकसी

जागरण, सीधी



जिले भर में आज अतंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन गणपति बप्पा मोर्या, अगले बरस तू जल्दी आना के जयघोष के साथ किया गया। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम के साथ गणेश प्रतिमाओं की विसर्जन यात्रा निकाली गई। इस दौरान शामिल युवा श्रद्धालु एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाते हुए घंटो डीजे की धुन देवा ओ देवा गणपति देवा, तुमसे बढ़कर कौन पर थिरकते रहे। इससे पूर्व स्थापित की गई गणेश प्रतिमाओं की वैदिक मंत्रोचार के बीच श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। शहर में सुबह करीब 11 बजे से गणेश प्रतिमाओं की विसर्जन यात्रा शुरू हो गई थी जो देर रात तक चलती रही। बाजार क्षेत्र में सोनांचल बस स्टैण्ड, पुरानी गल्ला मंडी गांधी चौक पार्किंग स्टैंड, सर्राफा बाजार, पटेलपुल, गोपालदास मार्ग, स्टेडियम मार्ग, करौदिया उत्तर, पड़ैनिया, पुरानी सीधी मड़रिया, कलेक्ट्रेट चौक के समीप पुलिस लाइन क्षेत्र आदि में स्थपित की गई गणेश प्रतिमाओं का 10 दिन बाद विसर्जन किया गया। शहर में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन यात्रा के दौरान भक्तगण पूरी तरह से ढोल, नगाड़ो एवं डीजे में बज रहे भक्ति गीतों पर जमकर डांस किया। अनंत चर्तुदशी पर आज गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान कई भक्त काफी भावुक भी नजर आए। गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला रामपुर नैकिन, बघवार, चुरहट, अमिलिया, सिहावल, बहरी, मझौली, मड़वास, कुसमी, खड्डी, सेमरिया, भुईमाड़, मोहनिया, बड़खरा अंचल से भी सुबह भक्तों के हुजूम के साथ चलता रहा। 10 दिनों तक गणपति की आराधना में लीन रहे कुछ भक्तों में मायूशी भी नजर आई। फिर भी अगले बरस जू जल्दी आ के नारे लगते रहे। गणपति विसर्जन के दौरान काफी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे भी शामिल रहे।

### 10 दिन गणपति की आराधना में लीन रहे भक्त

भक्तों का कहना था कि गणेश प्रतिमाओं की स्थापना कर 10 दिनों तक उनकी आराधना में वक्त गुजरा। अब गणपति प्रतिमाओं से बिछड़ने का समय आने पर काफी मायूसी हो रही है। बताते चले कि गणेश प्रतिमाओं की स्थापना शहरी क्षेत्र के साथ अब कस्बाई एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी होती है। भक्तगण गणेश प्रतिमाओं की स्थापना काफी आस्था के साथ करते हैं। उनकी दिनचर्या में दिन-रात गणेश जी की भक्ति शामिल रहती है।

### नपा के कुंड में प्रवाहित की गई प्रतिमाएं



सुरक्षा के लिहाज से शहर के उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्था नगर पालिका परिषद सीधी द्वारा इस बार भी की गई थी। मैदान में पानी से भरा अस्थाई कुंड बनाया गया था। जिसमें गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने आकर किया।

### नदी तटों पर थे सुरक्षा के इंतजाम

वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित की गई गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन समीपी पवित्र नदियों एवं जलाशयों में किया गया। गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के चलते पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। शहरी क्षेत्र में पुलिस की गस्त सुबह से ही चल रही थी। जिससे गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए निकलने वाली यात्रा में किसी तरह की असुविधा का सामना श्रद्धालुओं को न करना पड़े।

# मझौली में गणेश प्रतिमाओं का पुलिस चौकसी में हुआ विसर्जन



## कठबगला घाट, छुही महान नदी, मझौली महान नदी में प्रवाहित हुई गणेश प्रतिमा

**जागरण, मझौली।** जिले के साथ मझौली क्षेत्र में भी भक्तगण गणेश प्रतिमा स्थापित कर भक्ति भावना से गणेश उत्सव का पर्व दस दिनो तक हर्षोल्लास पूर्वक मनाते हुए विगत दिनों भंडारा आयोजित कर आज 6 सितम्बर को पुलिस चौकसी में कठबगला घाट, छुही महान नदी, मझौली महान नदी आदि के साथ क्षेत्र के अन्य छोटी नदियों व बांधों में प्रवाहित किए। उक्त चिन्हित घाटों पर राजस्व विभाग, जनपद के साथ अन्य विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिन्होंने सुबह से ढलती शाम तक विसर्जित स्थलों में उपस्थित रहकर अपनी ड्यूटी निभाते देखे गए।

# न्यूज कार्नर

## डॉ. अजय मिश्रा को किया गया सम्मानित



**जागरण, सीधी।** मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस जिला इकाई सीधी के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष कृपा शंकर मिश्र के नेतृत्व में 4 सितंबर 2025 को लोकसभा क्षेत्र सीधी, सिंगरौली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के ज्येष्ठ पुत्र वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. अजय मिश्रा को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा का कार्य परिषद सदस्य बनाए जाने एवं भारत स्काउट एवं गाइड मध्य प्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सांसद निवास सीधी में गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना प्रभु से करते हुए शिक्षा एवं शिक्षक से जुड़े कई अहम मुद्दों पर सार्थक चर्चा की गयी। इस अवसर पर संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक द्विवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष सिहावल हरीश कुमार पाण्डेय, मार्गदर्शक एवं संयोजक धीरेन्द्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## छात्रों का राज्य स्तरीय जूडो खेल प्रतियोगिता में चयन



**जागरण, सीधी।** गांधी विद्यालय के बच्चों का सतना जिले में जूडो सम्भाग खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, सिसमें विद्यालय के कई खिलाड़ियों ने जूडो में अच्छा प्रदर्शन करते हुए विजेता हुई थी और इनका चयन राज्य स्तरीय शालेय जूडो खेल प्रतियोता में इन बच्चों का हुआ चयन मिनी बालिका मे आयुषी मिश्रा आदित्री सिंह रेसू सिंह अंशिका मिश्रा मेह्नाज फातमा आराध्या सिंह मिनी बालक रौनक सिंह अंश वर्मा अता अशरफदिव्यांश राय जूनियर बालिका काजल पटेल आस्था त्रिपाठी सुभी सिंह तोमर जूनियर बालक आदित्य राज सिंह अनिकेत शुक्ला भरत सिंह इन सभी खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में चयन किया गया। इसका अयोजन गुना जिले में दिनांक 8 सितम्बर से 11 सितम्बर तक किया जाएगा। इन सभी खिलाड़ियों को विद्यालय के प्रबंधक फादर थॉमस थेलेकट प्राचार्या सिस्टर स्मिताए वाईस प्राचार्या सिस्टर ज्योतिए माननीय जिला शिक्षा अधिकारीए क्रीड़ा प्रभारी हरिशंकर पांडेए मोहम्मद अशरफआर बी सिंह रोशन जायसवाल और गाँधी विद्यालय के पीण्टीण्आईण् मो0 मामून अन्सारीए पीण्टीण् आईण्हेलेन तिर्की एवं विद्यालय के समस्त परिवार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

## उर्वरक की आपूर्ति लगातार जारीः उपसंचालक कृषि

**जागरण, सीधी।** उपसंचालक कृषि ने जानकारी देकर बताया कि जिले में किसानों हेतु उर्वरक (यूरिया) की आपूर्ति लगातार जारी है। जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा आवश्यकतानुसार पर्याप्त मात्रा में यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। रविवार को छोड़कर प्रत्येक दिन उर्वरक वितरण जारी रहेगा। आज डबल लॉक केंद्र सीधी, अमिलिया, हड़बड़ो, कुठ समितियों एवं निजी विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को उर्वरक का वितरण किया जा रहा है। जिले को इफको से लक्ष्मी ट्रेडर्स हिनोती को 60 एमटी, निखिल ट्रेडर्स भदुरा 25.8 एमटी , डबललॉक सीधी 90 एमटी, चुरहट 100 एमटी, अमिलिया 75 एमटी एवं हड़बड़ो को 54 एमटी, कुड़िया, चुरहट व बड़ाटीकट समिति को 27-27 एमटी तथा एन एफएल से डबललॉक अमिलिया व चुरहट को 50-50 एमटी यूरिया प्राप्त हुई है। उप संचालक कृषि ने किसानों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की चिंता न करें तथा घबराहट में अतिरिक्त यूरिया एक साथ न खरीदें। सभी कृषकों को उनकी आवश्यकता अनुसार यूरिया उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही, वैकल्पिक रूप से नैनो यूरिया का भी उपयोग लाभकारी सिद्ध होगा। ताकि किसी भी स्तर पर परेशानी उत्पन्न न हो।

## जिले में औसत वर्षा 1161.5 मि.मी. दर्ज

**जागरण, सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 06 सितम्बर को सीधी जिले में 6.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 1.5 मि.मी., चुरहट 5.0 मि.मी., गोपद बनास में 38.6 मि.मी., सिहावल में 0.0 मि.मी., बहरी में 0.0 मि.मी., मझौली में 0.0 मि.मी. और कुसमी में 0.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 1161.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से 6 सितम्बर तक तहसील बहरी में सर्वाधिक वर्षा 1275.1 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 920.59, चुरहट में 1078.0, गोपद बनास में 1248.2, सिहावल में 1198.6 मि.मी., मझौली में 1252.0 मि.मी. और कुसमी में 1158.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 1097.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 64 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

## गरीब परिवारों को जीएसटी दरों में कमी से बड़ा लाभः विष्णुदेव



**सीधी।** मध्यवर्गीय एवं गरीब परिवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं कि उनकी दूरदर्शी नीतियों और जनहितैषी निर्णयों के कारण हाल ही में विभिन्न आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं पर जीएसटी दरों में कमी की गई है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि विष्णुदेव साहू ने कहा कि इस निर्णय से प्रत्यक्ष रूप से आमजन को आर्थिक राहत मिलेगी तथा महंगाई का बोझ कम होगा। खासकर वे परिवार जो प्रतिदिन की जरूरतों को पूरा करने में कठिनाई महसूस करते थेए अब उन्हें राहत प्राप्त होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कदम उनके गरीब कल्याण, मध्यवर्ग की सुविधा और सर्वांगीण विकास के प्रति समर्पण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। भारत का प्रत्येक नागरिक प्रधानमंत्री को इस निर्णय हेतु धन्यवाद देते हैं और विश्वास व्यक्त करते हैं कि उनके नेतृत्व में देश लगातार प्रगति और समृद्धि की राह पर आगे बढ़ता रहेगा।



# चलित विसर्जन कुंड सुविधा को मिला नागरिकों का आशीर्वाद

## महापौर के इस नवाचार की नगर मे मुक्तकंठ से हो रही प्रशंसा




**कटनी।** नगरवासियों को पहली बार दो सुसज्जित चलित विसर्जन कुंड की सुविधा उपलब्ध कराने के महापौर के सराहनीय नवाचार की नगर मे चारों ओर मुक्तकंठ से प्रशंसा की जा रही है। इस पहल से न केवल गणेश प्रतिमाओं का पर्यावरण अनुकूल विसर्जन संभव होगा, बल्कि नदियों और तालाबों के जल प्रदूषण पर भी नियंत्रण होगा। नागरिकों ने महापौर के इस प्रयास को सुविचारित और जनहितैषी कदम बताते हुए कहा कि इससे सफाई व्यवस्था और धार्मिक आयोजनों की गरिमा दोनों को सुरक्षित रखा जा सकेगा।

महापौर श्रीमती सूरी ने बताया कि नगर निगम प्रशासन द्वारा चलित विसर्जन कुंड के माध्यम से नगरीय क्षेत्र के अलावा उपनगरीय क्षेत्र के नागरिकों को भी इसकी सुविधा पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इस सेवा के माध्यम से श्रद्धालुओं को विसर्जन के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी और नगर में स्वच्छता व सुव्यवस्था बनी रहेगी। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने नगरवासियों से नगर निगम की चलित विसर्जन कुंड की सुविधा का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोगी बनने का आग्रह किया है।

### मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक आपदा प्रभावितों के खाते में अंतरित की राशि

कटनी। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने शनिवार को प्रदेश के अन्य जिलों सहित कटनी जिले में प्राकृतिक आपदा से हुई फसल क्षति के प्रभावित किसानों के खाते में राहत राशि का अंतरण किया। मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अन्य जिलों के किसान हितग्राहियों से चर्चा भी किया।

इधर कटनी जिले में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में मौजूद रहकर अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र, डिप्टी कलेक्टर विक्की सिंह मारे उइके, अधीक्षक भू.अभिलेख अमिता गर्ग और लाभार्थी हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री डॉ यादव के संबोधन के सीधे प्रसारण को वर्चुअली देखा और सुना। जिले के जनपद पंचायतों के मुख्यालयों में भी वेबकास्ट लिंक के माध्यम से लोगों ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को देखा और सुना। जिले के उमरियापान निवासी दो हितग्राहियों ने पान बरेजा की क्षति स्वरूप मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा उनके बैंक खाता में राशि अंतरित करने पर खुशी व्यक्त की। इनमें रामकिशोर चौरसिया को सात हजार रुपए और संतोष चौरसिया को साढ़े सात हजार रूपए की राशि पान बरेजा की क्षतिपूर्ति स्वरुप प्रदान किए गए।

# महिलाओं, बालिकाओं एवं बच्चों का सहयोग करें एवं अपराधों के प्रति रहें सजग

**शहडोल।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार संकल्प हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन के अंतर्गत शहडोल जिले में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। संकल्प हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन के अंतर्गत संभागीय मुख्यालय शहडोल के शासकीय इंदिरा गांधी गृह विज्ञान कन्या महाविद्यालय शहडोल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती संजीता भगत ने बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बालिकाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत पीसीपीएनडीटी एक्ट जिसे भारत सरकार द्वारा 1994 में पारित किया गया। कन्या भ्रूण हत्या और घटते लिंगानुपात को रोकने के लिए प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण पर प्रतिबंध लगाना है, यह अधिनियम गर्भावस्था से पहले या प्रसव से पहले बच्चों के लिंग का पता लगाने के लिए किसी भी तकनीकी के उपयोग को रोकता है और इसे एक दंडनीय अपराध है। बालिकाओं के हित में शासन लगातार प्रयास कर रही है आप लोग भी स्वयं व जरूरतमंद महिलाओं, बालिकाओं एवं बच्चों का सहयोग करें एवं होने वाले अपराधों से सजग रहें। साथ ही टोल फ्री नंबर महिला हेल्पलाइन 181 व चाईल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में बताया गया। परियोजना अधिकारी श्रीमती सतवंत कौर हूरा ने पोषण एवं स्वास्थ्य को परिभाषित करते हुए कहा कि पोषण और स्वास्थ्य घनिष्ठ रूप से एक दूसरे से जुड़े हुए हैं जहां एक स्वास्थ्य और संतुलित आहार शरीर के विकास, रख रखाव और बीमारियों से बचाओ के लिए आवश्यक है। इसके लिए स्वस्थ भोजन का सेवन करना चाहिए, पानी का पर्याप्त सेवन, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं हरी पत्तीदार सब्जियों का सेवन करना चाहिए। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर से श्रीमती भानुप्रिया, श्रीमती रेनू श्रीवास्तव केसवर्कर, महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ यमुना धुर्वे, डॉ सुनीता सिंह मरकाम, डॉ. सरोज बाला श्याम, श्री एस कुजूर, श्री आर एस पासी, श्री एच.एल. पटेल सहित महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।

## एसपी ने किया गणेश विसर्जन स्थलों का निरीक्षण

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया ने शनिवार को जिले के प्रमुख गणेश विसर्जन स्थलों पीरबाबा कुंड, मोहन घाट, माई घाट, बाबा घाट, गाटर घाट, सुर्खी टैंक सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं सुविधा संबंधी तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने जिला पुलिस.प्रशासन द्वारा लगाए गए क्रेन, नाव, प्रशिक्षित गोताखोर, एसडीआरएफएवं होमगार्ड टीम, चिकित्सा दल व एम्बुलेंस की व्यवस्थाओं को परखा और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से एसडीआरएफ टीम को अलर्ट एवं हर स्थिति में तत्पर रहने के निर्देश दिए।

## सीईओ ने निर्माणाधीन आवासों का किया निरीक्षण

**शहडोल ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्रीमती शिवानी जैन ने ग्राम पंचायत चंदेला एवं गोपालपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे निर्माणाधीन आवासो का निरीक्षण कर तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा पीएम आवास के हितग्राहियों से चर्चा कर प्रदाय की गई किश्तो के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने हितग्राहियों को समझाइश भी दी।

## आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से पुरानी बस्ती शहडोल वार्ड नम्बर 7 निवासी श्री प्रकाष चौधरी को उपचार हेतु 50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

**नाम एवं जन्मतिथि सुधार सूचना**

मैं, आर्मी नंबर 15131868H, रैंक हवलदार, नाम बंशबहादुर पटेल, निवासी ग्राम –इटहा कलां, डाकघर– जोधपुर, तहसील –नईगढ़ी, जिला –मऊगंज (म.प्र.)– 486338, का निवासी हूं। शपथ पूर्वक यह घोषित करता हूँ कि मेरी पत्नी का नाम पहले सुनीता (Sunita) था, जिसे अब मैं सुनीता पटेल (Sunita Patel) के रूप में लिखवाना चाहता हूँ। साथ ही मेरे पिता का नाम पहले द्वारिका प्रसाद (Dwarika Prasad) था, जिसे अब मैं द्वारिका प्रसाद पटेल (Dwarika Prasad Patel) के रूप में लिखवाना चाहता हूँ तथा मेरे पिता की जन्मतिथि पूर्व में 01 जुलाई 1952 दर्ज थी, जिसे अब सही कर 01 जनवरी 1963 किया जाए, जो आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में सही नाम एवं जन्मतिथि अंकित है। अतः आधार कार्ड एवं पैन कार्ड के अनुसार समस्त अभिलेखों में मेरी पत्नी का नाम सुनीता पटेल (Sunita Patel) तथा मेरे पिता का नाम द्वारिका प्रसाद पटेल (Dwarika Prasad Patel) और मेरे पिता जी का जन्मतिथि 01 जनवरी 1963 किया जाए

RN-82785 बंशबहादुर पटेल

**कार्यालय अधीक्षक जिला जेल बैढ़न (सिंगरौली) (म.प्र.)**

**वार्षिक ई-निविदा सूचना आमंत्रण बर्ष 2025-26 आमंत्रण**

जिला जेल बैढ़न (सिंगरौली) में परिरुद्ध बंदियों के उपयोग हेतु 2025–26 के लिये सब्जी, दवाईयाँ क्रय करने हेतु वार्षिक ई–निविदा बेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 23/09/2025 को सायं 05.00 तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यापारीगण ई–निविदा फार्म एवं ई–निविदा से संवंधित संपूर्ण जानकारी वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in से प्राप्त करें। निविदा की निर्धारित तिथियाँ निम्नानुसार है:–

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 01. | प्री–बिड मीटिंग | 16/09/2025 प्रात:11:00 बजे | जिला जेल बैढ़न सिंगरौली (म.प्र.) |
| 02. | ई–निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपये 05.00 लाख तक रुपये 500.00 एवं रुपये 05.00 लाख से अधिक रु. 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 008 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी) | 23/09/2025 प्रात: 05:00 बजे तक | https://www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 03. | ई–निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 23/09/2025 सायं 05.00 बजे तक | https://www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 04. | सेम्पल जमा करने की अंतिम तिथि | 24/09/2025 सायं 05.00 बजे तक | जिला जेल बैढ़न सिंगरौली (म.प्र.) |
| 05. | तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि | 25/09/2025 प्रात: 11.00 बजे | जिला जेल बैढ़न सिंगरौली (म.प्र.) |
| 06. | वित्तीय ई–निविदा खोलने की तिथि | 26/09/2025 प्रात: 11.00 बजे तक | https://www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |

नोट :

01. संबंधित व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि ई–निविदा के नियम एवं शर्तो का पालन करना अनिवार्य है तथा निविदा की समस्त जानकारी वेबसाईट पर https://www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।

02. व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि डिब्बा बंद/पैक सामग्रियों का मेक मॉडल/ब्राण्ड नेम का विवरण देना अनिवार्य है।

जेल अधीक्षक
जिला जेल बैढ़न ( सिंगरौली ) म.प्र.

G-18321/25

# नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

**कटनी।** नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पुनरीक्षण 1 जनवरी 2025 की संदर्भ तारीख के आधार पर किया जाएगा। जिन नगरीय निकायों की मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य उप निर्वाचन वर्ष 2025 पूर्वार्ध के लिये किया जा चुका हैए उनके लिये यह लागू नहीं होगा। फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 13 नवम्बर 2025 को होगा। फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का नगर पालिका वार्ड और अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 8 अक्टूबर 2025 को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में 8 से 17 अक्टूबर तक दावे.आपत्ति लिये जाएंगे। दावे.आपत्तियों का निराकरण 27 अक्टूबर तक किया जाएगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का नगर पालिका वार्ड तथा अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 13 नवम्बर 2025 को किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को जारी कर दिये गये हैं।

## जिला स्तरीय एनकार्ड कमेटी की बैठक 8 को

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में 8 सितंबर को समय दोपहर एक बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय एनकार्ड कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में वन मंडलाधिकारी, सहायक आयुक्त सेंट्रल जीएसटी, जिला शिक्षा अधिकारी, उपसंचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उप संचालक सामाजिक न्याया एवं नि:शक्तजन कल्याण, औषधि निरीक्षक को निर्धारित समय व तिथि पर मौजूद रहने निर्देशित किया गया है।

# जिसने इन्द्रियों को जीत लिया उसने जगत को जीत लिया : मुनिश्री

**कटनी।** दिगम्बर जैन समाज पंचायत समिति के द्वारा आयोजित दशलक्षण पर्व कें दसवे दिन जैन बोर्डिंग हाउस में प.पू.मुनिश्री पदम सागर जी महाराज ने उत्तम ब्रम्हचर्य धर्म पर चर्चा करते हुये बतलाया कि जिसने इन्द्रियों को जीत लिया उसने जगत को जीत लिया। उन्होने कहां ब्रम्हचर्य अर्थात ब्रम्ह स्वरूप आत्मा में चर्या करना, लीन होना उसका अस्वादन करना यह उत्तम ब्रम्हचर्य का एक महत्वपूर्ण सिद्धांत है जो हमें संयमीत और आत्मा के मार्ग पर चलने का संदेश देता है। मुनिश्री ने आगे कहा कि उत्तम ब्रम्हचर्य का तात्पर्य केवल काम वासना के त्याग का ही नहीं होता बल्कि स्त्री विषयक आकर्षण और भौतिक राग्रद्वेष से भी आत्मा का पूर्णरूप से विचलित नहीं होना आत्म, अन्वेषण ब्रम्हभाव का निरंतर अनुभव बनाये रखना है। इसमें परिग्रह और लोभ का त्याग करना अत्यावश्यक है। हाउसिंग बोर्ड जैन मंदिर के अध्यक्ष कैलाश जैन सौगानी ने बतलाया कि 7 सितम्बर दिन रविवार को प्रातः 8 बजे श्रीजी की भव्य शोभायात्रा विमान यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर कॉलोनी के विभिन्न मार्गो से होते हुये श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन हाउसिंग बोर्ड मंदिर में पहुंचकर धर्मसभा के रूप में परिवर्तित हो जाऐगी जहां श्रीजी का महमस्तकाभिषेक श्रद्धालुजनों द्वारा किया जायेगा। इसी तारतम्य में जैन सोशल ग्रुप मैन के अध्यक्ष संजय सिंघई ने बतलाया कि 7 सितम्बर दिन रविवार को शाम 7 बजे से चेतनोंदय तीर्थ क्षेत्र बड़े मंदिर में डंडिया नृत्य के साथ भव्य आरती का आयोजन किया जा रहा हैं। पंचायत महासभा के अध्यक्ष संजय जैन, मंत्री विन्नी जैन ने बतलाया कि विश्व शांति के लिये प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महावीर कीर्ति स्तंभ में भक्ताम्बर जी स्त्रोत 24 घंटे का अखण्ड पाठ किया जा रहा हैं।

## कटनी में औद्योगिक भूखंडों के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित

**कटनी।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा कटनी जिले में स्थित टिकरिया तरवला औद्योगिक क्षेत्र में खाली पड़े भूखंडों के आवंटन के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्टश् आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक उद्यमी 15 सितंबर शाम 5 बजे तक बेवसाईट के माध्यरम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्रे की महाप्रबंधक ज्योति सिंह ने बताया कि प्रत्येक भूखंड के लिए आवेदन शुल्क 5 हजार रूपये है जो वापस नहीं किया जाएगा।

# घाटों पर निर्मित कृत्रिम विसर्जन कुंडों में गणेश प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

**कटनी।** अनंत चतुर्दशी के अवसर पर भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन के मद्देनजर निगम प्रशासन द्वारा नगर के चिन्हित घाटों पर कृत्रिम कुंडों का निर्माण कराया गया था। श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आवश्यक व्यवस्थाएं की गई। विसर्जन कुंडों में नागरिकों एवं श्रद्धालुओं द्वारा प्रातः 10 बजे से ही गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिए जाने का क्रम जारी था। विसर्जन के दौरान नागरिकों एवं श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े इसके मद्देनजर निगमायुक्त नीलेश दुबे स्वयं घाटों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर गठित दल के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। नगर निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों के प्रतिमा विसर्जन की सुविधा हेतु विसर्जन घाटों पर पर्याप्त साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, टेबिल कुर्सी, छायादार बैठक व्यवस्थाए कुंडों की सफाई की दृष्टि से पृथक से कर्मचारियों के अलावा ही बड़ी मूर्तियों के विसर्जन हेतु हाइड्रा वाहन, जेसीबी आदि सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण की जाकर सुविधाजनक एवं सुरक्षित तरीके से प्रतिमाओं का विसर्जन कराया गया।



**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

# गौ सेवा के लिए दयोदय महासंघ ने प्रदान की सानी मशीन



**पवई ।** पूज्य गुरुदेव श्री विद्यासागर जी महाराज के विचारों को मूर्त रूप देने का प्रयास दयोदय महासंघ निरंतर करता आ रहा है। इसी क्रम में जैन समाज के पर्यूषण पर्व के आठवें दिन, जिसे त्याग दिवस के रूप में मनाया जाता है, दयोदय महासंघ का राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में दानदाताओं द्वारा दी गई राशि गौ सेवा के कार्यों में समर्पित की जाती है। इस वर्ष महासंघ ने उक्त राशि का उपयोग करते हुए श्री विद्यासागर गौ संवर्धन समिति, पवई को अत्याधुनिक दोसानी मशीन प्रदान की। यह मशीन कुछ ही घंटों में हजारों गायों के लिए सानी तैयार करने में सक्षम है। पर्यूषण पर्व के अंतिम दिन इस मशीन को सबसे पहले जैन मंदिर लाया गया, जहां समाजजनों ने विधि-विधान से पूजन किया। पूजन उपरांत प्रसाद वितरण हुआ और तत्पश्चात मशीन को समिति के गौशाला हेतु रवाना किया गया। इस अवसर पर अजीत जैन, विनोद जैन, पवन जैन, महेंद्र जैन, अनिल जैन विजय जैन एवं गौ संवर्धन समिति के अध्यक्ष रानू जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**आवश्यकता है**

ऑफिस कार्य हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है।
वेतन 5,000 से 10,000+कमीशन बोनस उम्र 18 वर्ष से 35 वर्ष
पता-न्यू बस स्टैंड रीवा मध्यप्रदेश
संपर्क नं.-9752075387
आर-84258 (3/10)

## प्रतिभा योजना के तहत अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**कटनी।** राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में सफलता अर्जित करने वाले अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों से जनजातीय कार्य विभाग ने प्रतिभा योजना के तहत वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऐसे छात्र जिन्होंने जेईई मेन या एडवांस, नीट, क्लैट जैसी परीक्षाओं में सफल होकर आईआईटी, एम्स, एनडीए जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश लिया है वे इस योजना के लिए पात्र हैं।

## 13 सितंबर को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

**कटनी।** नालसा के निर्देशानुसार शनिवार 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इस नेशनल लोक अदालत में लंबित एवं प्री.लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इसके लिए लोक अदालत में समस्त प्रकार की तैयारी हेतु सर्व संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। नालसा द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने एवं लोक अदालत का प्रचार.प्रसार, आवश्यक व्यवस्था हेतु सर्व संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए हैं।

**कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग सतना (म.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 17/2025–26 सतना, दिनांक 04.09.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर ई.डी. क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्यपूर्ण करने की समयावधि | कार्य की अनुमानित राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWDRB_449202_1 | उपसंभाग मैहर अन्तर्गत जिला कलेक्टर मैहर के बंगले में बाउन्ड्रीवाल एवं अतिरिक्त कक्ष, शासकीय आवासीय गृह क्रमांक आर–54 एवं आर–55 मैहर में विशेष मरम्मत कार्य। | प्रथम | 04 माह | 1266430.44 | 25400.00 | 2000.00 |
| 2 | 2025_PWDRB_449203_1 | उपसंभाग मैहर अन्तर्गत शासकीय आवासीय भवन क्रमांक आर–69 एवं एफ–50 मैहर में विशेष मरम्मत कार्य। | प्रथम | 04 माह | 844831.07 | 16900.00 | 2000.00 |
| 3 | 2025_PWDRB_449204_1 | उपसंभाग मैहर अन्तर्गत शासकीय गैर आवासीय भवन रेस्ट हाउस मैहर में बाउन्ड्रीवाल एवं सेप्टिक टैंक का विशेष मरम्मत कार्य। | प्रथम | 02 माह | 417627.86 | 8400.00 | 2000.00 |
| 4 | 2025_PWDRB_449205_1 | उपसंभाग नागौद अंतर्गत शासकीय जलद त्रिमूर्ति महाविद्यालय नागौद में मरम्मत का कार्य। | तृतीय | 04 माह | 4236997.75 | 50000.00 | 5000.00 |
| | | योग– | | | 6765887.12 | | |

उपरोक्त वेबसाइट में आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऋय करने तथा आनॅलाइन बिड सबमीशन की अंतिम दिनांक 22.09.2025 सायं 6.00 बजे तक निर्धारित है। ई. एम. डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी., एनएक्सर एच., शपथपत्र, बिड की रसीद एवं अन्य दस्तावेज केवल आनॅलाइन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग सतना (म.प्र.)

G-18324/25

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग सिंगरौली (म.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण ई–टेन्डरिंग**
**म.प्र. शासन**

**निविदा सूचना क्रमांक 15/ई–टेन्डरिंग/2025–26** **सिंगरौली, दिनांक 02.09.2025**

निम्नलिखित कार्यों की निविदा ऑनलाईन के माध्यम से पंजीकृत संविदाकारों एवं कम्पनियों पूर्ण पंजीकरण मापदण्ड से आमंत्रित किये जाते हैं।

| स.क्र. | जिला | ऑनलाईन टेंडर क्रमांक | निविदा आमंत्रण का काल | कार्य का नाम | पी.ए.सी. (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय | भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | सिंगरौली | 2025_PWDRB_448619 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग बैढ़न अंतर्गत VVIP एवं VIP के आगमन पर हेलीपैड, मंच, बैरिकेटिंग, पहुंच मार्ग एवं अन्य इत्यादि कार्य। | 19.75 | 39500 | 2000 | वित्तीय वर्ष 2025–26 | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नहीं किये जावेंगे, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 2 | सिंगरौली | 2025_PWDRB_448620 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग देवसर अंतर्गत आने वाले क्षतिग्रस्त मुख्य जिला मार्ग एवं अन्य जिला मार्गों का वार्षिक मरम्मत कार्य। | 19.99 | 39980 | 2000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नहीं किये जावेंगे, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 3 | सिंगरौली | 2025_PWDRB_448621 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग देवसर अंतर्गत ग्राम पंचायत कारी में पी.एम.जी.एस.वाई. मार्ग कोदवाही पहुंच मार्ग आदिवासी बस्ती में पुल निर्माण कार्य। | 12.71 | 25420 | 2000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नहीं किये जावेंगे, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| | | | | योग– | 52.45 | | | | |

1. ऑनलाईन पोर्टल https:mpetenders.gov.in/nicgep/app के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा ऑनलाईन बिड सबमिशन की प्रारम्भिक तिथि दिनांक 08.09.2025 से अंतिम तिथि दिनांक 20.09.2025 सायं 17:30 तक निर्धारित है। निविदा दिनांक 22.09.2025 को खोली जावेगी।
2. निविदा संबंधी दस्तावेज केवल आनलाईन ही मान्य किये जायेंगे।
3. निविदा से संबंधित संशोधित समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल बेबसाईट के माध्यम से दी जावेगी।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारियाँ उपरोक्त बेबसाईट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग
संभाग सिंगरौली (म.प्र.)

G-18303/25

# सेना हवलदार का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

## उत्तर प्रदेश में सड़क हादसे में हुआ था निधन

### सेना जवानों ने गृह ग्राम खुटेली पहुंचाया पार्थिव शरीर







जागरण, सीधी

जिले के बहरी थाना अंतर्गत खुटेली गांव निवासी सेना हवलदार मो. मुस्ताक का उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले के सिंभावली थाना क्षेत्र के सिखेड़ा के पास दिल्ली-लखनऊ हाइवे पर गुरुवार को सड़क हादसे में दुखद निधन हो गया था। 38 वर्षीय मो. मुस्ताक के पार्थिव शरीर को सेना के विशेष वाहन से आज सेना जवानों ने उनके गृह ग्राम खुटेली पहुंचाया। पार्थिव शरीर के पहुंचते ही खुटेली क्षेत्र पूरी तरह से गमगीन हो गया। खुटेली के वीर सपूत मो. मुस्ताक का पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटा हुआ था। उन्हें नम आंखों से विदाई देने के लिए पहुंची भीड़ भारत माता की जय, मुस्ताक अमर रहे, वंदे मातरम् के नारे लगाए गए। गांव की गलियों में फूलों की वर्षा कर जांबाज जवान मो. मुस्ताक के पार्थिव शरीर का स्वागत किया गया। राजकीय सम्मान के साथ हुए अंतिम संस्कार के दौरान दर्शन के लिए हजारों की भीड़ उपस्थित थी। जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के व्यक्तियों ने जांबाज जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की। परिजनों के अनुसार मो. मुस्ताक वर्ष 2009 में भारतीय सेना की रिमाउंट वेटरनरी कार्म्स (आरवीसी) में भर्ती हुए थे और वर्तमान में मेरठ में तैनात थे। उनके परिवार में पत्नी मोमिना बेगम, एक बेटा और एक बेटी हैं। बताया गया है कि गुरुवार को मो. मुस्ताक बाइक से दिल्ली-लखनऊ हाइवे में कहीं जा रहे थे। उसी दौरान सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिखेड़ा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के पश्चात मृत घोषित कर दिया। बाद में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के लिए भेजा और सेना के अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलने पर परिजन और रिश्तेदार भी मौके पर पहुंचे। सेना के जवान पोस्टमार्टम के बाद शव को अपने कब्जे में ले लिए थे। परिजनों ने बताया कि दो दिन पहले ही उन्होने एक रिश्तेदार के यहां जाने के लिए अवकाश लिया था। किंतु गुरुवार रात वह बाइक पर निकले और सड़क हादसे का शिकार हो गए।

### नम आंखों से मो. मुस्ताक को दी गई अंतिम विदाई

सेना हवलदार मो. मुस्ताक के पार्थिव शरीर के आज सुबह गृह ग्राम खुटेली सेना के विशेष वाहन से आने की जानकारी लोगों को कल ही मिल गई थी। इस वजह से सुबह से ही लोगों का हुजूम उनके घर के सामने पहुंच गया था। वहीं पुलिस अधिकारियों के साथ ही खंड स्तरीय अधिकारी एवं पुलिस बल भी मौजूद था। सेना के वाहन के गांव में दाखिल होने के साथ ही मो. मुस्ताक अमर रहे के नारे गूंजने लगे। चर्चा के दौरान कुछ ग्रामीणों ने बताया कि मो. मुस्ताक काफी मिलनसार स्वभाव के थे। इसी वजह से समूचे गांव में उनका काफी सम्मान था। देश सेवा के लिए वह पूरी तरह से समर्पित थे। उनका पूरा घराना ही देश सेवा के जज्बे से सराबोर था। जब भी अवकाश में मो. मुस्ताक अपने गृह ग्राम आते थे लोग उनसे मिलने के लिए पहुंचते थे। बड़े बुजुर्गों का काफी सम्मान करने वाले मो. मुस्ताक के असमय निधन की खबर मिलने के बाद से समूचा इलाका गम में डूबा हुआ था। कल से ही उनके घर में जाकर लोग परिजनों को ढ़ाढस बंधा रहे थे। आज मुश्लिम रीति-रिवाज के अनुसार उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। इस दौरान हजारों लोगों की भीड़ ने नम आंखों से जांबाज जवान को अंतिम विदाई दी। रोते हुए परिजनों को भी लोग संभालते नजर आए।

## डला में धूमधाम से संपन्न हुआ गणेश विसर्जन



मंडला । मंडला जिले में गणेश उत्सव का समापन हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ हुआ। शुक्रवार को विभिन्न गणेश पंडालों से भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन बड़ी धूमधाम और शोभायात्रा के साथ किया गया। शोभायात्रा में ढोल-नगाड़ों की गूंज, छठ्ठ की धुन और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु बप्पा को विदा कर रहे थे। जगह-जगह भक्तों ने पुष्पवृष्टि कर विसर्जन जुलूस का स्वागत किया। युवा वर्ग भक्ति गीतों और नृत्य में शामिल हुआ। नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गणेश प्रतिमाओं को विसर्जन स्थल तक ले जाया गया। प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की थी। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए कई श्रद्धालुओं ने छोटी प्रतिमाओं का घर में ही विसर्जन किया। इसरिया, मिथिलेश इसरिया प्रतिमा पाण्डेय मीणा परि शिवानी सरला सीमा ठौरे अंत में गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष के साथ गणेश जी को विदाई दी गई।

## शिक्षक की सेवानिवृत्ति पर आयोजित हुआ विदाई समारोह

सीधी। शासकीय प्राथमिक पाठशाला कमधर में 31 अगस्त को शिक्षक राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी के सेवानिवृत्ति उपलक्ष्य में विदाई एवं सम्मान समारोह बड़े हर्ष और भावुक वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, ग्रामवासी एवं विद्यार्थियों ने उनके शिक्षा, अनुशासन और समाज में दिए गए अमूल्य योगदान को याद करते हुए सहृदय शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका श्रीमती बसंती देवी, अध्यापिका गण, शिक्षक साथिगण, सेवानिवृत्त आचार्य पं. धर्मकिशोर मिश्र, रामप्रसाद मिश्र तथा मंडल मड़वास के मंडल अध्यक्ष केके मिश्र, नरेंद्र द्विवेदी और देवेंद्र द्विवेदी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय की प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न



मंडला । कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय की प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गयी। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विद्यालय की वार्षिक प्रगति का प्रस्तुतिकरण किया गया। कलेक्टर ने विद्यालय के विगत शिक्षण सत्र में अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष बोर्ड कक्षाओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि माडल स्कूल का अर्थ है प्रत्येक क्षेत्र में यह माडल के रूप में सामने आये। जिससे अन्य विद्यालय भी प्रेरित हों। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों की उपस्थिति तय मानक प्रतिशत से कम है उनका फालो अप लें।

## ग्रामीणों का आरोप सामुदायिक स्वस्थ सेंटर मे नहीं मिलते डॉक्टर, सीएचओ करते हैं मोहगांव से अप डाउन




जागरण, मंडला । जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था ठप्प हो चुकी जिसका फायदा झोलाछाप ड्राक्टर उठा रहे है और सरकारी तंत्र चैन की नीद सोता नजर आ रहा इन्हें पता है कि काम करे या न करे महीना में उनको तनख्वाह तो मिलनी है और अगर शिकायत होती है तो ले दे कर सब ठीक हो जाता है इसलिए विकास खंडों और ग्रमीण अँचलों में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी अपने मुख्यालय में न रहते हुए अप डाउन करते नजर आ रहे है और इसकी जानकारी कार्यालय के प्रमुख अधिकारियों को होती है पर कार्यवाही के नाम शून्य है इसलिए कर्मचारियों के हौसले बुलंद है और वह अप डाउन कर रहे है अप डाउन के चलते न समय पहुँच रहे है और न ही समय तक अपने कार्यालय रहते हैं। केवल अपनी उपस्थिति देने आते है और फिर वापस चले जाते है।वही जानकारी के अनुसार दिन व दिन जिले की स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठ रहे, कि गांव में रहने की व्यवस्था होने के बावजूद सेंटर से नदारद अधिकारी ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाएं पटरी से उतरती जा रही हैं। क्षेत्र के कई कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर अपने निर्धारित हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर पर नियमित रूप से नहीं बैठ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक ये अधिकारी मोहगांव से रोजाना अपङ्कडाउन कर रहे हैं, जबकि सेंटर पर उनके रहने की व्यवस्था पहले से की गई है। ग्रामीण बोले यहां रहना चाहिए को ग्रामीणों का कहना है कि अगर सरकार ने सेंटर पर ही रहने की सुविधा उपलब्ध कराई है तो अधिकारियों को वहीं रहना चाहिए।गांव के एक बुजुर्ग बोले- यदि रहने का प्रबंध यहीं है तो इन्हें मोहगांव से अपङ्कडाउन करने की बजाय सेंटर पर ही रहना चाहिए, ताकि हमें इलाज और दवा समय पर मिल सके। एक महिला ने कहा ङ्क बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक छोटीङ्कमोटी बीमारियों में भी घंटों इंतजार करना पड़ता है। अधिकारी सेंटर पर ही नहीं मिलते। प्रशासन से कार्रवाई की मांग पर कार्यवाही करेगा कौन वही स्थानीय सहित आसपास के ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। साथ ही उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि ष्ट॥ह्र की सेंटर पर उपस्थिति अनिवार्य कराई जाए और अपङ्कडाउन की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जाए।


## महुआ लाहन एवं कच्ची मदिरा 89750 रु की बरामद



मंडला । मण्डला जिले में मदिरा के अवैध संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध की गई कार्यवाही में ग्राम गोंझी क्षेत्र में नर्मदा नदी के किनारे मदिरा निर्माण करने वाले अड्डों पर दबिश की कार्यवाही की गई। जिसमें लगभग 80 डब्बों में महुआ लहान भरा मिला। जिसकी अनुमानित मात्रा 800 किलो है। साथ ही 65 लीटर हाथ भट्टी कच्ची मदिरा बरामद कर किया गया। मदिरा लहान को मौके पर नष्ट किया गया। जप्त मदिरा और लहान की अनुमानित कीमत 89750 रूपए है। अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत धारा 34(1) क, ग का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

## प्रशासन और बड़े हादसे के इंतजार में | ग्राम देवरी छप्पर के माध्यमिक स्कूल की छत गिरी, चार बच्चे घायल





जागरण, डिंडोरी । डिंडौरी जिले में शनिवार को एक बड़ा हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, जिला मुख्यालय से लगे एक सरकारी माध्यमिक विद्यालय की कक्षा में अचानक छत का हिस्सा गिर गया, जिससे चार बच्चे घायल हो गए।

**हादसे का विवरण :** घटना के समय बच्चे कक्षा में पढ़ाई कर रहे थे। तभी अचानक छत का प्लास्टर भरभराकर नीचे गिर पड़ीं। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर शिक्षक और ग्रामीण तुरंत कक्षा में पहुँचे और घायल बच्चों को बाहर निकाला।

**घायल बच्चों की स्थिति :** चारों बच्चों को तत्काल जिला अस्पताल डिंडौरी पहुँचाया गया, जहाँ उनका उपचार जारी है। डॉक्टरों ने बताया कि दो बच्चों को हल्की चोटें आई हैं जबकि दो की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

**प्रशासन की भूमिका :** हादसे की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुँचे। स्कूल भवन के जर्जर होने की शिकायत पहले भी ग्रामीणों द्वारा की गई थी, लेकिन मरम्मत कार्य नहीं हुआ था। हादसे के बाद जिले के अन्य जर्जर स्कूल भवनों की जाँच कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### ग्रामीणों का आक्रोश

ग्रामीणों ने स्कूल प्रबंधन और शिक्षा विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कई बार छत की जर्जर हालत की जानकारी दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस हादसे ने जिले के शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल सेमरखापा की आईसीटी लैब में निकला किंग कोबरा, सूझबूझ से टली बड़ी अनहोनी

जागरण, मंडला । जिले के ग्राम सेमरखापा में संचालित पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल सेमरखापा की आईसीटी लैब में शनिवार को अचानक किंग कोबरा सर्प निकलने से विद्यालय में हड़कंप मच गया। यदि तत्काल स्थिति पर नियंत्रण नहीं होता तो बड़ी अनहोनी घट सकती थी, जिसकी सीधी जिम्मेदारी प्राचार्य पर आती और विभागीय कार्यवाही की स्थिति बन सकती थी।विद्यालय के शासकीय सेवक श्री कविन्द्र सुरेश्वर ने तत्परता और सूझबूझ का परिचय देते हुए प्राचार्य श्री कृष्ण कुमार हरदहा को अवगत कराया। प्राचार्य के मार्गदर्शन में सर्प मित्र त्रिदेव बरमैया (निवासी सेमरखापा) को तत्काल बुलाया गया, जिन्होंने किंग कोबरा को सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ दिया।गौरतलब है कि इससे पूर्व भी विद्यालय परिसर में कई बार बड़े-बड़े विषैले सर्प निकल चुके हैं। विद्यालय बाहरी क्षेत्र में स्थित होने के कारण इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति संभव है। हालाँकि, प्राचार्य महोदय द्वारा पूर्व में ही सर्प न आने की दवा पूरे परिसर में डलवाई गई थी, इसके बावजूद यह घटना घटित हुई, जो स्थिति की गंभीरता को दर्शाती है।विद्यालय परिवार ने राहत की सांस ली और उपस्थितजनों ने इस संवेदनशील समय पर दिखाई गई सतर्कता की सराहना की।



## विद्युत कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



जागरण, सीधी। सीधी जिले में मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड संचारण संधारण संभाग सीधी के अंतर्गत कार्यरत वाह्य स्तोत्र विद्युत कर्मचारियों को विद्युत दुर्घटनाओं में रोकथाम, सुरक्षा सावधानियां तथा सुरक्षा उपकरणों के उपयोग के संबंध में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले भर से चिन्हित लगभग 200 वाह्य स्त्रोत विद्युत कर्मचारियों को प्रशिक्षण में शामिल किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान सुरक्षा नियमों, सुरक्षा उपकरणों एवं संसाधनों के उपयोग, उपकेंद्र से परमिट लेने के नियम, कार्य स्थल पर सुरक्षा जोन बनाने संबंधी जानकारी इत्यादि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सीधी जिले के अधीक्षण अभियंता पंचराज तिवारी का पुष्पगुच्छ से स्वागत करते हुए, उनके उद्बोधन से प्रारंभ हुआ। उक्त कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता वृत्त सीधी पंचराज तिवारी कार्यपालन अभियंता संचारण संधारण अजीत सिंह बघेल, क्षेत्रीय लेखा अधिकारी सीधी उपेन्द्र तिवारी, कनिष्ठ अभियंता शहर श्रीमती अनुराधा प्रकाश, कनिष्ठ अभियंता पंकज पाण्डेय, शिव उजागर मिश्रा, विनोद पटेल, कार्यालय सहायक व्हीएन सिंह, मृगेंद्र सिंह एवं वायएल पटेल एवं अन्य कर्मचारी तथा वितरण केंद्र से आए हुए वाह्य श्रोत कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला के संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यपालन अभियंता संचारण संधारण अजीत सिंह बघेल के द्वारा दी गई। अधीक्षण अभियंता सीधी द्वारा सभी कर्मचारियों से विद्युत सुरक्षा सामग्री का उपयोग करते हुए सभी सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने की समझाइस दी गई, साथ ही यह भी कहा गया कि यदि किसी के द्वारा सुरक्षा नियमों की अनदेखी की जाएगी या लापरवाही पाई जाती है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। सहायक अभियंता चुरहट एएल तिवारी द्वारा विद्युत दुर्घटनाओं से रोकथाम सुरक्षा सावधानियां तथा सुरक्षा उपकरणों के उपयोग के संबंध में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया गया। सहायक अभियंता आरईएस मनोज कोगे के द्वारा विद्युत उपकेंद्र में कार्य करते समय ली जाने वाली सावधानियां के संबंध में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कर्मचारियों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई।

## सांसद ने लोकसभा में उठाया गौ-संरक्षण और गौ-संवर्धन केंद्र का मामला

### केंद्रीय पशुपालन मंत्री ने दिया लिखित में दायित्वों का ब्यौरा

जागरण, सीधी

लोकसभा क्षेत्र सीधी के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने देश के प्रत्येक जिले में गौ संरक्षण और गौ संवर्धन केंद्र की स्थापना के बारे में लोकसभा में मामले को उठाते हुए कार्यवाही की मांग की। पंचायती राज्य मंत्री और मत्स्यपालनए पशुपालन एवं डेयरी मंत्री भारत सरकार राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने लिखित में दायित्वों का ब्यौरा दिया है। लिखित जवाब में सीधी सांसद को बताया गया कि दिनांक 30 जुलाई 2025 को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान आपके द्वारा उठाए गए अविलंबनीय लोक महत्व के देश के प्रत्येक जिले में गौ संरक्षण और गौ संवर्धन केंद्र की स्थापना के बारे में मामले को उठाया गया था। भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार पशुपालन राज्य सूची का विषय है। अतः गौवंशों के संरक्षण एवं पुनर्वास से संबंधित नीतियों का निर्माण एवं संसाधनों का आवंटन संबंधित राज्य सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कई राज्यों ने आवारा गोपशु की समस्या को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए पहले से ही गोपशु आश्रय स्थल गौशालाएं/गोसदन/काजी हाउस स्थापित किए हैं। इसके अलावा पशु क्रूरता निवारण पीसीए अधिनियम 1960 के अनुसार पशुओं के लिए जिम्मेदार



व्यक्तियों का यह कर्तव्य है कि वे उनकी भलाई सुनिश्चित करें और अनावश्यक पीड़ा को रोकें। पशुओं के लिए पर्याप्त भोजन, पानी या आश्रय प्रदान न करना अधिनियम की धारा 11 (1) (एच) और (1) के तहत अपराध हैं, जिसे राज्य सरकारों को प्रभावी ढंग से लागू करना है। केंद्र सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा गौशालाओं की स्थापना हेतु वर्तमान में कोई पृथक केंद्रीय योजना संचालित नहीं की जा रही है। हालांकि, इस विभाग ने आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय के सहयोग से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दिनांक 16 जुलाई 2025 को एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें राज्यों से आग्रह किया गया है कि वे अपने स्वयं के बजट से या पशु कल्याण संगठनों और गैर सरकारी संगठनों के साथ साझेदारी में पशु आश्रय स्थल स्थापित करें और निरंतर कार्रवाई के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करें।

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate
केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648
ई-नीलामी सूचना

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **29/09/2025** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- **मेसर्स शौर्य इण्डस्ट्रीज** प्रोपराइटर- श्री विक्रम प्रताप सिंह पुत्र श्री सरयु सिंह (निदेशक- केरला पब्लिक स्कूल) बोदाबाग तहसील - हुजूर, रीवा (म.प्र.)486001 श्री विक्रम प्रताप सिंह पुत्र श्री सरयु सिंह श्रीमती माधुरी सिंह पत्नि श्री विक्रम प्रताप सिंह | रिहायशी मकान स्थित भूमि खसरा नं. 893/3,894/3 मौजा- बोडा, जनरल नं. 458 प.ह. बोडा 24, वार्ड नं. 08, आनंद नगर, बोडा बाग, आर.आई.सर्कल, रीवा (म.प्र.) 486001 चर्तुसीमाएं- पूर्व- 15 फिट चौड़ी रोड, पश्चिम- सरकारी ग्रामीण रोड, उत्तर-वैन्डर की शेष भूमि, दक्षिण-वैन्डर की शेष भूमि **भौतिक कब्जा** BAANKNET PROPERTY ID: CNRBSHOURYA2 LATITUDE: 24.556139 LONGITUTDE 81.303334 | 22/07/2021 / 16/12/2022 / दि. 06/09/2025 को ₹ 1,34,69,594.30 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 24,55,000/- / ₹ 2,45,500/- / ₹ 10,000/- |

धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 28/09/2025 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 29/09/2025, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल 8989014648, 8057766078, 9755569030 9691096410, 9123403299 (भोपाल), 7905027805 (जबलपुर एवं बिलासपुर), 7683068902 (रायपुर), 9140476074 (ग्वालियर), 9830130770 (इंदौर), 8073562754 (BHOPAL)
दिनांक : 06-09-2025, स्थान : भोपाल
प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

## विवेकानंद एकेडमी छुही में शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न

जागरण, मझौली। जिले के मझौली क्षेत्रान्तर्गत स्थित हायर सेकंडरी स्कूल स्वामी विवेकानंद एकेडमी छुही में प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के रूप मनाये जाने वाले शिक्षक दिवस पर विद्यालय में गत शुक्रवार 5 सितंबर को सीएसी कौशलेंद्र तिवारी व भाजपा मंडल अध्यक्ष मझौली प्रवीण तिवारी की उपस्थिति शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजित किया गया, जिसमें सेवा निवृत्त शिक्षक रामकुमार सिंह, रमेश तिवारी, रोहिणी तिवारी, रामसनेही बैस, रामसजीवन वर्मा, महाबली बैस, देवमणि बैस एवं रोहणी तिवारी तथा कार्यरत शासकीय शिक्षक अमरदीप सिंह, रंगदेव गुप्ता, सुधीर तिवारी, सोमेश द्विवेदी, कमलेश साकेत, सुरेश सेन, चंद्रिका गुप्ता आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार की ओर से अतिथि के रूप में मंचासीन सभी शिक्षकों का स्वागत व सम्मान किया गया। शिक्षकों द्वारा कहा गया कि एक शिक्षक के अच्छे शिक्षक कहलाने में उसके विद्यार्थियों का सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है क्योंकि एक विद्यार्थी की मेहनत जब रंग लाती है। तभी एक शिक्षक का नाम होता है और विद्यार्थी के साथ-साथ शिक्षक की भी सराहना होती है। विद्यालय की संचालिका नेहा गुप्ता द्वारा समस्त उपस्थित सेवानिवृत्त व कार्यरत शिक्षकों को शॉलए श्रीफल व स्मृति चिह्न शील्ड प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय संचालिका नेहा गुप्ता, प्राचार्य सुरेन्द्र द्विवेदी उप प्राचार्या कीर्ति द्विवेदी व शिक्षक-शिक्षिकाएं रमाशंकर सोनी, सुषमा सोनी, मानसी सुनानिया, नीलम तिवारी, निधी मिश्रा, अनिल सेन, अंकित गुप्ता, वर्षा द्विवेदी, नैनिका द्विवेदी, नेहा सोनी, स्वर्णिमा सिंह, संध्या सोनी, स्वाती मिश्रा, संध्या गुप्ता, राशी सिंह, दीक्षा सिंह, सुमनलता सेन, शिल्पा पनिक सहित अन्य कर्मचारीगण शामिल रहे।

## दिव्य ज्योति सोशल डेवलपमेंट सेंटर द्वारा संचालित शिवनिल नशा मुक्ति केंद्र में धूमधाम से सम्पन्न हुआ गणेश उत्सव एवं विसर्जन कार्यक्रम



जागरण, डिंडोरी । शिवनिल नशा मुक्ति केंद्र, डिंडोरी में इस वर्ष गणेश उत्सव बड़े श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पूरे उत्सव के दौरान प्रतिदिन मरीजों द्वारा गणेश जी की आरती, पूजन एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिससे केंद्र में धार्मिक वातावरण और उत्साह का संचार बना रहा।गणेश विसर्जन के अवसर पर विशेष हवन, पूजन एवं कन्या भोजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्र के समस्त स्टाफ सदस्य एवं मरीज भी शामिल रहे, जिनमें अजय ठाकुर, देवराज कछवाहा, रितु सेन, बच्चूनाथ चौहान, नर्स नयनवती मरावी, संदीप एवं दीपक प्रमुख रूप से उपस्थित थे। हवन एवं कन्या भोजन के उपरांत गणेश प्रतिमा का विधिवत विसर्जन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने मिलकर गणपति बप्पा से नशा मुक्ति और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का आशीर्वाद माँगा तथा नशा मुक्ति का सपथ ग्रहण किया।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## हर हाल में सदन की मर्यादा बरकरार रखना अनिवार्य

*पश्चिम बंगाल विधानसभा में गुरुवार को टीएमसी और बीजेपी विधायकों के बीच तीखी बहस हुई। विपक्षी विधायकों के हंगामे के बाद स्पीकर ने बीजेपी के चीफ व्हिप शंकर घोष को सस्पेंड कर दिया।*

*पश्चिम बंगाल विधानसभा में गुरुवार को जो कुछ हुआ वह सदन की गरिमा और मर्यादा को तार-तार करने वाला है। टीएमसी और बीजेपी के बीच की तल्खी विशेष सत्र के आखिरी दिन सतह पर आ गई। दोनों दलों में तगड़ी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और मतभेद हैं। सदन का इस्तेमाल इस पर सार्थक वाद-विवाद व चर्चा के लिए किया जा सकता था।*

*सीएम ममता बनर्जी और उनकी पार्टी का आरोप है कि बीजेपी शासित राज्यों में रहने वाले पश्चिम बंगाल के लोगों को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। सदन में इसी पर चर्चा होनी थी, लेकिन जब विपक्षी विधायकों ने वेल में पहुंच कर हंगामा किया तो स्पीकर ने बीजेपी के चीफ व्हिप शंकर घोष को सस्पेंड कर दिया। उनको बाहर निकालने के लिए मार्शल बुलाने पड़े। इस दौरान वह बेहोश हो गए।*

*प्रवासी बांग्ला भाषियों का मुद्दा ममता बनर्जी और उनकी पार्टी के लिए बेहद संवेदनशील है। वह इसे बांग्ला अस्मिता व पहचान से जोड़कर आगे बढ़ रही हैं। कुछ अरसा पहले उन्होंने यहां तक कह दिया था कि दूसरे राज्यों में गए बंगाल के लोग लौट आएं, सरकार उनका ख्याल रखेगी। तीन दिन पहले जब कोलकाता में लगे तृणमूल कांग्रेस के अस्थायी मंच को सेना ने हटा दिया था, तब भी काफी बवेला मचा था। तब सेना की तरफ से बताया गया था कि पार्टी ने परमिशन खत्म होने के बाद भी मंच नहीं हटाया था, इसलिए उसे कार्रवाई करनी पड़ी।*

*पश्चिम बंगाल एक लंबे अरसे से केंद्र और राज्य के बीच टकराव का मैदान बना हुआ है। पूर्व राज्यपाल केशरीनाथ त्रिपाठी और जगदीप धनखड़ व मौजूदा गवर्नर सीवी आनंद बोस के साथ राज्य के रिश्ते कभी सामान्य नहीं रहे। केशरीनाथ ने जाते-जाते ममता पर तुष्टिकरण का आरोप लगा दिया था, तो धनखड़ ने कहा था कि बंगाल में लोकतांत्रिक हालात सही नहीं हैं। वहीं, ममता का आरोप है कि राजभवन के जरिये केंद्र उनके अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप कर रहा है।*

*विपक्ष शासित किसी और सूबे की तुलना में बंगाल में केंद्र-राज्य संघर्ष ज्यादा आक्रामक है। इसकी वजह है वहां की सियासत। पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी पहली बार मुख्य विपक्षी पार्टी बनी थी। तब से वह अपना स्पेस लगातार बढ़ाने की कोशिश में है, जबकि टीएमसी के सामने चुनौती है अपनी जगह बचाए रखने की। राज्य में अगले साल मार्च-अप्रैल में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। चुनावी तारीख नजदीक आने के साथ टकराव और गहरा होगा। लेकिन, इसमें दोनों पक्षों को राजनीतिक मर्यादा और सीमाओं का ध्यान जरूर रखना चाहिए।*

*खैर, पश्चिम बंगाल की राजनीति में परस्पर कितनी कटुता है, इसका अंदाजा ममता बनर्जी के भाषण से सहज ही लग जाता है। देश के कई राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई चल रही है, पर पश्चिम बंगाल में यह मामला अलग ही राजनीतिक रूप ले चुका है। किसी जमाने में ममता बनर्जी को भी घुसपैठियों को लेकर बड़ी चिंता हुआ करती थी, पर अब उन्हें केवल बांग्लाभाषियों की चिंता है। उन्होंने इसे राजनीतिक औजार बना लिया है और इस कथित अत्याचार को वह बड़ा मुद्दा बनाना चाहती हैं। नेताओं को क्षेत्रीयता की ऐसी संकीर्ण राजनीति से बचना चाहिए। अगर किसी एक राज्य में ऐसी राजनीति होगी, तो इसका असर तमाम राज्यों पर पड़ेगा। मिसाल के लिए, गुरुवार को हुए बिहार बंद के जवाब में गुजराती बनाम बिहारी की राजनीति कतई प्रशंसनीय नहीं है। बंगाली प्रवासियों के प्रति देश में कतई खराब माहौल नहीं है। देश में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहां इस भाषा के आधार पर किसी को निशाना बनाया जा रहा हो। कहीं भी अगर अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई होती है, तो उसमें लगभग सभी राज्यों के गरीब प्रभावित होते हैं, लेकिन केवल बंगाली प्रवासियों के प्रति चिंता जताने की राजनीति निंदनीय है। कितना अच्छा होता, अगर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी देश के तमाम प्रवासियों के अधिकारों और सुरक्षा को एक बड़ा मुद्दा बनातीं।*

# देशहित में कॉरपोरेट पर भरोसा करने की जरूरत

राष्ट्रहित और कारोबार

आर जगन्नाथन



> नेताओं द्वारा कॉरपोरेट जगत को बेवजह निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। उन पर भरोसा ही उन्हें आगे बढ़ने में मदद करेगा। भारतीय व्यापारिक घरानों और उनकी तथाकथित व्यापारी मानसिकता पर किए जा रहे हमले एकदम अनुचित हैं। राजनेता और अफसरशाह दोनों ही उद्योग जगत पर भरोसा नहीं करते। बड़े कारोबारी घरानों की आलोचना विदेशी ताकतों को प्रेरित करेगी कि वे भी भारत के हितों को सीमित करने के लिए ऐसा ही करें।

भारतीय कारोबारी जगत ने कई नाकामियों का सामना किया है, इसके बावजूद एक बात जो नहीं होनी चाहिए वह है राजनीतिक दलों या बुद्धिजीवियों द्वारा उन पर कीचड़ उछालना या उन्हें गलत ठहराना। जब बड़े राजनेता उन पर बेवजह हमला करते हैं तो इससे देश का कोई भला नहीं होता। भले ही उद्योग जगत ने छोटी-मोटी गलतियां की हों लेकिन ऐसा नहीं किया जाना चाहिए। अदाणी और अंबानी के बारे में अंतहीन प्रलाप करना और फिर उन्हीं कारोबारी घरानों से यह उम्मीद करना कि वे निवेश करेंगे और भारत को वैश्विक छवि प्रदान करेंगे, यह मूर्खतापूर्ण है। एकाधिकार को रोकना एक बात है और यह मानना एकदम दूसरी बात है कि भारत को दिग्गज कारोबारी समूहों की आवश्यकता नहीं है।

बड़े कारोबारी घरानों की आलोचना विदेशी ताकतों को प्रेरित करेगी कि वे भी भारत के हितों को सीमित करने के लिए ऐसा ही करें। यह महज संयोग नहीं है कि अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग और हिंडनबर्ग रिसर्च ने गौतम अदाणी को निशाना बनाया जबकि उनके कदमों से किसी अमेरिकी नागरिक के अधिकार प्रभावित नहीं हुए थे। हाल ही में अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट द्वारा दिया गया बयान भी इसी श्रेणी में आता है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि भारत (यानी रिलायंस) सस्ते रूसी तेल को रिफाइन कर पश्चिमी देशों को निर्यात करता है और इससे मुनाफा कमा रहा है। व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने इससे भी आगे बढ़ते हुए भारत को रूस का लॉन्ड्रोमैट यानी धुलाई केंद्र कह दिया। उन्होंने कई और गंभीर आरोप लगाए।

अगर यूक्रेन युद्ध से किसी को लाभ हुआ है तो वह अमेरिका के सैन्य-औद्योगिक गठजोड़ को क्योंकि यूरोप और यूक्रेन दोनों ने उससे अधिक रक्षा साजोसामान खरीदे। अगर कोई अर्थव्यवस्था वाकई धुलाई केंद्र है तो वह अमेरिका है। दुनिया का कोई भी ऐसा मादक पदार्थ गठजोड़ या अवैध कारोबार नहीं है जो अमेरिकी डॉलर की मदद से काला धन सफेद नहीं करता हो। फेडरल रिजर्व बैंक ऑफ सेंट लुई के 2022 के एक शोध पत्र के मुताबिक 1.1 लाख करोड़ डॉलर की अमेरिकी नकदी में 100 डॉलर के नोटों का दो तिहाई विदेश में केंद्रीय बैंकों से परे रखा हुआ है। क्रिप्टो के आगमन के बाद इसमें बदलाव आ रहा है लेकिन डोनल्ड ट्रंप अब क्रिप्टो कारोबार में भी नजर आ रहे हैं।

अंबानी की आलोचना करने वाले एक महत्त्वपूर्ण सच्चाई को नजरअंदाज कर देते हैं। वह यह कि निजी कंपनियां सस्ते रूसी तेल के उपलब्ध होने से पहले ही कच्चा तेल आयात कर परिष्कृत उत्पादों का निर्यात करती रही हैं। भारत की सरकारी तेल कंपनियां मूल्य निर्धारण के नियमों से बंधी होती हैं, जबकि निजी क्षेत्र को इससे छूट प्राप्त है। इसका परिणाम यह है कि निजी रिफाइनिंग क्षमता का एक बड़ा हिस्सा निर्यात के लिए उपयोग होता है। यदि तेल की कीमतें वास्तव में मुक्त हों, तो अधिक परिष्कृत उत्पाद भारत में ही बेचे जा सकते हैं।

इससे भी अधिक नुकसानदेह है कई बुद्धिजीवियों मसलन प्रताप भानु मेहता जैसे लोगों द्वारा की जाने वाली आलोचना। उन्होंने अपने स्तंभ में लिखा कि भारतीय पूंजीवाद का उदय मुख्य रूप से कारोबारियों से हुआ जो मूल्य में अंतर से तो खूब लाभ कमाते हैं लेकिन वे निर्माण और सृजन में सक्षम नहीं रहे। शोध में कम निवेश करने और केवल मुनाफे पर काम करने के लिए भारतीय कंपनियों की आलोचना करना उचित है लेकिन यह मोटे तौर पर लाइसेंस परमिट राज का परिणाम है। अब वही नियामकों के राज में हो रहा है। राजनेता और अफसरशाह दोनों ही उद्योग जगत पर भरोसा नहीं करते। अगर यह बदलता है तो कारोबार अधिक भारतीय बौद्धिक संपदा अधिकारों, प्लेटफॉर्म, उत्पादों का निर्माण करेंगे और आर्थिक ताकतों को मजबूत करेंगे।

व्यापारिक मानसिकता के लिए केवल भारतीय कारोबारों को दोष देना सही नहीं। अमेरिका और यूरोप का पूरा खुदरा क्षेत्र इसी मॉडल पर काम कर रहा है। यानी सस्ते चीनी उत्पाद खरीदकर उनको देश में बेचना। कारोबार के लिए व्यापार और निर्माण दोनों आवश्यक हैं। जब आप प्रतिस्पर्धी नहीं रहते तो आप व्यापार से पैसे कमाते हैं। वह आपको अपना ग्राहक वर्ग बनाने का अवसर देता है ताकि आप अपना उत्पाद तैयार कर सकें। बात केवल अंबानी, अदाणी, बिरला या टाटा की नहीं है। ध्यान दीजिए कि मोबाइल फोन और अन्य वस्तुओं में क्या हो रहा है। एक दशक पहले भारतीय ब्रांड मसलन माइक्रोमैक्स और कार्बन आदि बाजार में काफी हिस्सेदारी रखते थे और ये चीन से आयातित कलपुर्जों से बनते थे। परंतु वे चीन की कीमतों का मुकाबला नहीं कर पाए। अब वीवो और श्याओमी जैसी चीनी कंपनियां उस बाजार पर काबिज हैं।

देश की आईटी कंपनियां भी कारोबार में हैं। वे सस्ते भारतीय कोडरों की मदद से अमेरिका और यूरोप के उच्च मार्जिन वाले बाजारों में काम करती हैं। वे भी व्यापारियों से अलग नहीं हैं। जब व्यापार करना लाभकारी होता है, तो अधिकांश व्यवसाय उसे अपनाते हैं। लेकिन जब व्यापार में लाभ नहीं दिखता, तो वे निर्माण की ओर रुख कर सकते हैं। जब सरकार और व्यवसाय का समीकरण भरोसे में बदल जाएगा, तो भारत की कंपनियां पीछे नहीं रहेंगी।

अब ऐसा ही हो रहा है। रक्षा से लेकर निजी क्षेत्र अब सैन्य साजोसामान बना भी रहा है और निर्यात भी कर रहा है। जोमैटो के संस्थापक अपने दो करोड़ डॉलर निवेश करके गैस टर्बाइन इंजन बना रहे हैं जो छोटी जगह से उड़ान भरने और उतरने में सक्षम विमान और मानवरहित विमान बनाने में इस्तेमाल होंगे। टाटा और महिंद्रा ने भारत के साथ वैश्विक बाजारों के लिए कार प्लेटफॉर्म बनाने शुरू कर दिए हैं। इसी अखबार के मुताबिक कुछ दोपहिया वाहन कंपनियों ने शोध एंव विकास पर 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आरंभ कर दिया है। मुकेश अंबानी की रिलायंस ने भी सोलर और हाइड्रोजन तकनीक में भारी निवेश की योजना घोषित की है जबकि अदाणी अन्य क्षेत्रों में ऐसा ही करेंगे। लार्सन ऐंड टूब्रो, गोदरेज, टाटा, बिरला और कई छोटे स्टार्टअप्स भी एरोस्पेस, रक्षा उपकरणों और ड्रोन में निवेश कर रहे हैं। सेमीकंडक्टर चिप और फैब्स तो हैं ही।

नियमन के अलावा, उन कंपनियों के लिए जो गहन तकनीक, उत्पादों और प्लेटफार्म में निवेश करने की क्षमता रखती हैं, शेयर बाजार ध्यान भटकाने वाला तत्व बन गया है। इन्फोसिस, टीसीएस और एचसीएल टेक जैसी कंपनियों के पास भारी नकदी है जिसे आसानी से भारत के मालिकाने वाले बौद्धिक संपदा अधिकार के विकास में लगाया जा सकता है। लेकिन इसके बजाय वे इसका उपयोग अपने अंशधारकों को प्रसन्न करने में लगाती हैं। या तो इन कंपनियों को लाभांश भुगतान कम करना चाहिए और उस बचत को बौद्धिक संपदा अधिकार के निर्माण में लगाना चाहिए, या फिर उनके संस्थापकों को अपनी संपत्ति का उपयोग करके बड़े प्लेटफार्म और उत्पाद बनाने चाहिए।

अगर जोमैटो के दीपेंद्र गोयल अपनी निजी संपत्ति से शोध एवं विकास में निवेश कर सकते हैं, तो बाकी अरबपति क्यों नहीं कर सकते? कुछ सूचीबद्ध कंपनियां सूचीबद्धता समाप्त करने पर विचार कर सकती हैं ताकि वे दीर्घकालिक बौद्धिक संपदा परियोजनाओं को आगे बढ़ा सकें।

भारत की कंपनियों में विश्वास बनाए रखना बेहद ज़रूरी है। अविश्वास और व्यापारिक मानसिकता के आरोपों से कोई मदद नहीं मिलेगी। माइक्रोसॉफ्ट, गूगल और एमेजॉन जैसी वैश्विक ताकतों का मुकाबला अगर कोई कर सकता है, तो वे हैं अडाणी, अंबानी, बिड़ला और टाटा जैसे भारतीय उद्योगपति। हमारे बड़े व्यवसायों को उनकी खामियों के बावजूद संरक्षण देना चाहिए। अगर वे कोई गलती करते हैं, तो हमें उसे यहीं सुलझाना चाहिए। विदेशियों

# कमजोर तबके उठाते हैं फैसलों में देरी का खामियाजा

न्याय प्रणाली

विराग गुप्ता



> यह धारणा मजबूत हो रही है कि ताकतवर लोगों के मामलों में जल्द सुनवाई के साथ त्वरित फैसले हो जाते हैं। मुकदमों में विलंब का खामियाजा अधिकांशतः कमजोर और गरीब लोगों को भुगतना पड़ता है। फैसले में विलंब से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलने के साथ न्यायिक अनुशासन को भी ठेस पहुंचती है।

अग्रिम जमानत के मामले में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई खत्म होने के तीन सप्ताह बाद तक आदेश जारी नहीं हुआ। सुप्रीम कोर्ट में याचिका के बाद हाईकोर्ट की वेबसाइट में आदेश अपलोड हो गया। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के जज साहब के स्टेनो की डायरी जब्त करने और एनआइसी के लॉग रिकॉर्ड की जांच का आदेश दिया है। सुनवाई खत्म होने के बाद आदेश जारी करने में देरी का मर्ज देशव्यापी होने के साथ बहुत पुराना है। एक अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट के जज सूर्यकांत की पीठ ने झारखंड हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से स्टेटस रिपोर्ट मंगायी। उसके अनुसार जनवरी, 2022 से दिसंबर, 2024 के दौरान 56 मामलों में सुनवाई खत्म होने के बावजूद आदेश जारी नहीं हुए थे। सुप्रीम हस्तक्षेप के बाद 10 याचिकाओं का निपटारा हो गया। उनमें से अधिकांश मामले गरीब लोगों से जुड़े थे। इलाहाबाद हाईकोर्ट का हाल तो और भी बेहाल है। वहां एक मामले में दिसंबर, 2021 में सुनवाई पूरी होने के बाद जनवरी, 2025 तक आदेश पारित नहीं हुआ। उस मामले में सुप्रीम कोर्ट के जज प्रशांत कुमार मिश्रा ने 25 अगस्त के फैसले में कहा कि ऐसे विलंब से न्यायपालिका के प्रति लोगों का भरोसा कमजोर होता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे विलंब से निपटने के लिए हाईकोर्टों में शिकायत निवारण का प्रभावी तंत्र नहीं है। इससे पहले अक्तूबर, 2020 के फैसले में जस्टिस संजय किशन कौल ने महाराष्ट्र में औरंगाबाद हाईकोर्ट के फैसलों के विलंब पर रोष व्यक्त किया था।

यह धारणा मजबूत हो रही है कि ताकतवर लोगों के मामलों में जल्द सुनवाई के साथ त्वरित फैसले हो जाते हैं। मुकदमों में विलंब का खामियाजा अधिकांशतः कमजोर और गरीब लोगों को भुगतना पड़ता है। फैसले में विलंब से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलने के साथ न्यायिक अनुशासन को भी ठेस पहुंचती है। सिविल प्रोसिजर कोड (सीपीसी) के अनुसार सुनवाई खत्म होने के 30 दिन में आदेश जारी होना चाहिए। विशेष मामलों में यह अवधि 60 दिन हो सकती है। पुराने क्रिमिनल प्रोसिजर कोड (सीआरपीसी) में ट्रायल खत्म होने के बाद जल्द फैसले के नियम के बावजूद स्पष्ट समयसीमा निर्धारित नहीं थी। नये बीएनएसएस कानून के अनुसार सुनवाई खत्म होने के 45 दिन के भीतर आदेश जारी होना चाहिए।

अगर तीन महीने के भीतर फैसला न हो, तो खुली अदालत में फैसला जारी करने के लिए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस आदेश दे सकते हैं। वह मामले को दूसरे जज के पास सुनवाई के लिए भी भेज सकते हैं। पर फैसला लिखने में देरी करने वाले जजों को दंडित करने की बजाय उनके द्वारा मामले की दोबारा सुनवाई होने से पक्षकारों की पीड़ा और बढ़ जाती है।

सुनवाई खत्म होने के बाद लिखित फैसला जारी करने में देरी और मुकदमे की सुनवाई में देरी, दोनों अलग-अलग बातें हैं। सुनवाई में देरी से जिला अदालतों में 4.6 करोड़ और हाईकोर्ट में 63.30 लाख मुकदमे लंबित हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट में 2,185 मुकदमे 50 वर्ष से ज्यादा समय से लंबित हैं। दिल्ली की जिला अदालतों में लंबित 15.62 लाख मुकदमों में से 2.21 लाख मुकदमों में स्टे मिला है। आपराधिक मुकदमों में जमानत और सिविल मुकदमों में स्थगन के बाद मुख्य मामलों की सुनवाई और फैसला टलता रहता है। सुप्रीम कोर्ट की 'प्रिजन इन इंडिया-2024' की रिपोर्ट के अनुसार जेलों में बंद 70 फीसदी कैदी गरीब परिवार से हैं। झारखंड के 56 मामलों में सुनवाई के बावजूद फैसलों में देरी से साफ है कि गरीबों के पास पैरवी के लिए अच्छे वकील न होने से उन्हें जल्द न्याय नहीं मिलता।

गरीबों की निःशुल्क कानूनी मदद के लिए सरकार की विधिक सेवा योजना भी मकसद पूरा करने में विफल है। सोशल मीडिया में व्यंग्य चल रहा है कि आवारा कुत्तों को तुरंत राहत मिल गयी, पर आम जनता को जीवनकाल में न्याय नहीं मिलता। सरकारी डीटीसी बस में 15 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा कराने के आरोप में बर्खास्त कंडक्टर को सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले से राहत मिली। पर कई दशक की मुकदमेबाजी के बाद सुप्रीम कोर्ट में अपील की सुनवाई में देरी के दौरान कंडक्टर की मृत्यु हो गयी। ऐसी देरी से न सिर्फ पक्षकारों का भरोसा कमजोर होता है, बल्कि देश की आर्थिक प्रगति में बाधा भी होती है।

संविधान के अनुच्छेद-141 के अनुसार भी इस मसले पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले हाईकोर्ट के जजों पर बाध्यकारी हैं। उसके बावजूद सुनवाई के बाद फैसलों में देरी के बढ़ते देशव्यापी मर्ज से कई सवाल खड़े होते हैं। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के मामले में स्टेनो की डायरी जब्त करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश से जाहिर है कि ऐसे विलंब के पीछे न्याय को प्रभावित करने वाले दूसरे कारण भी हो सकते हैं।

हाईकोर्ट संवैधानिक अदालत हैं और उनका स्वतंत्र क्षेत्राधिकार भी है, लेकिन संवैधानिक उत्तरदायित्व के निर्वहन के लिए जजों को संक्षिप्त और सारगर्भित फैसले लिखने चाहिए। इसके लिए जटिल मामलों की सुनवाई के बाद फैसलों को तुरंत लिखवाने और वेबसाइट में अपलोड करने से पारदर्शिता के साथ न्यायिक सिस्टम में ईमानदारी भी बढ़ सकती है। अगर आम आदमी सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करे, तो उसके खिलाफ अवमानना का मामला चल सकता है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन न होने पर पुलिस महानिदेशक और मुख्य सचिव के खिलाफ भी अवमानना मामलों में सख्त आदेश पारित होते हैं। जजों को संवैधानिक सुरक्षा हासिल है और उनके खिलाफ अवमानना का मामला नहीं चल सकता। इसके बावजूद सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का उल्लंघन करने वाले जजों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इससे मुकदमों का जल्द निपटारा होने के साथ न्यायिक व्यवस्था के प्रति लोगों का भरोसा और सम्मान बढ़ेगा।

प्रसंगवश

## जीएसटी सुधारों से मिलेगी अर्थव्यवस्था को रफ्तार

> जीएसटी में बदलाव करके उसे मोटे तौर पर 5 और 18 फीसदी की दो दरों वाला तुलनात्मक रूप से सरल ढांचा बना दिया गया। हालांकि जीएसटी अभी भी पूरी तरह एकल दर वाले कर ढांचे के विचार के करीब नहीं है लेकिन ताजा बदलाव कई विसंगतियों और व्यवस्था की ढांचागत कमियों को दूर करने वाले साबित होंगे।

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बुधवार को आयोजित 56वीं बैठक में अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में अहम सुधारों की घोषणा की गई। माना जा रहा है कि इससे उपभोक्ताओं को फायदा होगा, वर्गीकरण संबंधी विवाद कम होंगे और अनुपालन में सुधार होगा। जीएसटी में बदलाव करके उसे मोटे तौर पर 5 और 18 फीसदी की दो दरों वाला तुलनात्मक रूप से सरल ढांचा बना दिया गया है।

चुनिंदा नुकसानदेह वस्तुओं और सेवाओं के लिए 40 फीसदी की दर रखी गई है। यह भी कहा जा सकता है कि जीएसटी अभी भी पूरी तरह एकल दर वाले कर ढांचे के विचार के करीब नहीं है लेकिन ताजा बदलाव कई विसंगतियों और व्यवस्था की ढांचागत कमियों को दूर करने वाले साबित होंगे। यह भी निर्णय लिया गया कि इस माह के अंत से पहले वस्तु एवं सेवा कर अपीलीय पंचाट का परिचालन शुरू किया जाएगा ताकि अपील स्वीकार की जा सकें। जीएसटी के ढांचे में इस व्यवस्था की कमी महसूस की जा रही थी। नया कर ढांचा 22 सितंबर से प्रभावी होगा।

अब 12 और 28 फीसदी की दरों को समाप्त कर दिया गया है और इनमें आने वाली वस्तुओं को 5 और 18 फीसदी की दर में समाहित कर दिया गया है। इससे बड़ी संख्या में उपभोक्ता वस्तुएं सस्ती होंगी। छोटी कारों और मोटरसाइकिल पर भी 28 फीसदी के स्थान पर 18 फीसदी कर लगेगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि बीमा उत्पादों को जीएसटी से मुक्त कर दिया गया है। इससे वे किफायती बनी रहेंगी और उनकी पहुंच बढ़ेगी। इनवर्टेड कर ढांचे से संबंधित कुछ मुद्दों पर भी सुधार किया गया है। उदाहरण के लिए मानव निर्मित कपड़े और उर्वरक क्षेत्र में। कृषि उपकरणों मसलन ट्रैक्टर तथा अन्य मशीनरी पर भी जीएसटी कम किया गया है। क्षतिपूर्ति उपकर जिसका संग्रह राज्यों को महामारी के दौरान हुई राजस्व हानि की भरपाई की खातिर लिए गए कर्ज को चुकाने के लिए किया जाता है, उसका भी अंत हो जाएगा। केवल चुनिंदा नुकसानदेह वस्तुओं पर ही वह लागू रहेगा। सामान्य स्तर पर, जीएसटी दरों में कटौती से मांग में वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। एक अनुमान के अनुसार, यह आने वाली कुछ तिमाहियों में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि में लगभग एक फीसदी का योगदान कर सकता है और अमेरिका द्वारा लगाए गए उच्च शुल्कों के प्रभाव को कुछ हद तक संतुलित कर सकता है। हालांकि, वास्तविक परिणामों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करना आवश्यक होगा। केवल त्योहारों के कारण और दरों में कटौती की उम्मीद से रुकी हुई मांग से आगे बढ़कर। फिर भी, समग्र रूप से कम जीएसटी दरों का मुद्रास्फीति पर नरमी लाने वाला प्रभाव अवश्य पड़ेगा। सबसे कठिन होगा इसके राजकोषीय प्रभाव का आकलन। यानी सरकार के राजस्व और व्यय पर इसका असर जानना।

सरकार ने कहा है कि दरों को तर्कसंगत बनाने से राजस्व पर करीब 48,000 करोड़ रुपये का असर होगा। काफी कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि मांग किस तरह प्रतिक्रिया देती है। नीतिगत नजरिये से देखें तो औसत जीएसटी दर 11.6 फीसदी से कम हो जाएगी जो पहले ही एकदम आरंभ के 14.4 फीसदी से कम है। परिषद शायद 5 फीसदी की निचली दर को कुछ हद तक बढ़ाने की संभावना पर विचार कर सकती थी ताकि राजस्व संग्रह को बढ़ाया जा सके। इससे उपभोक्ता को समग्र स्तर पर लाभ मिलता ही, साथ ही केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर कुछ हद तक राजस्व की सुरक्षा भी कर पातीं। इसके अलावा, यह भविष्य में एक समान दर की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करता। यह संरचना को और अधिक सरल बनाने का अवसर भी देता, जिससे जूते-चप्पल, परिधान और वाहन जैसे उत्पादों पर एक ही दर से कर लगाया जा सकता। फिर भी, किए गए बदलाव समग्र रूप से सकारात्मक हैं और अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को कहीं अधिक सरल बनाएंगे।

## ।।गीता।।



**श्लोक**


**न ही कश्चित् विजानाति**
**किं कस्य श्वो भविष्यति।**
**अतः श्वः करणीयानि**
**कुर्यादद्यैव बुद्धिमान॥**

**भावार्थ**

किसी को नहीं पता कि कल क्या होगा इसलिए जो भी कार्य करना है आज ही कर ले यही बुद्धिमान इंसान की निशानी है।

जीवन दर्शन

## आत्म-करुणा के साथ निपटा जा सकता है भावनात्मक पीड़ा से



अपने-आप को बुरा और योग्य समझने वाले लोग अक्सर अन्दर ही अन्दर भावनात्मक पीड़ा से जूझ रहे होते हैं, लेकिन उनका अवचेतन मन उन पीड़ाओं को उनकी चेतना तक नहीं पहुँचने देता, जिससे उन्हें इस बात का आभास ही नहीं होता कि वो भावनात्मक रूप से जख्मी हैं और उन्हें उपचार की आवश्यकता है। आज के दौर में अध्यात्म और हीलिंग के माध्यम से लोग मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं। भावनात्मक पीड़ा, जो किसी को दिखती नहीं है, टूटे रिश्तों, निराशा या अप्रत्याशित घटनाओं से उत्पन्न हो सकती है। अपनी भावनाओं को स्वीकार करना, ध्यान और साँस पर ध्यान केंद्रित करना ये सब भावनात्मक उपचार के महत्वपूर्ण उपाय हैं। आज का दौर अध्यात्म और हीलिंग का है। इन दोनों क्षेत्रों में जागरूकता के साथ-साथ चेतना पर भी काम किया जाता है और साथ ही लोगों को मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से भी स्वस्थ किया जाता है। लेकिन इससे पहले भावनात्मक पीड़ा या हीलिंग के बारे में लोग ना तो सोचते थे और ना ही जानते थे। वो बस अनजाने भाव से उससे जूझते रहते थे। भावनात्मक पीड़ा यानि एक ऐसा दर्द जिसे कोई देख नहीं सकता लेकिन महसूस हर पल किया जाता है। ये पीड़ा टूटे रिश्तों, निराशा, असफलताओं, या किसी अप्रत्याशित घटना से जन्म ले सकती है। लेकिन आज के दौर की अच्छी बात ये है कि इससे निपटा जा सकता है, धीरे-धीरे, समझदारी से और आत्म-करुणा के साथ। अपने दुःख या गुस्से को दबाने की कोशिश न करें। उसे महसूस करें, लिखें, या किसी भरोसेमंद व्यक्ति से साझा करें। भावनाओं का स्वीकार करना ही पहला उपचार है। माईंडफुलनेस और प्राणायाम आपको वर्तमान में लाते हैं और मन की बेचैनी को कम करते हैं। हर दिन 10-15 मिनट का ध्यान आपकी मानसिक शक्ति को बढ़ा सकता है। हर दिन रात को 5 मिनट लिखिए कि आज आपको कैसा महसूस हुआ। क्या अच्छा लगा और क्या नहीं? इससे आपका मन हल्का होगा और आत्मनिरीक्षण की आदत बनेगी। किसी दोस्त, परिवार या थेरेपिस्ट से बात करें। अकेले सब कुछ झेलना जरूरी नहीं है। समर्थन लेना कमजोरी नहीं, समझदारी है। पेंटिंग, संगीत, लेखन, बागवानी जैसी रचनात्मक चीज़ें मन को संतुलन देती हैं और नकारात्मक ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में मोड़ती हैं। जब मन टूटता है, जीवन का उद्देश्य धुंधला लगने लगता है। कुछ ऐसा करें जो आपको अर्थ दे, चाहे वो दूसरों की मदद करना हो, नया कौशल सीखना हो या खुद की देखभाल करना। दर्द से भागने की कोशिश आपको और गहरे में धकेल सकती है। शराब, सोशल मीडिया पर अति निर्भरता या खुद को अलग-थलग करना समाधान नहीं है। याद रखें भावनात्मक पीड़ा स्थायी नहीं होती। जैसे शरीर घाव भरता है, वैसे ही मन भी भरता है, यदि आप उसे समझदारी, समय और करुणा दें।

**स्वामी सुबोधानंद**

## संक्षिप्त खबरें

### अग्रिम राशि 4 से बढ़ाकर 10 हजार करने की मांग

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** मप्र के तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारियों ने त्योहारों पर मिलने वाली अग्रिम राशि बढ़ाने की मांग की है। कर्मचारियों का कहना है कि बीते 16 साल से यह राशि 4 हजार पर अटकी हुई है। इसे बढ़ाकर 10 हजार किया जाए। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी बताया कि मप्र शासन में कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी श्रेणी कर्मचारियों को विगत 16 साल से 4000 त्यौहार अग्रिम दिया जा रहा है। जिसकी वसूली 10 किस्तों में 6.50 प्रतिशत ब्याज के साथ की जाती है। अब लगातार त्यौहार आ रहे हैं आने वाले त्यौहारों में हर परिवार में खर्चा बढ़ जाता है तिवारी ने बताया 1998 में 600 वर्ष 2003 में 1000 हुआ 2009 में 4000 हुआ तब से अभी तक वृद्धि नहीं की गई। जबकि महंगाई में वृद्धि हो गई है। संगठन द्वारा मुख्यमंत्री से प्रदेश के समस्त तृतीय, चतुर्थ श्रेणी कार्यभारित एवं आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ सरकार की तरह 10000 त्यौहार अग्रिम दिया जाए। सरकार पर अतिरिक्त भार नहीं आएगा क्योंकि यह पैसा कर्मचारी ब्याज सहित सरकार को वापस करते हैं। इसे दृष्टिगत रखते हुए त्यौहार अग्रिम 10000 करने के आदेश जारी किए जाएं।


### अतिक्रमण नहीं हटा तो अधिकारी होंगे दोषी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मप्र के ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार श्मशान भूमि से अतिक्रमण हटवाएगी और इन स्थानों को फेंसिंग के जरिए संरक्षित किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास ने शुक्रवार को संबंध में आदेश जारी कर दिए है, जिसमें साफ तौर पर कहा गया है कि किसी भी ग्राम पंचायत में यदि श्मशान घाट के लिए आरक्षित भूमि पर अतिक्रमण मिलता है,तो इसके लिए प्रारभिंक तौर पर ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पंचायत समन्वय अधिकारी तथा उपयंत्री उत्तरदायी रहेंगे। इन स्थानों का विकास 5 वें राज्य वित्त आयोग मद से कराया जाएगा। पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन आमजन के लिये प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं प्रत्येक आश्रित ग्राम में वित्तीय वर्ष 2025-26 तक न्यूनतम सुरक्षित एवं सहज तथा बारहमासी निर्बाध पहुंच वाले श्मशान घाट की उपलब्धता के लिये प्रतिबद्ध है।

# ओबीसी आरक्षणः सरकार की पहल तेज, कांग्रेस ने लगाए आरोप

## दिल्ली स्थित मप्र भवन में शासन एवं ओबीसी महासभा के अधिवक्ताओं की संयुक्त बैठक हुई, सर्वदलीय बैठक में बनी थी सहमति

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण को लेकर बनी सर्व सहमति के बाद भी सियासी घमासान जारी है। सरकार की पहल पर दिल्ली में जहां संबंधित अधिवक्ताओं की अहम बैठक हुई, तो कांग्रेस ने सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगा दिया। पूर्व सीएम कमलनाथ ने भी सरकार की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं। गौरतलब है कि प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाने को लेकर बीते दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर सर्वदलीय बैठक हुई थी, जिसमें आम सहमति से निर्णय लिया गया था कि इस मामले पर सभी पक्षों के वकील एक साथ बैठकर रणनीति तय करेंगे, जिससे जल्द ही ओबीसी को आरक्षण दिलाया जा सके। इस मामले से जुड़ी याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय में आगामी 23 सितम्बर से सुनवाई होनी है। इसे लेकर दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन मप्र शासन के अधिवक्ताओं



एवं ओबीसी महासभा के अधिवक्ताओं की एक संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें ओबीसी महासभा के अधिवक्ताओं की ओर से मप्र शासन द्वारा नियुक्त वरिष्ठ अधिवक्ता के अतिरिक्त अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं की नियुक्ति के लिए दो नामो का पैनल दो दिवस में देने की सहमति दी गई है।

### सरकार रुख पलटने की तैयारी में: कमलनाथ



मामले पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सरकार की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि पिछले छह माह से भाजपा ओबीसी आरक्षण को लेकर दोमुंही नीति अपना रही है। बयानों में भाजपा और उसके नेता 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण का समर्थन करते है,लेकिन अदालत में और नीति बनाने के मामले में भाजपा सरकार 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण का विरोध करती है। उन्होंने आगे लिखा कि अब जब सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की अंतिम सुनवाई शुरु होने वाली है, तब उससे पहले मध्यप्रदेश सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाकर 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर की थी। कांग्रेस सहित सभी दलों ने इस मुद्दे पर सरकार का समर्थन दिया था। लेकिन अब फिर से खबर आ रही है कि सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान सरकार अपने रुख से पलटने की तैयारी कर रही है। पूर्व सीएम ने कहा कि मैं भाजपा को आगाह करना चाहता हूं कि वह समाज की बदलती जरुरतों को पहचाने।

### जीतू ने सीएम को लिखा पत्र



कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने सरकार पर इस मामले पर यू टर्न लेने का आरोप लगाया है। पत्र में पटवारी ने लिखा कि ओबीसी आरक्षण के मुद्दे को लेकर हुई सर्वदलीय बैठक में ओबीसी छात्रों के लिए 13 फीसदी होल्ड पदों को बहाल करने का भरोसा दिया था। लेकिन दिल्ली में एडवोकेट जनरल के साथ हुई बैठक में नतीजा बिल्कुल विपरीत रहा। जीतू ने बताया कि दिल्ली में हुई बैठक में ओबीसी छात्रों और उनके वकीलों की मौजूदगी में इन होल्ड पदों को बहाल करने की बात से सीधे तौर पर इंकार कर दिया। उनका पूरा जोर सिर्फ ओबीसी आरक्षण के लिए एक स्पेशल एडवोकेट नियुक्त करने पर था, इससे साफ पता चलता है कि सरकार की कथनी और करनी में अंतर है।

## उज्जैन, सागर और खंडवा में सामने आए विवाद, पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर संभाली स्थिति

# गणेश सवारी पर पथराव, लव जिहाद की झांकी से नाराजगी, तनाव फैला



**जागरण, उज्जैन।** उज्जैन से लगे महिदपुर में विसर्जन के पूर्व निकली भगवान गणेश की सवारी पर पथराव हो गया। इससे क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। झांकी पर पथराव कर रहे लोगों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। विवाद की वजह गणेशजी की सवारी में बनाई गई लव जिहाद की झांकी को बताया जा रहा है। सवारी पर यह पथराव मोती मस्जिद के पास हुआ। जैसे ही सवारी मस्जिद के पास से गुजरी, तभी कुछ लोगों ने सवारी में मौजूद लोगों पर पथराव कर दिया। बताया जाता है कि पथराव करने वाले मुस्लिमजन सवारी में लगाई गई लव जिहाद की झांकी को लेकर नाराज थे। खासकर झांकी में टोपी पहने लड़के और महिला को बुरखे में दिखाए जाने पर लोगों को आपत्ति थी। बताया जाता है कि झांकी में वर्ग विशेष को बदनाम करने की अफवाह फैलने के बाद समाज के लोगों ने तहसील कार्यालय का घेराव कर दिया था। यहां जमा हुए 200 से ज्यादा लोगों ने लव जिहाद की झांकी में पुतले को पहनाई गई टोपी, दाढ़ी और बुर्का हटाने की मांग की। इसकी आपत्ति सुन एसडीएम ने तत्काल हटवाने की बात कहते हुए प्रदर्शनकारियों से आपत्ति को लेकर एक आवेदन देने को कहा। इससे वहां मौजूद युवा आक्रोश जताते हुए वहां से चले गए। पथराव के बाद पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर लोगों को खदेड़ दिया। उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा के मुताबिक फिलहाल शांतिपूर्ण माहौल है। सभी अपने घर चले गए हैं। ऐहतियात के तौर पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके बाद सवारी भी शांति पूर्ण ढंग से निकाली गई है। अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर माहौल बिगाड़ने वालों की पहचान की जा रही है।

### सर तन से जुदा जैसे नारे, एफआईआर दर्ज



**जागरण, सागर।** सागर में एक बाइक रैली के दौरान गूंजे सर तन से जुदा के नारों पर हिंदू संगठनों ने नाराजगी जताई है। साथ ही इसे शहर की शांति बिगाड़ने वाला कदम बताया है। पुलिस ने बाइक रैली के आयोजक कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष फिरदोस कुरैशी सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। शुक्रवार को इस रैली का वीडियो सामने आया है। इसके बाद हिंदू संगठन द्वारा कोतवाली थाने में शिकायत की गई। शिकायत पर पुलिस ने रैली निकालने वाले ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष फिरदोष कुरैशी के साथ ही पम्मा कसाई, शहबाज और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ईद मिलादुन्नबी के उपलक्ष्य में यह बाइक रैली गुरूवार को निकाली गई थी। राहतगढ़ बस स्टैंड से शुरू हुई यह बाइक रैली बड़ा बाजार, बस स्टैंड और परकोटा होते हुए कटरा बाजार में तीनबत्ती तिराहे पर पहुंची। तीन बत्ती चौराहे पर ही कुछ युवकों ने सर तन से जुदा के नारे लगाए। हिंदू जागरण मंच के उमेश सराफ ने कोतवाली थाने में शिकायत करते हुए कहा कि गुरुवार को बाइक रैली में गुस्ताख-ए-रसूल की एक सजा, सर तन से जुदा-सर तन से जुदा के नारों से शहर का माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई।

### जुलूस के दौरान बनी तनाव की स्थिति

**खंडवा।** ईद मिलादुन्नबी के जुलूस के दौरान शुक्रवार को खालवा के खारकला में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। दरअसल जमानत पर रिहा मुबारिक ने बजरंग दल कार्यकर्ता विजय बागड़ा को घर के सामने धमकाने का प्रयास किया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही हिंदू संगठनों ने आक्रोश जताते हुए खंडवा-खालवा मार्ग को चार घंटे तक जाम रखा। सैकड़ों महिलाएं और पुरुष धरने पर बैठे गए और पुलिस कार्रवाई की मांग करने लगे। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और संगठन पदाधिकारियों व ग्रामीणों से बातचीत कर मामला शांत कराया।

## 2.20 करोड़ के राशन घोटाले में 4 अफसरों पर एफआईआर

**विसं, भोपाल।** जबलपुर में 2.20 करोड़ का खाद्यान्न गायब होने का मामला सामने आया है। इसमें खाद्य विभाग के 4 अफसरों सहित 33 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। जबलपुर में पीडीएस के तहत मिलने वाला 2.20 करोड़ का गेहूं, चावल और नमक गायब कर दिया गया। जांच कराई गई, तो खाद्य विभाग के चार अधिकारियों सहित 33 लोगों पर प्रारंभिक तौर पर आरोप लगाए गए हैं। मामले में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी भावना तिवारी और जिला आपूर्ति नियंत्रक नुजहत बानो सहित खाद्य विभाग के चार अधिकारियों के शामिल होने की बात सामने आई है। बताया गया है कि कुछ राशन दुकानदारों द्वारा स्टॉक एडजस्टमेंट को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इसके बाद खाद्य विभाग ने नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी), हैदराबाद से पोर्टल की जांच कराई, जिसमें सामने आया कि फर्जी लॉगिन आईडी और संदिग्ध आईपी एड्रेस का इस्तेमाल कर राशन स्टॉक की मात्रा को कम किया गया था। जांच से साफ हो गया कि यह घोटाला सुनियोजित तरीके से किया गया था। जांच रिपोर्ट में 11 राशन दुकानों से 391.780 मीट्रिक टन गेहूं, 338.789 मीट्रिक टन चावल और अन्य सामग्री मिलाकर कुल 2.20 करोड़ का स्टॉक गायब पाया गया। यह स्टॉक हितग्राहियों को वितरित करने की बजाय खुले बाजार में बेच दिया गया और फिर पोर्टल पर स्टॉक कम दिखाकर हेराफेरी की गई। आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं के अलावा मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत भी आरोप लगाए हैं। इस संबंध में कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बताया कि कमिश्नर फूड के निर्देश पर जब जांच कराई गई, तो यह पता चला कि जबलपुर के लॉगिन और पासवर्ड से ही इस पोर्टल को एक्सेस किया गया था। जांच में 33 लोगों की संलिप्तता मिली है।

> गड़बड़ी में संलिप्त अधिकारियों एवं उस दौरान संचालनालय में पदस्थ रहे अधिकारियों के विरुद्ध उचित एक्शन लिया जाएगा। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होगी, जिससे हितग्राहियों का हक कोई दूसरा मार न सके।
> **गोविन्द सिंह राजपूत**, मंत्री खाद्य नागरिक आपूर्ति

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत यूजी और पीजी का संपूर्ण कोर्स तैयार करने के लिए 15 सितंबर से जुटेगा अध्ययन मंडल

## कोर्स बनाने के लिए स्वशासी विश्वविद्यालयों के साथ निजी विश्वविद्यालयों को भी किया गया शामिल



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अभी तक यूजी के प्रथम और पीजी के प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर का सेलेबस तैयार हो सका है। आगामी सत्र से विद्यार्थियों का सिलेबस तैयार अभी तक नहीं हो सका है। इसलिए उच्च शिक्षा विभाग ने अध्यादेश क्रमांक 14 (1) और 14 (2) में यूजी द्वितीय और तृतीय वर्ष और पीजी तृतीय/चतुर्थ सेमेस्टर के लिए कोर्स तैयार करने स्वशासी और निजी विश्वविद्यालय और कालेजों में कार्यशाला आयोजन के लिए तिथियां निर्धारित की है। इसमें देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर में गणित विषय पर 15 और 16 सितंबर, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर में इतिहास विषय पर 15 और 16 सितंबर, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर में भौतिक विज्ञान विषय पर 15 और 16 सितंबर, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में दर्शन शास्त्र विषय पर 15 और 16 सितंबर, अटल बिहारी बाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल में हिंदी साहित्य विषय पर 15 और 16 सितंबर, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन में संस्कृत विषय पर 15 और 16 सितंबर, बरकतुल्ला विश्वविद्यालय भोपाल में समाज शास्त्र विषय पर 17 और 18 सितंबर, पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय शहडोल में रसायन शास्त्र विषय पर 17 और 18 सितंबर, मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय भोपाल में राजनीति शास्त्र विषय पर 17 और 18 सितंबर, एकेएस विश्वविद्यालय सतना में वाणिज्य विषय पर 17 और 18 सितंबर, मानसरोवर ग्लोबल विश्वविद्यालय सीहोर में वनस्पति विज्ञान विषय पर 17 और 18 सितंबर, स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर में अर्थशास्त्र विषय पर 17 और 18 सितंबर, एमिटी विश्वविद्यालय ग्वालियर में मनोविज्ञान विषय पर 17 और 18 सितंबर, श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय इंदौर में प्रबंधन विषय पर 22 और 23 सितंबर, आरकेडीएफ विश्वविद्यालय भोपाल में प्राणिशास्त्र विषय पर 22 और 23 सितंबर, जागरण लेक विश्वविद्यालय भोपाल में अंग्रेजी साहित्य विषय पर 22 और 23 सितंबर, राजा विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन में भूगोल विषय पर 22 और 23 सितंबर, गृह विज्ञान कालेज जबलपुर में गृह विज्ञान विषय पर 22 और 23 सितंबर और राजा मानसिंह तोमर संगीत विश्वविद्यालय ग्वालियर में संगीत विषय पर 23 और 24 सितंबर को कार्यशाला आयोजित होगी।

### भारतीय ज्ञान परम्परा शीर्ष समिति की बैठक

भारतीय ज्ञान परम्परा पर प्रदेश के 10 संभागों में कार्यशाला आयोजित करने के लिए तिथियां निर्धारित की हैं। एक दिवसीय संभागवार कार्यशाला, 10 संभागों में व्यापक रूप से विद्यार्थियों एवं प्रोफेसरों को लागू अध्यादेशों से अवगत कराने रखी गई है। नर्मदापुरम संभाग में 27 सितम्बर, उज्जैन संभाग में 29 सितंबर, इंदौर संभाग में 1 अक्टूबर, ग्वालियर संभाग में 4 अक्टूबर, चंबल संभाग में 6 अक्टूबर, रीवा संभाग में 9 अक्टूबर, शहडोल संभाग में 11 अक्टूबर, सागर संभाग में 13 अक्टूबर, जबलपुर संभाग में 15 अक्टूबर और भोपाल संभाग में 17 अक्टूबर को कार्यशाला होगी।

# दिग्विजय ने सराहा, तो विजयवर्गीय ने जताई पीड़ा

### इंदौर महापौर के पुत्र संघमित्र के भाषण को लेकर हो रही राजनीति

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** इंदौर महापौर के पुत्र संघमित्र के भाषण को लेकर राजनीति हो रही है, जिस पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश



विजयवर्गीय ने अपनी पीड़ा जताई है। हालांकि संघमित्र के भाषण की राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने सराहना की है। विजयवर्गीय ने इस मामले को लेकर सोशल मीडिया में पोस्ट किया है,जिसमें उन्होंने कहा है कि महापौर के सुपुत्र वाद-विवाद प्रतियोगिता के एक सामान्य वक्तव्य पर राजनीतिक मोहरा बनाना न केवल निंदनीय है, बल्कि अमानवीय भी प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि वाद-विवाद प्रतियोगिता का मूल ही यही है कि कुछ प्रतिभागी पक्ष रखते हैं तो कुछ विपक्ष। संघमित्र ने वहां विपक्ष की भूमिका निभाते हुए अपनी वाक्-कला का परिचय दिया। यह ठीक वैसा ही है जैसे रंगमंच पर कोई अभिनेता कभी नायक तो कभी खलनायक का अभिनय करता है। विजयवर्गीय आगे लिखा कि आशुतोष राणा इंदौर में कल आयोजित होने वाले हमारे राम नाटक में रावण की भूमिका निभा रहे हैं। क्या इससे वे सचमुच रावण हो गए? नहीं, यह तो केवल कला की अभिव्यक्ति है। दुःख की बात यह है कि संघमित्र को केवल इस वजह से ट्रोल किया जा रहा है क्योंकि वे इंदौर के मेयर पुष्यमित्र के पुत्र हैं। यह आलोचना एक उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर युवा की प्रतिभा और आत्मविश्वास को तोड़ने का प्रयास है। यह व्यवहार न केवल अन्यायपूर्ण है बल्कि हमारे समाज की सोच पर भी गहरा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। कितना खेदजनक है कि राजनीति इतनी नीचे गिर जाए कि बच्चों की मासूम प्रतिभा भी उसकी भेंट चढ़ जाए। मध्यप्रदेश की राजनीति का इस स्तर तक गिरना वास्तव में चिंताजनक है। मैं मुख्यमंत्री का आभारी हूं, जिन्होंने संघमित्र की वाकपटुता को न सिर्फ सराहा बल्कि सुझाव भी दिए। उनका यह कदम न केवल प्रोत्साहन है, बल्कि संदेश देता है कि सच्ची प्रतिभा को राजनीति के तराजू में नहीं तोलना चाहिए।

### भार्गव के बेटे के बयान पर दिग्विजय की प्रतिक्रिया



इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव के बेटे के भाषण पर दिग्विजय सिंह ने कहा कि मुझे यह नहीं पता था कि वे महापौर के पुत्र हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में जो भाषण दिया वह बेहद प्रभावशाली और तथ्यपूर्ण था। उनकी शैली और प्रस्तुत किए गए तर्कों से मैं पूरी तरह सहमत हूं। कांग्रेस उनके बयान को लेकर राजनीति नहीं कर रही है प्रतियोगिता में दिए गए भाषण को प्रभावशाली बताना राजनीति नहीं होता है।

## देवरी नपा अध्यक्ष नेहा जैन को बड़ी राहत, बनी रहेंगी पद पर

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ के आदेश से नगर परिषद देवरी, जिला सागर की अध्यक्ष नेहा जैन को बड़ी राहत मिली है। इसके अंतर्गत आगामी सुनवाई तक पद पर बने रहने की व्यवस्था दी गई है। साथ ही राज्य शासन को चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिए गए हैं। कोर्ट ने अध्यक्ष के विरुद्ध लगाए गए आरोपों को प्रथम दृष्ट्या निराधार व संदिग्ध पाते हुए यह राहत प्रदान की है। याचिकाकर्ता नेहा जैन की ओर से अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता नगर परिषद की निर्वाचित अध्यक्ष हैं। याचिका में राज्य सरकार के बीते 25 अगस्त, 2025 को जारी उस आदेश को चुनौती दी है, जिसके तहत उन्हें अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। याचिका में आरोप राजनीतिक साजिश और असंतुष्ट पार्षदों की मिलीभगत से उन्हें बेबुनियाद आरोपों के आधार पर हटाया गया, जो अवैधानिक है। याचिका में दावा किया गया है कि यह कार्रवाई राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित होकर की गई, जो लोकतांत्रिक जनादेश पर सीधा प्रहार है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

**केले के तने के रेशे ....**
से बातचीत के दौरान कल्याण सिंह ने बताया कि 25 बीघा में मक्का की फसल लगी थी, जिस पर उन्हें 10 हजार रुपए का मुआवजा मिला। सीएम ने याद दिलाया कि वह केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ अशोकनगर दौरे पर आए थे। उन्होंने कहा—'साहब को बता देना कि हमने वादा निभा दिया।' धार के जगदीश नामक किसान ने बताया कि उसने 7 बीघा में पपीता लगाया था और उसे 39 हजार रुपए मुआवजा मिला। इस पर विधायक ने बताया कि धार का पपीता उत्तरप्रदेश तक जाता है। मुख्यमंत्री ने किसानों को उत्साहित करते हुए कहा- 'अब विदेश भेजो, ताकि धार की पहचान और आगे बढ़े।' छतरपुर के रमेश यादव से संवाद करते हुए सीएम ने मूंगफली की फसल पर हुए नुकसान के बारे में पूछा। रमेश ने राहत राशि का ब्योरा दिया तो सीएम ने मुस्कराते हुए कहा- 'जितना मिला है उतना ही बता रहे हो न, कहीं किसी और के कहने पर तो नहीं?' किसानों ने आश्वस्त किया कि उन्हें जो भी मुआवजा मिला है, वह सही जानकारी दे रहे हैं। इसके अलावा रायसेन के किसानों से भी मुख्यमंत्री ने बात की और नुकसान की स्थिति जानी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसानों को उनकी मेहनत का पूरा सम्मान देना है और आपदा की घड़ी में उनके साथ मजबूती से खड़ा रहना है।

**97 दिन की जांच...**
पत्नी के साथ हनीमून मनाने गया था। चार्जशीट में सोनम समेत 8 आरोपियों के नाम शामिल हैं। इसकी जानकारी राजा के परिवार को शुक्रवार रात मिली, जब मेघालय पुलिस ने बयान में बताया कि इस केस में मेघालय के सोहरा सब-डिवीजन के मजिस्ट्रेट की कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई है। चालान की जानकारी शिलॉन्ग पुलिस ने इंदौर पुलिस को भी नहीं दी। इस मामले में शिलॉन्ग की एसआईटी ने आठ आरोपियों सोनम, राज, विशाल,आकाश, आनंद, शिलोम, बलवीर, और लोकेंद्र को गिरफ्तार किया था। इनमें से केवल शिलोम और लोकेंद्र को जमानत मिली है। शेष आरोपी अभी जेल में बंद हैं। शिलोम पर सोनम को फ्लैट दिलाने और सबूत मिटाने के आरोप थे जबकि लोकेंद्र के कहने पर ही सोनम ने अपना बैग जलाया था। इस केस में मास्टरमाइंड सोनम का कथित प्रेमी राज कुशवाह है, जिसने सोनम के साथ मिलकर अपने साथियों की मदद से राजा को ठिकाने लगाने और बचने का प्लान बनाया था।

**ऐसे चला घटनाक्रम..... :** 24 मई- राजा-सोनम का परिवार से संपर्क टूटा, परिजन ने एक्टिवा रेंट पर देने वाले की जानकारी निकाली।
27 मई- कैलाश विजयवर्गीय ने गृह मंत्री अमित शाह को जानकारी दी। मेघालय के सीएम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बात की। इसके बाद सर्चिंग शुरू हुई, भारी बारिश के चलते खोज अभियान में विलंब हुआ।
2 जून- राजा का शव गहरी खाई में मिला और 3 जून को पीएम रिपोर्ट में हत्या कुल्हाड़ी से होने की पुष्टि हुई
4 जून- राजा का शव इंदौर लाया गया। अंतिम संस्कार हुआ। मामले की सीबीआई जांच की मांग हुई।
9 जून - सोनम यूपी के गाजीपुर में एक ढाबे में मिली। पूछताछ में राज कुशवाह, विशाल चौहान, आकाश राजपूत, आनंद कुर्मी, शिवाल जेम्स, बलवीर अहिरवार, लोकेंद्र तोमर का नाम आया। इन्हें हिरासत में लिया गया। गौरतलब है कि 11 मई को हुई शादी के 9 दिनों बाद 20 मई को राजा और सोनम हनीमून के लिए इंदौर से मेघालय गए और 23 मई को राजा की हत्या कर खाई में फेंक दिया गया था। परिवार से संपर्क टूटने के बाद तलाश शुरू हुई और 2 जून को खाई में राजा का शव मिल गया। 3 जून को पीएम रिपोर्ट में उसकी हत्या धारदार हथियार से करने का खुलासा हुआ। बाद में सोनम यूपी के गाजीपुर स्थित एक ढाबे में बदहवास हालत में मिली। मेघालय पुलिस सोनम को साथ ले गई। इसके बाद हत्या की प्लानिंग का खुलासा हो गया। शिलॉन्ग पुलिस ने इसके बाद इंदौर पुलिस की मदद से राज कुशवाह, विशाल चौहान, आकाश राजपूत, आनंद कुर्मी, शिवाल जेम्स, बलवीर अहिरवार, लोकेंद्र तोमर को अलग अलग स्थानों से हिरासत में ले लिया।


**करोड़ों खर्च, फिर...**
मानक से कई गुना अधिक है। यही वजह है कि कई नदियों का पानी नहाने तक योग्य नहीं रह गया। फ्लैगशिप योजनाओं की पोल यह रिपोर्ट खोलती है कि सरकारी खर्च और नीतियां कागज़ों तक सीमित हैं। अगर जल्द ही ठोस और ईमानदार कदम नहीं उठाए गए, तो मध्यप्रदेश की नदियां न केवल प्रदूषण से बल्कि अस्तित्व से भी मिट सकती हैं।

**स्वास्थ्य जगत**

## सैंपल रजिस्ट्रेशन सर्वे 2023 की रिपोर्ट हुई जारी, शिशु मृत्यु दर में भी 3 अंकों की गिरावट

# मप्र की मातृ मृत्यु दर में सुधार, एक साल में 17 अंकों की छलांग

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश की मातृ मृत्यु दर में बड़े स्तर पर सुधार आया है। यह आंकड़ा जो वर्ष 2022 में 159 पर था, घटकर 142 पर आ गया है। केंद्र द्वारा जारी सैंपल रजिस्ट्रेशन सर्वे 2023 की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। सर्वे की रिपोर्ट वर्ष 2023 पर आधारित है, जिसे हाल ही में रिलीज किया गया है। सर्वे के अनुसार मप्र में प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 142 माताओं की मृत्यु हो रही है। जो कि वर्ष 2022 में 159 हुआ करती थी। इससे पहले के वर्षों में यह आंकड़ा 175 होता था। सर्वे रिपोर्ट में शिशु मृत्यु दर, जन्म दर और अन्य जानकारियां भी हैं।




### सुधार के बाद भी देश में नीचे से तीसरे पायदान पर

भले ही मप्र की मातृ मृत्यु दर में सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी स्थिति चिंताजनक है। देश के अन्य राज्यों की स्थिति मप्र से बेहतर है। एमएमआर के मामले में मप्र का देश में नीचे से तीसरा स्थान है। ओडिशा 159 और छत्तीसगढ़ 146 अंकों के साथ पहले और दूसरे पायदान पर है। मप्र की मातृ मृत्यु दर देश की औसत एमएमआर से लगभग दोगुना है। देश में प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 88 माताओं की मृत्यु हो रही है।

### 2030 तक 80 पर लाने का लक्ष्य

एसआरएस सर्वे के बाद स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हमारे लगातार प्रयासों से स्थिति सुधर रही है। हमारे मैदानी अमले द्वारा निरंतर मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए काम किया जा रहा है। हमारी सरकार ने लक्ष्य रखा है कि वर्ष 2030 तक एमएमआर को घटाकर 80 करना है। इसके साथ ही शिशु मृत्यु दर को 20 और एनएमआर को 10 करने का लक्ष्य है।

### 37 पर आई शिशु मृत्यु दर

आएसआर सर्वे में इंफेन्ट मोर्टेलिटी रेट (आईएमआर) का भी उल्लेख है। इसमें भी सुधार हुआ है। वर्ष 2022 में प्रति हजार बच्चों पर यह 40 थी, जो वर्ष 2023 में घटकर 37 पर आई गई है। 3 अंकों की गिरावट के बाद भी मप्र में शिशु मृत्यु दर सबसे अधिक है। मप्र के साथ छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश एक ही पायदान पर हैं। यह दर देश में 25 है, जबकि मप्र में यह आंकड़ा 37 पर है। वर्ष 2021 की स्टडी बताती है कि मप्र में प्रति एक हजार बच्चों पर 43 बच्चों की मौत हुआ करती थी। इस आंकड़े में लगातार सुधार हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### टोंटी चोरी बयान पर भाजपा विधायक को सपा का नोटिस

**लखनऊ/बलिया, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले की बांसडीह विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक केतकी सिंह इन दिनों अपने एक बयान के चलते चर्चाओं में बनी हुई है। बीजेपी विधायक ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए उनसे सरकारी टोंटियों का हिसाब किताब मांगा था। उनके इस बयान के बाद से सूबे की राजनीति गरमा गई थी। सपा ने बीजेपी विधायक को नोटिस भेज दिया है। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने बताया कि बीजेपी विधायक केतकी सिंह को अमर्यादित टिप्पणी, झूठ और छवि धूमिल करने वाले बयान के लिये कानूनी नोटिस भेजा है। सपा अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और वकील कृष्ण कन्हैया पाल ने बताया कि बीजेपी विधायक केतकी सिंह ने फर्जी आरोप लगाए हैं, जो बेसलेस हैं। नोटिस के जरिये बीजेपी विधायक से सार्वजनिक रूप से मांफी मांगने के लिए कहा गया है। इसके लिए 15 दिन का समय दिया गया है। इसके साथ ही 5 करोड़ रुपये का हर्जाना भी मांगा जाएगा, जो पूरी तरह से आपके जोखिम और खर्च पर होगा।

शीना बोरा केस में आया नया ट्विस्ट

### मुख्य गवाह विधि मुखर्जी का यू-टर्न, बदला बयान



**नई दिल्ली, जेएनएन।** शीना बोरा हत्याकांड में मुख्य गवाह विधि मुखर्जी ने गुरुवार को मुंबई की एक विशेष सीबीआई अदालत में हलफनामा दाखिल कर चौंकाने वाला खुलासा किया। विधि मुख्य आरोपी इंद्राणी मुखर्जी की बेटी हैं। उन्होंने दावा किया कि सीबीआई ने उनकी मां की गिरफ्तारी के बाद 2015 में उनका बयान दर्ज किया था। यह बयान उनकी दो दिन पहले की गवाही से बिल्कुल उलट है, जिसमें उन्होंने कहा था कि सीबीआई की चार्जशीट में उनके बयान के नाम पर दस्तावेज जाली और मनगढ़ंत थे। इस यू-टर्न ने मामले को और पेचीदा कर दिया है। 28 साल की विधि स्पेन में रहती हैं और छुट्टियों में मुंबई आती हैं। उन्होंने तीन दिन तक गवाह के तौर पर अपनी बात रखी। उनका कहना है कि 2022 में तैयार किया गया यह हलफनामा उन्होंने तब दाखिल करने के लिए रखा था, अगर वह खुद कोर्ट में मौजूद न हो पातीं।

### ज्योतिष की मानव उपयोगिता प्रमाणित करने के लिए ज्योतिर्विद करेंगे मंथन

**जागरण, भोपाल।** जीवन रेखा ज्योतिष केंद्र द्वारा दिवंगत पंडित मनीराम उपाध्याय की स्मृति में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन और ज्योतिषियों का सम्मान देने का कार्यक्रम 7 सितंबर को सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक मालवीय नगर, सिटी ट्रेड सेंटर, रतनवाला हॉल में होगा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष (राज्य मंत्री स्तर) पंडित विष्णु प्रसाद राजोरिया दीप प्रज्वलित करके करेंगे। भारत और विदेशों से 251 ज्योतिषी इस सम्मेलन में भाग लेंगे और आधुनिक वैज्ञानिक युग में ज्योतिष की प्रासंगिकता और व्यावहारिक उपयोगिता को स्थापित करने के लिए अनुसंधान की आवश्यकता पर चर्चा करेंगे। वे अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे और ज्योतिष की प्रामाणिकता पर अपने विचार साझा करेंगे। जीवन रेखा ज्योतिष केंद्र के संस्थापक और अध्यक्ष, राज्य ज्योतिषी पंडित कृपा राम उपाध्याय और ज्योतिषी पंडित राजकुमार उपाध्याय ने सम्मेलन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आम लोगों को निःशुल्क ज्योतिष परामर्श दिया जाएगा।

# बाढ़ ने मिटा दी भारत-पाक की सीमा!

## खाली पड़े हैं पोस्ट | बह गई 30 किमी लोहे की बाड़

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रावी नदी में बाढ़ की वजह से भारत-पाकिस्तान की सीमा पर लगी लगभग 30 किलोमीटर लंबी लोहे की बाड़ भी बह गई। वहीं दर्जनों ऐसी पोस्ट हैं जहां बीएसएफ के सैनिक मौजूद नहीं हैं। यही हाल पाकिस्तान का भी है। पानी की ताकत के सामने इंसानों की बनाई सरहदें भी टिक नहीं पाईं। पंजाब में उग्र रूप धारण करने वाली रावी नदी ने भारत और पाकिस्तान की सीमा पर करीब 30 किलोमीटर की तारबंदी ही खत्म कर दी। खंभे और तार भीषण बाढ़ में बह गए। वहीं दोनों ही तरफ दर्जनों चेकपोस्ट खाली पड़े हैं। बाढ़ को देखते हुए बीएसएफ ने भी अपने चेकपोस्ट खाली कर दिए थे और सारा साजो सामान भी निकाल लिया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक ड्रग्स स्मग्लर्स इस बाढ़ का भी फायदा उठाने में लगे हैं। अधिकारियों ने बताया कि कई तस्करों ने सीमा को लांघने की कोशिश की थी, हालांकि वे बीएसएफ की नजर में आ गए और पकड़े गए। बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर के डीआईजी एके विद्यार्थी ने कहा, अकेले गुरदासपुर में हमारे 30 से 40 पोस्ट पानी में डूब गए हैं। सभी को समय पर बाहर निकाल लिया गया था। इसके अलावा लगभग 30 किलोमीटर की बाड़ बाढ़ की वजह से तबाह हो गई है। कई गांवों के लोगों ने भागकर बीएसएफ के शिविरों में शरण ली है। करतारपुर साहिब कॉरिडोर की बीएसएफ पोस्ट भी बाढ़ के पानी में डूब गई है। वहीं जवानों ने भागकर डेरा बाबा नानक के गुरुद्वारा दरबार साहिब में शरण ली है। अधिकारियों ने कहा, रावी नदी ने सीमा पार भी तबाही मचाई है। पाकिस्तानी रेंजर्स ने कई पोस्ट खाली कर दी हैं। कई साल बाद रावी में इतनी भीषण बाढ़ आई है।



### रावी नदी के 28 से ज्यादा बांध टूटे

गुरदासपुर ड्रेनेज डिपार्टमेंट के मुताबिक रावी नदी के 28 से ज्यादा बांध टूट गए हैं। अमृतसर में ही 1- से 12 बंधे टूटे हैं। वहीं पठानकोट में एक दो किलोमीटर लंबा बांधा टूट गया है। डेरा बाबा नानक के पास 500 मीटर के लगभग बाड़ उखड़ गया है। बीएसएफ का कहना है कि महीने भर में इसे फिर से दुरुस्त कर दिया जाएगा। वहीं बीएसएफ के जवान फिरोजपुर और अन्य जिलों में राहत बचाव में लगे हुए हैं।

### भांखड़ा डैम का जलस्तर घटा

उधर पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने शुक्रवार को बताया कि भाखड़ा डैम का जलस्तर अब घटकर 1678.66 रह गया है, जबकि कल यह 1679.05 था, यानी लगभग आधा फुट की कमी आई है। बैंस ने कहा कि अगले कुछ दिनों में बारिश पहले से कम है, सभी जगह मौसम में सुधार होने की उम्मीद है, यह राहत भरी खबर है। उन्होंने कहा, हम लगातार स्थिति पर नज़र रखे हुए हैं, पिछले कई दिनों से हम अपने कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य तेज़ कर चुके हैं, ईश्वर की कृपा से किसी भी तरह की जनहानि टल गई है।

# चीन से सीमा विवाद एक बड़ी चुनौती, दूसरी पाकिस्तान, दोनों के पास परमाणु हथियार

## बोले सीडीएस राष्ट्र को चलाने के लिए विचारधारा उतनी ही जरूरी है जितना शरीर के लिए खून

**गोरखपुर, जेएनएन।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा- भूमि राष्ट्र की भौतिक पहचान है। राष्ट्र की विचारधारा की सुरक्षा भी जरूरी है। एक राष्ट्र के संचालन के लिए विचारधारा उतनी ही जरूरी है, जितना शरीर के लिए खून। यह प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करता है। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने गोरखपुर में ने कहा कि चीन के साथ भारत का सीमा विवाद देश के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। वहीं भारत के खिलाफ पाकिस्तान का लगातार हमला अगला बड़ा मुद्दा है। पाकिस्तान का मकसद हमेशा से भारत को हजार जख्म देकर लहूलुहान करने का रहा है। उन्होंने कहा कि देश के सामने चुनौतियां थोड़े समय के लिए नहीं रहतीं, वो कई तरह से मौजूद हैं। एक चुनौती यह भी है कि युद्ध के नियम बदल चुके हैं, अब साइबर और अंतरिक्ष भी इसमें शामिल है।



### चार खतरे होते हैं

सीडीएस चौहान ने कहा, देश में चार तरह के खतरे होते हैं। आंतरिक खतरे। बाहरी खतरे, सहयोग से उत्पन्न आंतरिक खतरे और सहयोग से उत्पन्न आंतरिक खतरे। मानना है कि किसी भी राष्ट्र की सुरक्षा तीन स्तर पर देख सकते हैं। तीन घेरे के रूप में। सबसे छोटा घेरा सैनिक तत्परता, उससे बड़ा घेरा राष्ट्रीय सुरक्षा और सबसे बड़ा घेरा राष्ट्र सुरक्षा है। ये तीनों घेरे एक साथ मिलकर काम करते हैं। सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भरता जरूरी है। इसे रक्षा अनुसंधान (रिसर्च) से भी जोड़ना चाहिए।

### सीमा विवाद: पहले कई लड़ाईयां भी हुईं

सीडीएस चौहान ने कहा- दुश्मन परमाणु हथियारों से लैस है। आजादी के बाद से सीमा विवाद को लेकर कई लड़ाइयां हुईं। चीन के साथ सीमा विवाद सबसे बड़ी चुनौती है। शुक्रवार को जनरल चौहान गोरखनाथ मंदिर में आयोजित 'भारत के समक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियां' विषय पर आयोजित सेमिनार पहुंचे थे। वहां पर उन्होंने ये बातें कहीं। इस दौरान सीएम योगी भी उनके साथ रहे। ये सेमिनार महंत दिग्विजयनाथ महाराज और अवेद्यनाथ महाराज की पुण्यतिथि पर हर साल आयोजित किया जाता है।

### युद्ध राजनीति का ही विस्तार है

जर्मन विद्वान ने कहा था कि युद्ध राजनीति का ही विस्तार है। इसके गहरे निष्कर्ष हैं। युद्ध और अंतरराष्ट्रीय राजनीति को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता। जब किसी भी देश की सरकार इस स्थिति में पहुंचती है कि सैन्य इस्तेमाल की जरूरत है तो सैन्य अधिकारी को आगे के लिए रणनीति बुलाया जाता है। बालाकोट ऑपरेशन के बाद भारत ने लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियार और पाकिस्तान ने एयर डिफेंस की जरूरत पर काम किया। उरी अटैक के बाद जमीनी मार्ग का सहारा लिया। पुलवामा हुआ तो एयर स्ट्राइक की। पहलगाम हुआ तो लोअर एयरस्पेस का सहारा लिया।

### योगी बोले- धरती के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं होगी

सीएम योगी ने कहा-चाणक्य ने कहा था कि जहां आंतरिक सुरक्षा नहीं होती, वह अराजक राष्ट्र होता है। जल्द ही ख़त्म हो जाता है। पाकिस्तान उसका उदाहरण है। भारत इस मामले में सतर्क है। यहां बचपन से सीख दी जाती है कि धरती हमारी माता है, इसलिए इस धरती के साथ छेड़छाड़ कोई बर्दाश्त नहीं कर सकता। किसी ने छेड़छाड़ की, तो हर भारतवासी उसके खिलाफ खड़ा होगा। भगवान राम ने प्रण लिया था कि राक्षसों को समाप्त कर दूंगा। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा था कि सुरक्षा के लिए जो खतरा बना है, उसे खत्म करके ही कोई राष्ट्र सुरक्षित बन सकता है। आप सुख की नींद इसलिए सो रहे हैं, क्योंकि एक सैनिक मोर्चे पर माइनस डिग्री तापमान में खड़ा होकर सुरक्षा कर रहा है। हमने दुश्मन को उसकी सीमाओं का एहसास कराया।

### ऑपरेशन सिंदूर का भी किया उल्लेख

ऑपरेशन सिंदूर की बात करते हुए उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल के पहलगाम हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया था। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के दौरान सशस्त्र बलों को पूरी तरह आजादी थी, जिसमें योजना बनाना और टारगेट का चयन करना शामिल था। हमारा उद्देश्य आतंकवादियों से बदला लेना नहीं, बल्कि एक ही उद्देश्य था, धैर्य की सीमा रेखा खींचना।

# दिल्ली में घुसा यमुना का पानी, कई इलाके प्रभावित



**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली में भारी बारिश के बाद बाढ़ से हालात खराब हैं। यमुना के बढ़ते जलस्तर ने यमुना बाजार, गीता कॉलोनी, मजनू का टीला, कश्मीरी गेट, गढ़ी मांडू और मयूर विहार जैसे इलाकों को बुरी तरह प्रभावित किया है। अब तक 14,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। दिल्ली के जल और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश वर्मा ने यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर और राष्ट्रीय राजधानी में जलजमाव की स्थिति पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान जलजमाव यमुना नदी के बाढ़ का कारण नहीं बल्कि बारिश के पानी के कारण है। शुक्रवार को उन्होंने दिल्ली के कश्मीरी गेट इलाके में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया।

### यमुना का जलस्तर 207.24 मीटर पहुंचा

शुक्रवार को दिल्ली में यमुना के जलस्तर में गिरावट दर्ज की जा रही है। दोपहर 12 बजे जलस्तर 207.24 मीटर पहुंच गया। जबकि सुबह आठ बजे जलस्तर 207.31 मीटर था।

### जम्मू-श्रीनगर हाइवे 10वें दिन भी बंद

जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश और भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है। भूस्खलन और बारिश के कई जगहों पर सड़कें क्षतिग्रस्त हो गए है। कुछ को बहाल कर दिया गया है, लेकिन सड़कें अभी बंद है। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग लगातार 10वें दिन शुक्रवार को भी बंद रहा। यातायात ठप रहने से लोगों काफि परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जम्मू क्षेत्र के पुंछ जिले को कश्मीर के शोपियां जिले से जोड़ने वाले अंतर-क्षेत्रीय मुगल रोड को तीन दिनों तक बंद रहने के बाद वाहनों के आवागमन के लिए फिर से खोल दिया गया है। कश्मीर जाने वाले राजमार्गों और अन्य अंतर-क्षेत्रीय सड़कों के बंद होने के कारण कठुआ से कश्मीर तक विभिन्न स्थानों पर 3,700 से अधिक वाहन फंस गए हैं। यातायात पुलिस अधिकारी ने बताया कि चार दिनों से बंद मुगल रोड को यातायात के लिए पुनः खोल दिया गया है, और हल्के वाहनों (एलएमवी) सहित यात्री और निजी कारों को मुगल रोड पर दोनों ओर से जम्मू से श्रीनगर की ओर तथा पुंछ के रास्ते श्रीनगर की ओर जाने की अनुमति दे दी गई है।

## नेपाली पीएम ने जिनपिंग से की भारत की शिकायत, चीन बोला दखल नहीं देंगे



**बीजिंग, जेएनएन।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने पिछले दिनों चीन के तियानजिन में आयोजित एससीओ समिट में लिपुलेख का मुद्दा उठाया था। ओली को उम्मीद थी कि भारत की शिकायत लेकर चीन के पास पहुंचे नेपाली पीएम को समर्थन मिलेगा, लेकिन चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ऐसा जवाब दे दिया, जिसके बाद ओली अब शायद ही दोबारा ऐसा कदम उठाएं। जिनपिंग ने ओली से साफ तौर पर कह दिया कि यह मामला नेपाल और भारत के बीच का है, ऐसे में वह इसमें दखल नहीं देंगे और भारत-नेपाल को ही इसे सुलझाना होगा। दरअसल, हाल ही में उत्तराखंड की सीमा पर स्थित लिपुलेख दर्रे के जरिए भारत और चीन में व्यापार को लेकर सहमति बनी है, जिससे नेपाल नाराज है। एससीओ समिट में नेपाल के पीएम केपी शर्मा ओली ने चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के सामने दावा किया कि लिपुलेख नेपाल का इलाका है। यह पिछले दस सालों में पहली बार था, जब किसी नेपाल के नेता ने जिनपिंग के सामने ऐसा दावा किया हो। लिपुलेख दर्रे के जरिए भारत और चीन के बीच बनी सहमति का जिक्र करते हुए ओली ने कहा कि यह नेपाल का इलाका है। एक रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय ने वह बात बताई जो ओली के साथ बैठक में जिनपिंग ने कही। चीनी राष्ट्रपति ने कहा, लिपुलेख एक पारंपरिक सीमा दर्रा है, और इसके संचालन के लिए एक समझौता किया गया है। चीन नेपाल के दावे का सम्मान करता है, लेकिन चूंकि सीमा विवाद भारत और नेपाल के बीच एक द्विपक्षीय मुद्दा है, इसलिए इसे दोनों पक्षों को सुलझाना होगा।

# 'बी' से बीड़ी और 'बी' से बिहार कहकर फंसी कांग्रेस को मांगनी पड़ी माफी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बी से बीड़ी और बी से बिहार पर कांग्रेस बुरी तरह से फंस गई है। इसके लिए कांग्रेस को माफी भी मांगनी पड़ी। इसके पोस्ट को डिलीट कर दिया। जीएसटी सुधारों की आलोचना करते हुए कांग्रेस ने बीड़ी और बिहार की तुलना वाला ट्वीट किया था। इसके साथ उसने एक चार्ट भी शेयर किया था, जिसमें तंबाकू पर वर्तमान और प्रस्तावित दरों को दिखाया गया था। इसके बाद कांग्रेस की काफी ज्यादा आलोचना होने लगी थी। भाजपा ने इसको लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा था।

**सफाई में क्या कहा:** केरल कांग्रेस की ओर से 'एक्स' पर पोस्ट साझा कर कहा गया है कि, 'हम देख रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के जीएसटी से जुड़े चुनावी प्रचार पर हमारी टिप्पणी को तोड़ा- मरोड़ा जा रहा है। अगर किसी को हमारी बात से ठेस पहुंची है तो हम माफी चाहते हैं। इस पूरे प्रकरण पर बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि, 'उन्होंने केरल कांग्रेस की पोस्ट नहीं देखी है, लेकिन अगर ऐसा कोई बयान दिया गया है तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।



**कांग्रेस ने क्या लिखा था:** गौरतलब है कि कांग्रेस की केरल प्रदेश इकाई ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर बीड़ी-सिगरेट पर जीएसटी की नयी दर लागू करने में सिगरेट के साथ पक्षपात की ओर संकेत करते हुए कहा कि बीड़ी और बिहार का पहला अक्षर (अंग्रेजी) के बी से शुरू होता है। बीड़ी में अब कोई बुराई नहीं मानी जाएगी।

**भाजपा नेता हुए हमलावर** कांग्रेस की पोस्ट पर भाजपा नेता हमलावर हैं। बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की माता जी का अपमान करने के बाद कांग्रेस अब पूरे बिहार का अपमान करने पर उतर आई है। इसके अलावा भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने भी इसको लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि यह बिहार के प्रति इंडिया गठबंधन की नफरत की झलक है।

### फ्लाइट के साथ जुड़ीं सान्या मल्होत्रा




**जबलपुर।** रिलैक्सो फुटवियर्स लिमिटेड के भारत के मशहूर फैमिली फैशन फुटवेयर ब्रांड, फ्लाइट ने बॉलीवुड एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इसके साथ ही, ब्रांड ने त्योहार और शादी के सीज़न के लिए नई डिज़ाइन्स की शानदार रेंज भी लॉन्च की है, ताकि लोग हर मौके पर स्टाइलिश अंदाज़ अपना सकें। सान्या मल्होत्रा अपनी बेबाक अदाओं और युवा जोश के लिए जानी जाती हैं, जो फ्लाइट की जीवंत सोच- 'सर उठा, कदम बढ़ा' से बखूबी मेल खाती है। रिलैक्सो फुटवियर्स लिमिटेड के होल टाइम डायरेक्टर गौरव कुमार दुआ ने कहा कि सान्या के ब्रांड एंबेसडर बनने और हमारे नए कैंपेन के साथ हम 'सर उठा कदम बढ़ा' को एक नए स्तर पर ले जा रहे हैं, ताकि भारत का हर कदम आत्मविश्वास और स्टाइल से भरा हो।

**स्टाइल, आत्मविश्वास के साथ 'सर उठा, कदम बढ़ा'**

## लाल आंखें और माथे पर चोट, उर्फी जावेद बदहवास हालत देख चौंके फैंस

**मुंबई, जेएनएन।** अपने बोल्ड अंदाज के लिए मशहूर सोशल मीडिया सेंसेशन और फैशन आइकन उर्फी जावेद ने इंस्टाग्राम पर रोती हुई सेल्फी पोस्ट करके अपने फैंस को चिंता में डाल दिया है। एक्ट्रेस ने भावुक तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनकी आंखें नम दिखाई दे रही थीं, जिससे नेटिजन्स के बीच चिंता की लहर दौड़ गई। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर उर्फी जावेद ने कई तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें वह रोती हुई दिखाई दे रही हैं और अपना घायल सिर भी दिखा रही हैं। हालांकि, उन्होंने इसके पीछे का कारण नहीं बताया। इसके अलावा, उन्होंने गणपति उत्सव मनाने की एक झलक भी दिखाई। हालांकि, उनकी रोती हुई सेल्फी ने तुरंत ध्यान खींचा और फैंस ने उनसे पूछ कि क्या सब ठीक है। एक फैन ने लिखा- क्या हुआ? दूसरे ने लिखा- तुम क्यों रो रही हो, प्रिय। इतना ही नहीं, उन्हें रोता हुआ देख तो फैंस का दिल पिघला लेकिन गणेश उत्सव मनाने के लिए कुछ हेटर्स भी आ धमके। उन्होंने उर्फी से धर्म की दुहाई देते हुए कहा कि उन्होंने ये सही नहीं किया लेकिन उर्फी को किसी से फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने तो खुलकर पूजा में भी हिस्सा लिया। उर्फी जावेद 4 जुलाई को निकिता लूथर के साथ द ट्रेटर्स की विनर बनीं। दोनों ने 70.05 लाख रुपये की पुरस्कार राशि जीती। 20 सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट्स के साथ शुरू हुआ अमेज़न प्राइम वीडियो का यह शो एक रोमांचक फिनाले के साथ खत्म हुआ जहां दोनों ने कॉमेडियन हर्ष गुजराल को हराकर खिताब अपने नाम किया।




साम्राज्य | रुखसत हुआ दुनिया को संवरने का सलीका सिखाने वाला, दुनिया भर में 600 स्टोर, 9000 कर्मचारी

# कौन संभालेगा अरमानी का 1.5 लाख करोड़ का साम्राज्य

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दुनिया में फैशन किंग के नाम से मशहूर डिजाइनर जॉर्जियो अरमानी 91 वर्ष की उम्र में दुनिया को अलविदा कह गए। अरमानी फैशन की दुनिया के वह जादूगर हैं, जिसने हमें सिर्फ कपड़े पहनना ही नहीं, बल्कि खुद को एक्सप्रेस और एडमायर करना सिखाया। इटली का यह नाम सिर्फ फैशन इंडस्ट्री का नहीं, बल्कि एक जनरेशन का ट्रेंड बन चुके थे। उनका जाना सिर्फ एक व्यक्ति का जाना नहीं, बल्कि एक सोच, एक विजन और एक स्टाइल की रुखसती है। फैशन को एक अलग तरीके से पेश वाले इस आइकन ने 1970 के दशक में जब बिना लाइनिंग वाले सूट और अनस्ट्रक्चर्ड जैकेट्स को पेश किया, तो किसी ने नहीं सोचा था कि यह सिम्प्लिसिटी कल लग्जरी की नई पहचान बनेगी, लेकिन अरमानी ने इसे कर दिखाया। अब जब अरमानी दुनिया से रुखसत हो गए हैं तो सोशल मीडिया पर लोग उन्हें याद कर रहे हैं। उन्होंने इटली के मिलान स्थित घर पर अंतिम सांस ली। उनकी मौत से पूरी फैशन इंडस्ट्री शोक में है। वह मशहूर क्लोदिंग ब्रांड अरमानी के मालिक थे।

**91 साल की उम्र में भी करते थे काम:** उनके निधन के बाद कंपनी ने बयान जारी कर कहा- अनंत दुख के साथ हम अपने संस्थापक और प्रेरणा स्रोत जॉर्जियो अरमानी के निधन की सूचना देते हैं। जॉर्जियो अरमानी का सफर बड़ा दिलचस्प है। 91 साल की उम्र में भी काम करते थे। उन्होंने कभी कहा था- मेरी सबसे बड़ी कमजोरी यह है कि मैं हर चीज पर नियंत्रण रखना चाहता हूं।





शायद यही वजह है कि वे अंत तक अपनी कंपनी और डिजाइनिंग से जुड़े रहे। अरमानी सिर्फ एक डिजाइनर नहीं थे, बल्कि इटली की पहचान, फैशन के बादशाह और पूरी दुनिया के लिए स्टाइल का दूसरा नाम थे।

### 23 हजार करोड़ का टर्न ओवर

साल 1975 में उन्होंने अरमानी ग्रुप की शुरुआत की थी। कुछ सालों में कंपनी फैशन इंडस्ट्री की पहचान बन गई। अरमानी का बिज़नेस 23 हजार करोड़ रुपए सालाना टर्नओवर करता है। दुनिया भर में 600 से ज्यादा स्टोर्स और 9,000 कर्मचारी इस ग्रुप से जुड़े हैं। ख़ास बात यह है कि मैनेजमेंट में आधे पद महिलाओं के पास हैं। फोर्ब्स के मुताबिक, अरमानी की नेटवर्थ 12.1 अरब डॉलर (करीब 1,06,880 करोड़ रुपए) है। वह न सिर्फ कपड़ों में बल्कि परफ्यूम, कॉस्मेटिक्स, होटल्स, रेस्टोरेंट्स और स्पोर्ट्स तक कारोबार फैला चुके थे। यहां तक कि उनके पास 200 फीट का लक्जरी यॉट और इटली का मशहूर बास्केटबॉल क्लब ओलिंपिया मिलानो भी था। अरमानी की कोई संतान नहीं थी। ऐसे में बड़ा सवाल है कि उनकी विरासत कौन संभालेगा? रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने अपने उत्तराधिकार की योजना पहले ही बना ली थी। कंपनी की कमान उनके भरोसेमंद सहयोगी लियो डेल ऑरको और परिवार की सदस्य सिल्वाना अरमानी को सौंपी जाएगी।

### रेड कारपेट फैशन का जनक मानती थी फैशन इंडस्ट्री

अरमानी को रेड कारपेट फैशन का जनक कहा जाता है। हॉलीवुड के बड़े सितारे जैसे जूलिया रॉबर्ट्स, रसेल क्रो, लेडी गागा, जॉर्ज क्लूनी तक उनके डिजाइन पहनते रहे। 1980 की फिल्म अमेरिकन जिगोलो में रिचर्ड गेयर के सूट ने अरमानी को वर्ल्ड फेमस बना दिया। उनके बनाए पावर सूट ने महिलाओं के लिए कॉर्पोरेट दुनिया की पहचान बदल दी।

## साइकिल की तकनीकी खराबी के बावजूद नहीं मानी हार

**जागरण, भोपाल।** राजधानी के धावक और एंड्योरेंस एथलीट वरुण नामदेव ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए मध्यप्रदेश के पहले साइक्लिस्ट बनने का गौरव प्राप्त किया है जिन्होंने द ग्रेट हिमालयन अल्ट्रा रेस को सफलतापूर्वक पूरा किया। यह रेस दुनिया की सबसे कठिन साइक्लिंग रेसों में से एक मानी जाती है, जो लद्दाख की ऊँचाई और कठिन मौसम परिस्थितियों में आयोजित होती है। इस रेस में साइक्लिस्टों को 13,000 फीट से अधिक ऊँचाई, 8 डिग्री तापमान, तेज हवाएं, खराब सड़कें और लगातार बारिश जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इन कठिन परिस्थितियों के बावजूद वरुण ने न सिर्फ रेस पूरी की, बल्कि राज्य के लिए गौरव का क्षण भी रच दिया। वरुण ने कहा कि यह रेस ताकत से ज्यादा इच्छाशक्ति की परीक्षा थी। हर पैडल चुनौती था, लेकिन मेरे मन में सिर्फ एक ही लक्ष्य था मध्यप्रदेश के लिए ये उपलब्धि लाना। मेरा रेस तक का सफर भी आसान नहीं रहा। ट्रेनिंग के दौरान बारिश, स्पॉन्सरशिप की कमी, दो महीने पहले लगी चोट, और रेस से ठीक पहले साइकिल की तकनीकी खराबी इन सभी मुश्किलों के बावजूद मैंने हार नहीं मानी। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय मैनिट एलुमनी ग्रुप, इनर व्हील क्लब ऑफ भोपाल लिगेसी, एके ट्रैवल, द परफैक्ट बाइक स्टोर के सुमित खत्री, अपने कोच प्लाज़ि सैफकॉल और सुपर एथलिट ग्रुप को दिया। रेस के बाद भी वरुण को लद्दाख में भूस्खलन और खराब मौसम की वजह से तीन दिन लेह में फँसे रहना पड़ा।

# अनंत चतुर्दशी पर महेंद्र सागर तालाब में धूमधाम से हुआ गणेश विसर्जन



**जागरण, टीकमगढ़।** धार्मिक आस्था और भक्ति के साथ नगर में अनंत चतुर्दशी पर्व पर गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया। नगर पालिका परिसर में स्थापित गणेश प्रतिमा का शनिवार को विधिवत पूजन एवं हवन नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार एवं नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया के द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर पार्षदगण, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से हवन कर भगवान गणेश से नगर की सुख-समृद्धि की कामना की। हवन के उपरांत गणेश प्रतिमा को शोभायात्रा के रूप में महेंद्र सागर तालाब ले जाया गया। ढोल-ढमाकों और 'गणपति बप्पा मोरया, अगली बार जल्दी आना' के जयघोष से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। तालाब पर पहुंचने के बाद नाव के जरिए प्रतिमा को तालाब के बीच ले जाकर विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया। विसर्जन के समय श्रद्धालुओं की आंखें भावुक हो उठीं। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक यादवेन्द्र सिंह बुंदेला मुख्य रूप से मौजूद रहे। उनके साथ ही समाजसेवी और जनप्रतिनिधियों में सूर्यप्रकाश मिश्रा उर्फ दद्दी, सनी सोनी, अनीश अहमद, फरीद खान, संजू झा, मोहम्मद शान, उपयंत्री विजय यादव, उपेंद्र दीपक विश्वकर्मा, अज्जू यादव, प्रवीण खरे, सतेंद्र साहू, उपयंत्री विजय सोनी, संतोष सिंह परमार सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं पार्षदगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। गणेश विसर्जन के अवसर पर नगर पालिका द्वारा सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं की विशेष रूप से देखरेख की गई। तालाब के किनारे पुलिस बल की तैनाती की गई, वहीं नगर पालिका कर्मचारियों ने साफ-सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम किए। धार्मिक परंपराओं और उत्साह के बीच गणपति बप्पा को विदा करते हुए श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष पुनः आगमन की कामना की।

# उत्साह और श्रद्धा के साथ गजानन का हुआ भव्य विसर्जन



**पवई।** दस दिवसीय पूजन-अर्चन और श्रद्धा भाव से की गई सेवा-आराधना के बाद शनिवार को नगर में गजानन का विसर्जन उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। नगर की गलियां ढोल-नगाड़ों, भक्ति गीतों और जयकारों से गूंज उठीं। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह गजानन की झांकियां सजाईं। कहीं लोग अपने सिर पर गजानन को उठाए ले जाते दिखे, तो कहीं ठेला, ट्रैक्टर-ट्राली और बच्चों की साइकिलों पर विराजमान गणेश आकर्षण का केंद्र बने रहे। श्रद्धा और उल्लास से भरी भीड़ देर रात तक विसर्जन यात्रा में शामिल होती रही।विसर्जन के लिए प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे। नगर के चार प्रमुख विसर्जन स्थल पतने नदी पुल के पास, बाबा घाट, राजघाट और कलेही घाट पर गजानन को भावभीनी विदाई दी गई। श्रद्धालुओं का हुजूम गगनभेदी नारों के साथ गणपति बप्पा मोरया कहते हुए नदी किनारे पहुंचा और परंपरा के अनुसार जल में गजानन को विसर्जित किया। मुख्य विसर्जन स्थल पतने नदी पुल के पास तहसीलदार त्रिलोक सिंह पूसाम, थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष बसंत दहायत, उपनिरीक्षक प्रमोद बागरी समेत पूरा पुलिस अमला मौजूद रहा और व्यवस्था संभालने में सक्रिय भूमिका निभाई। भीड़ को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुलिसकर्मियों ने चाक-चौबंद व्यवस्था बनाए रखी। हालांकि, विसर्जन मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था का अभाव देखने को मिला, जिसके चलते श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद भक्तों का जोश और आस्था कम नहीं हुई और नगर का वातावरण भक्ति और उत्सव की भावनाओं से सराबोर हो गया। गजानन को नम आंखों और हृदय से भावपूर्ण विदाई दी गई।

# बहुत ही धूमधाम से शान्ति पूर्वक गणपति विसर्जन किया गया



**पन्ना ।** जिले में बहुत ही धूमधाम से गणपति विसर्जन आयोजित किया गया प्रशासन की ओर से निर्धारित तालाब पर मूर्ति विसर्जित श्रद्धालुओं द्वारा की गई। पर कुछ लोगों के द्वारा चोरी से प्रतिबंधित क्षेत्र में भी मूर्ति विसर्जन किया गया । सभी तालाबों पर पुलिस व्यवस्था चुस्त दिखाई पड़ी पुलिस के द्वारा मूर्ति विसर्जन करने आए भक्तों को पूरी तरह जानकारी दी गई कि आप लोग प्रशासन द्वारा निर्धारित तालाब पर ही मूर्ति विसर्जित करें । हालांकि कुछ यदा कदा लोगों के द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र धर्म सागर तालाब में भी मूर्ति विसर्जित की गई है।

## अमझिरिया में बोटिंग एवं ईको पार्क का शुभारंभ आज

पन्ना । पन्ना विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह जिला मुख्यालय के निकट ग्राम पंचायत मनकी के अमझिरिया में रविवार, 7 सितम्बर को दोपहर 12 बजे बोटिंग एण्ड ईको पार्क का शुभारंभ करेंगे। यहां बोटिंग सुविधा के साथ पर्यटकों के लिए भोजन एवं जलपान सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं भी विकसित की गई हैं। गत माह जिला कलेक्टर द्वारा स्थल निरीक्षण कर बोटिंग एवं ईको पार्क शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए थे।

# वक्फ बादशाह साई ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष मोहसिन खान नियुक्त



## भाजपा जिला अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएँ

**पन्ना ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी म.प्र वक्फ बार्ड भोपाल द्वारा वक्फ बादशाह साई ईदगाह प्रबंध कमेटी बेनीसागर पन्ना कि कमेटी का गठन किया गया है जिसमें अध्यक्ष मोहसिन खान निवासी बेनीसागर मो. पन्ना को नियुक्त किया गया है। मोहसिन खान कि नियुक्ति पर भा.ज.पा जिला अध्यक्ष ने हर्ष व्यक्त किया है साथ ही शुभकामनाएँ दी है । देश वा समाज के लिए वक्फ बोर्ड के नियमानुसार काम करे । मोहसिन खान कि नियुक्ति पर अल्पसख्यक मोर्चा पदाधिकारियों ने शुभकामनाएँ एवं बधाई दी भा.ज.मा कार्यालय में बधाई देते समय उपस्थित रहे ,पूर्व राष्टीय कार्यकरणी सदरय भा.ज.पा अल्पसंख्यक मोर्चा के वरिष्ठ नेता निजाम खान मिस्टर खान पिछडा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष नरेन्द्र यादव, मृगेंद्र गहरवार, एड. श्रीमति आशा खरे ने बधाई दी इस अवसर ने मोहसिन खान ने कहा कि में एक युवा हूँ संगठन ने मेरे ऊपर विश्वास करके ही मुझे ये जिम्मेदारी दी है. में समाज के लोगों को विश्वास दिलाता हूँ कि मैं समाज के हित में ही कार्य करूँगा साथ ही खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, पन्ना विधायक आदरणीय बृजेंद्र सिंह, गुनौर विधायक राजेश वर्मा, पवई विधायक प्रहलाद लोधी वक्फ बोर्ड प्रदेश अध्यक्ष डॉ सनवर पटेल कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त। जिला अध्यक्ष भा.ज.पा बृजेन्द्र मिश्रा, भा.ज.पा के प्रदेश सह. मीडिया प्रभारी एड. आशीष तिवारी, चक्फ बोर्ड के जिलाअध्यक्ष अब्दुल हमीद के प्रति आभार व्यक्त किया।

# शराब के नशे में परिवहन बस व ट्रक चलाने वाले वाहनों को जब्त कर की गयी कार्यवाई



**पन्ना ।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना सिंह चौहान व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पन्ना एस.पी.सिंह बघेल के दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार द्वारा सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शराब के नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की गयी है, जिसमें आज दिनांक 06 सितम्बर 2025 को दौरान वाहन चैकिंग के परिवहन बसों / भारी माल वाहनों की सघन चैकिंग की गयी, चैकिंग के दौरान संदिग्ध वाहन चालकों को ब्रीथ एनालाईजर मशीन द्वारा चेक किया, जिसमें एक ट्रक चालक एवं एक परिवहन बस चालक शराब के नशे की हालत में वाहन चलाते पाये गये, इन वाहनों को जब्त कर यातायात परिसर खड़ा किया जाकर नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा । थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार का कहना है कि, शराब के नशे में वाहन चलाना एक गंभीर अपराध की श्रेणी और इससे कई लोगों की जान जा सकती है । इस तरह के वाहन चालकों पर सख्ती से कार्यवाही की जायेगी । हम आम जनता से अपील करते हैं कि वे शराब पीकर गाड़ी न चलाएं और दूसरों को भी ऐसा करने से रोकें ।

# अस्तौन का ऐतिहासिक किला संवरने को तैयार, बहू सरपंच का वादा, गांव की शान अब होगी संवर

## 400 साल पुरानी धरोहर का होगा कायाकल्प, 62.23 लाख से बदल जाएगी तस्वीर

**टीकमगढ़।** स्वतंत्रता संग्राम के महानायक तात्या टोपे के कदमों का गवाह और 400 साल पुरानी शान अस्तौन का किला अब अपने नए स्वरूप में चमकेगा। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार इस किले के जीर्णोद्वार की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पर्यटन विभाग ने इसके कायाकल्प के लिए 62.23 लाख रुपये की राशि स्वीकृत कर टेंडर जारी कर दिए हैं।

**चुनावी वादा हुआ पूरा :** अस्तौन ग्राम पंचायत की महिला सरपंच श्रीमती अंजू यादव ने अपने सरपंची चुनाव के दौरान गांव की जनता से वादा किया था कि यदि वे सरपंच बनती हैं, तो सबसे पहले गांव की शान इस किले को सजाने और संवारने का कार्य करेंगी। उन्होंने उस समय कहा था कि जैसे ही आपकी बहू सरपंच बनेगी, सबसे पहले इस खोती हुई धरोहर को संजोएंगे। आज उनका यह वादा सच साबित हुआ है। किले की मरम्मत का काम शुरू होते ही पूरे गांव का चेहरा खिल उठा है। ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है और इसे गांव की ऐतिहासिक जीत माना जा रहा है।



**इतिहास से जुड़ा गौरव :** अस्तौन का यह किला स्वतंत्रता संग्राम का अहम पड़ाव रहा है। 1857 की क्रांति के दौरान तात्या टोपे यहीं ठहरे थे और उन्होंने यहीं से कई क्रांतिकारियों से पत्राचार किया था। अंग्रेजों को जब इसका पता चला तो वे तलाशी के लिए आए, लेकिन तात्या टोपे उन्हें चकमा देकर निकल गए। उस दौरान उनका बस्ता और दो कटारें यहीं छूट गई थीं, जिनमें कई अहम पत्र थे। यही वजह है कि इस किले को आजादी की लड़ाई का साक्षी माना जाता है।

**कायाकल्प की रूपरेखा :** किले के चारों ओर 1.5 मीटर गहराई तक मलबा हटाकर सफाई की जाएगी, दबे हुए वास्तुशिल्पीय अवशेषों को सुरक्षित निकालकर पुनः उपयोग किया जाएगा, लखौरी ईंट और चूने के गारे से पारंपरिक मरम्मत होगी, दीवारों को डबल मचान प्रणाली से 25 मीटर तक मजबूत किया जाएगा, किले की सतह से धूल हटाकर पानी से गीलापन देकर मजबूती दी जाएगी, परिसर को हरा-भरा बनाने के लिए पौधारोपण होगा। एवं किले के चारों तरफ बाउंड्री भी बनाई जाएगी। जिससे किले को सुरक्षित किया जाए।

**ग्रामीणों में उत्साह :** काम की शुरुआत की खबर जैसे ही गांव में पहुंची, ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ खुशी जताई। उनका कहना है कि अब गांव का गौरव लौटेगा और यहां पर्यटन की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

**इनका कहना है-** सरपंच अंजू यादव का कहना है कि गांव की जनता से जो वादा किया था, आज वह पूरा हुआ है। यह किला सिर्फ पत्थरों की इमारत नहीं, बल्कि हमारे इतिहास और अस्तित्व की पहचान है। गांव की महिलाओं और युवाओं के सहयोग से यह सपना सच हुआ है। सरपंच प्रतिनिधि पुष्पेंद्र यादव का कहना है कि लगातार पत्राचार और संघर्ष के बाद सरकार ने हमारी मांग सुनी। मैं प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री मोहन यादव और प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र लोधी का आभारी हूं। टेंडर जारी हो चुके हैं और जल्द ही अस्तौन किला फिर से अपनी शान में नजर आएगा।

# पन्ना में पवई के बच्चों ने लहराया परचम, खो-खो प्रतियोगिता में तीनों वर्गों में जीत हासिल कर फिर बने विजेता



**पवई।** खेल प्रतिभा का जब जज़्बा जुनून में बदल जाए तो जीत अपने आप कदम चूम लेती है। ऐसा ही नज़ारा देखने को मिला पन्ना में आयोजित जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में, जहाँ पवई ब्लॉक के होनहार बच्चों ने मैदान पर दमदार खेल दिखाते हुए तीनों वर्गों में बाज़ी मार ली। इस शानदार प्रदर्शन ने न सिर्फ क्षेत्र का नाम रोशन किया, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि पवई के बच्चे किसी से कम नहीं हैं। प्रतियोगिता में पवई के बालक और बालिका खिलाड़ियों ने पूरे आत्मविश्वास और जोश के साथ हिस्सा लिया। बालक वर्ग में सीनियर वर्ग से रितिक पांडे, जूनियर वर्ग से आशीर्वाद कोल और मिनी वर्ग से नैतिक पांडे ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए जीत का परचम लहराया। वहीं बालिका वर्ग में जूनियर वर्ग से गायत्री प्रजापति और मिनी वर्ग से अर्शिया इजराइल ने अपनी प्रतिभा और दमखम से विजय हासिल कर सबका मन मोह लिया। खेल प्रभारी विवेक शंकर सिंह ने कहा कि पवई के खिलाड़ियों का यह प्रदर्शन पूरे ब्लॉक के लिए गर्व की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि जिस आत्मविश्वास और लगन से इन बच्चों ने जिला स्तर पर जीत हासिल की है, उसी जज़्बे के साथ यह खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी परचम लहराएँगे और राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचकर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।इस सफलता में सहयोग की अहम भूमिका रही। गोसिया, वसुंधरा परमार, राहुल मरावी और तरुण सिकरवार ने खिलाड़ियों को निरंतर मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देकर उनका मनोबल बढ़ाया। इन सबके सहयोग और खिलाड़ियों की मेहनत का ही परिणाम रहा कि पवई ने जिला स्तर पर खो-खो में अपना वर्चस्व कायम रखा। पवई की इस ऐतिहासिक जीत से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। बच्चे, अभिभावक और खेल प्रेमी सभी गर्व महसूस कर रहे हैं और अब सबकी निगाहें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता पर टिकी हैं। सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दी जा रही हैं कि वे इसी जोश और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते हुए राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भी पवई का नाम रोशन करें।

# पेड़ से लटके मिले युवक-युवती के शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

**पन्ना ।** जिले के सिमरिया थाना अंतर्गत एक युवक तथा युवती पेड़ के ऊपर दुपट्टा से एक साथ लटके हुए पाए गए उक्त घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पन्ना जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले छोटी माहोड ग्राम में एक सनसनी खेज वारदात सामने आई है जिसने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है दरअसल छोटी महोड गांव के बाहर एक पेड़ से एक दुपट्टे के सहारे एक लड़का एवं लड़की की लाश लटकी मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटनाक्रम 5 सितंबर का बताया जा रहा है जहां 5 सितंबर की दोपहर 3:00 बजे युवक और युवती की लाश पेड़ से लटकी मिली पुलिस थाना सिमरिया से मिली जानकारी के अनुसार मृतक लड़की का नाम निराशा दहायत निवासी छोटी माहौड एवं मृतक युवक का नाम रमेश दहायत भडपुरा चौकी हरिदुआ बताया गया लड़का अपनी बहन के यहां महोड़ में रहता था और जेके कंपनी में काम करता था क्षेत्र में यह जन चर्चा तेज है कि दोनों ने दुपट्टे के सहारे फांसी लगाई है और एक ही दुपट्टे से दोनों की लास लटकी मिली है जिसे कहीं ना कहीं प्रेम प्रसंग का मामला प्रतीत हो रहा है जबकि परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है और मामले को लेकर उन्होंने हत्या की आशंका जाताई है पूरे घटनाक्रम की जानकारी जैसे ही सिमरिया पुलिस को लगी तो पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया है तथा पुलिस ने मार्ग कम कर लिया है तथा मामले में विवेचना की जा रही है

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल जीवन मिशन अंतर्गत उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों को किया सम्मानित




**पन्ना ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गत दिवस अमानगंज प्रवास के दौरान आयोजित महिला सम्मेलन एवं विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम में जल जीवन मिशन अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत तिदुनी एवं रामगढ़ को नल जल योजना के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया। तिदुनी की सरपंच प्रेमसूता रविंद्र मिश्रा एवं सचिव अजय त्रिसोलिया ने व रामगढ़ की सरपंच शांति बाई चैधरी एवं सचिव राघवेंद्र सिंह यादव ने सम्मान ग्रहण किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पवई बांध ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना में सक्रिय भागीदारी और जिम्मेदारी के साथ सफल संचालन एवं संधारण करने के साथ नियमित जल कर एकत्र करके योजनाओं को सफल बनाने वाले जनप्रतिनिधि समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने उम्मीद व्यक्त की कि अन्य ग्राम पंचायतें भी इससे प्रेरणा लेकर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में अपना योगदान देंगी। इस गरिमामय आयोजन से पंचायत प्रतिनिधियों का उत्साह भी बढ़ा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परियोजना क्रियान्वयन इकाई पन्ना द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों पर केन्द्रित आकर्षक प्रदर्शनी की भी सराहना की और स्टॉल का अवलोकन किया। इस मौके पर महाप्रबंधक शिवम सिन्हा सहित जल निगम की टीम भी उपस्थित रही।

# वोट अधिकार सत्याग्रह रैली को लेकर कांग्रेस पार्टी की पत्रकार वार्ता आज

**पन्ना ।** आगामी 9 सितंबर को कांग्रेस पार्टी द्वारा जिला मुख्यालय में वोट सत्यागृह रैली का आयोजन किया जा रहा है उक्त रैली को लेकर आज दिनांक 7 सितंबर को दोपहर 3:00 बजे जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंद्रपुरी कॉलोनी में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया जा रहा है उक्त पत्रकार वार्ता को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान तथा वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी संबोधित करेंगे सभी पत्रकार साथियों से उपस्थित होने का विनम्र अनुरोध है।

# जब्तशुदा वाहनों की नीलामी के लिए कमेटी गठित

**पन्ना ।** अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय पन्ना के निर्देशानुसार बुधवार, 10 सितम्बर को थाना कोतवाली प्रांगण पन्ना में जप्तशुदा वाहनों की नीलामी की जाना है। इसके लिए दो पृथक-पृथक कमेटी का गठन किया गया है।

# अध्यात्मिक शिक्षा से होता है विवेक जागृत : ब्रह्माकुमारी

**पन्ना ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओर से शिक्षक दिवस के अवसर पर पवई ब्रह्माकुमारी विद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ब्रह्माकुमारी बहन ने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आज के महत्व पर प्रकाश डाला आपने कहा गुरु का अर्थ जो हमें गौरव प्रदान करें टीचर हमारी दूसरी मां है, जीवन में उत्तम विचार भरने वाला उत्तम संकल्पों के साथ जीना सिखाने वाला अध्यापक ही हो सकता है इसलिए इंजीनियर कितने भी पैसे कमा सकते परंतु किसी का भाग खोलने का कार्य तो शिक्षक ही कर सकता है आचार्य देवो भव कहा गया है कभी कलेक्टर देवो भव, डॉक्टर देवो भव- नहीं कहा गया क्योंकि आचार्य अपने आचरण से जीवन मूल्य देता है,



शिक्षा से व्यक्ति के व्यवहार में परिवर्तन होता है अंग्रेजी में कहते हैं कैरक्टर बिल्डिंग जैसे बिल्डिंग बनानी होती है उसके लिए साधन चाहिए इस प्रकार विद्यार्थी को भी दो चीज देते हैं एक साधन है किताबें दूसरा साधन है उनका अभ्यास कर्म दोनों चीजें सैकड़ो वर्षों से हैं परंतु यह कमजोर साधन निकले बिल्डिंग नहीं बनी आज हजारों साक्षर निकलते हैं बताइए मात-पिता, देश, समाज के लिए कितने ईमानदार हैं आप सभी के लिए यह परम सौभाग्य की बात है कि सर्व मनुष्य आत्माओं के परम शिक्षक ज्योति बिंदु परमात्मा शिव इस धरा पर साधारण मनुष्य के तन में अवतरित होकर श्रेष्ठ ज्ञान और मूल्यों की शिक्षा दे रहे हैं परम शिक्षक द्वारा वर्तमान समय में दिया जा रहा आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य की अंतर आत्मा में व्याप्त अज्ञानता के अंधकार को समाप्त करके आंतरिक रूप से सशक्त करने में समर्थ है, हमारे जीवन में यथार्थ ज्ञान के अभाव में सभी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं परमात्मा द्वारा दिया जा रहा मूल्य शिक्षा और आध्यात्मिक ज्ञान हम सभी के लिए इस धरा पर अनुपम उपहार है आध्यात्मिक शिक्षा व्यक्ति को प्रभावशाली और मूल्य निष्ठ बनाती है जिससे वह एक कर्तव्यनिष्ठ बनकर समाज एवं राष्ट्र के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम होता है

# दस लक्षण पर्युषण महापर्व पर जिनेन्द्र भगवान का 108 कलशों से अभिषेक



**पवई ।** अनन्त चतुर्दशी से प्रारंभ हुए दस दिवसीय दस लक्षण पर्यूषण महापर्व के दसवें दिन दिगंबर जैन मंदिर पवई प्रांगण में 1008 श्री जिनेंद्र प्रतिमा पार्श्वनाथ भगवान का जल चन्दन एवं 108 कलशों से सुनील कुमार जैन ,संदीप कुमार जैन ,संजय कुमार जैन ,रविन्द्र कुमार जैन संजय जैन, आशीष जैन ,मनु जैन के द्वारा विधि विधान के साथ अभिषेक किया गया । बृहद शांति धारा महेन्द्र कुमार जैन ,सि0 प्रकाश चन्द्र जैन एवं जैन समाज द्वारा भक्ति भाव के साथ की गई । पिछले दस दिनों मे प्रति दिन दस धर्म उत्तम क्षमा , मार्दव , आर्जव , सत्य , उत्तम , संयम , तप , त्याग , आकिंचन , उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा और आराधना जैन समाज के श्रावको द्वारा त्याग तपस्या साधना व्रत उपवास करते हुये भक्ति भाव पूर्वक स्व आत्मा के शुद्धीकरण हेतु एकासन एवं उपवास किए गए आज शनिवार को श्रीजी की शोभायात्रा निकाली जायेगी समापन पश्चात मंदिर परिसर मे धार्मिक आयोजन किए जायेगे

# 51 सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं 14 शासकीय महाविद्यालय सहित जिले के विद्यालयों के प्राचार्यों का सम्मान

## अरविंद सिंह चंदेल के नेतृत्व में सिंगरौली जन कल्याण मंच द्वारा

**जागरण, बैढ़न**

अरविंद सिंह चंदेल के नेतृत्व में सिंगरौली जन कल्याण मंच ने शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर 51 सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं 14 शासकीय महाविद्यालय सहित जिले की श्रेष्ठतम विद्यालयों के प्राचार्यों का सम्मान किया शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर सिंगरौली जन कल्याण मंच द्वारा सिंगरौली जन कल्याण मंच के संस्थापक अरविंद सिंह चंदेल के नेतृत्व एवं पूर्व मंत्री भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वर्किंग कमेटी के सदस्य कमलेश्वर पटेल के मुख्यातिथि में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन सामुदायिक भवन बैढ़न में किया गया जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सिंगरौली अध्यक्ष सुश्री सोनम सिंह रही जिसकी अध्यक्षता रोहिणी प्रसाद पांडे प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्था सिंगरौली द्वारा किया गया कार्यक्रम में मंचासीन रहे डॉक्टर एस सिद्दीकी प्राचार्य शासकीय अग्रणी महाविद्यालय बैढ़न पारसनाथ दुबे प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैढ़न अशोक मिश्रा प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैढ़न सुखवंत सिंह थापर प्राचार्य डीपीएस निगाही मनीष शुक्ला प्राचार्य प्रतिनिधि डीपीएस विंध्यनगर अजय कुमार प्राचार्य प्रतिनिधि डीपीएस निगाही अश्वनी कुमार प्राचार्य जयंत राजकिशोर दुबे की




सेवानिवृत्ति जिला शिक्षा अधिकारी वरिष्ठ समाजसेवी राम अशोक शर्मा वरिष्ठ समाजसेवी ज्ञानेंद्र द्विवेदी वरिष्ठ समाजसेवी अंजनी दुबे वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु शर्मा मंचासीन रहे उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल द्वारा शिक्षकों के महत्व को बताते हुए कहा गया शिक्षक का सम्मान ही असली देश का सम्मान है मेरे अनुसार शिक्षक कभी भी सेवानिवृत्ति नहीं होता क्योंकि शिक्षक जहां भी रहेंगे वहां उजाला और प्रकाश ही करेंगे अपने ज्ञान से समाज की दशा और दिशा सुधारने और तय करने की अहम भूमिका आप शिक्षकों की है ऐसे महान शिक्षक दार्शनिक जो शिक्षक पद पर रहते हुए राष्ट्र के सबसे उच्चतम पद और प्रथम राष्ट्रीयता प्राप्त करने वाले राष्ट्रपति जैसे पद को सुशोभित करने वाले पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है ऐसे महान आत्मा को शत.शत नमन आए हुए समस्त शिक्षक गुरुजनों जो देव तुल्य हैं उन्हें बारंबार मेरा प्रणाम है और मैं सिंगरौली जन कल्याण मंच के संस्थापक अरविंद सिंह चंदेल से उम्मीद करते हैं कि आप ऐसे पावन बेला पर इस संस्था का शुभारंभ किया ऐसे में आपसे उम्मीद है कि आप सिंगरौली वासियों के लिए समाज के हर एक कड़ी को जोड़ने का और विकास करने की हर एक पहलुओं को प्रेरित करने का कार्य करते रहेंगे इस दौरान सिंगरौली जन कल्याण मंच के संस्थापक अरविंद सिंह चंदेल ने सिंगरौली जन कल्याण मंच की तरफ से समस्त आए हुए सेवानिवृत गुरुजनों समस्त प्राचार्य जानो एवं वरिष्ठ समाजसेवियों अतिथि गणों का अभिवादन करते हुए शिक्षा में गुरुजनों के महत्व योगदान पर प्रकाश डालते हुए शिक्षाविद महान शिक्षक दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर उनके चरणों में नमन करते हुए सिंगरौली जन कल्याण मंच के मुख्य उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला गया उक्त अवसर पर सोमदेव ब्रह्म संजीव अग्रवाल अशोक सिंह पैगाम संदीप शाह अनिल सिंह लल्लाराम पांडे रामकृपाल शाह मनोरमा सहवाल संगीता सिंह प्रेमसागर मिश्रा अनिल वैश्य ललित सिंह भास्कर मिश्रा विजय लक्ष्मी शुक्ला राजकुमार दीपांकर रविकांत सोनी रामदयाल शाह राम लल्लू कुशवाहा प्राण जायसवाल नंदकिशोर सिंह वंशराज सिंह विजय वर्मा संध्या सिंह राजकुमारी कोल आदि सैकड़ो समाजसेवी एवं सम्मानित अतिथि शामिल रहे सिंगरौली जन कल्याण मंच के सम्मानित सदस्य एवं वॉलिंटियर जिन्होंने सक्रिय रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका अदा किया जिसमें मुख्य रूप से मनोज दुबे केपी सिंह अजय सिंह सुरेश दुबे सुदामा प्रसाद कुशवाहा पंकज पांडे मनोज सिंह पिंटू रवि यादव कुंदन पांडे शिवसागर विश्वकर्मा राम सरोज यादव मकसूद रजा सोनू शेखर आजाद अभिषेक सिंह सूर्य प्रकाश सिंह सूरज सिंह अंशुल सिंह आलोक शुक्ला पुष्पराज नापित किशोर सिंह आशु आयुष सिंह मोनू अमित कुशवाहा तुला प्रसाद कुशवाहा राजेंद्र चौरसिया संजीव सिंह विद्यापति शाह विद्यासागर बैंस नित्यानंद बैंस श्याम बिहारी नापित सम्मिलित रहे।

# हरपालपुर रेलवे स्टेशन पर अब तीसरी आँख से होगी निगरानी




**हरपालपुर।** नगर के रेलवे स्टेशन पर अब सीसीटीवी कैमरों की मदद से हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जाएगी। इन कैमरों से न केवल स्टेशन पर होने वाली गतिविधियों की निगरानी होगी, बल्कि चेहरा पहचान तकनीक के जरिए अपराधियों की पहचान भी की जाएगी। स्टेशन और इसके आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाने के साथ-साथ यात्रियों की सुविधा और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। रेलवे पुलिस बल कंट्रोल रूम से इन कैमरों के जरिए निगरानी करेगा। शुक्रवार को हरपालपुर रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों के अंतर्गत सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम शुरू किया गया। स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक, प्रवेश द्वार, प्रतीक्षालय, आरक्षण काउंटर, बुकिंग कार्यालय और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर आठ हाई डेफिनिशन कैमरे लगाए जा रहे हैं। स्टेशन परिसर के साथ-साथ बाहरी क्षेत्रों, जैसे पार्किंग स्थल, में भी कैमरे स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि बाइक चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके और यात्रियों को छोडने-लेने आने वाले वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित हो। महोबा आरपीएफ थाने में एक कंट्रोल रूम बनाया गया है।

## कोल ट्रन्सपोर्टरों की बैठक 8 को

**जागरण, बैढ़न।** कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के अध्यक्षता में 8 को कलेक्ट्रेट सभागार में कोल ट्रन्सपोर्टरो के साथ बैठक आयोजित होगी। बैठक में जहा जिले के पुलिस अधीक्षक समस्त उपखण्ड मजिस्ट्रेट जिला परिवहन अधिकारी खनिज अधिकारी के साथ साथ एनसीएल एनटीपीसी एवं जिले में स्थापित औद्योगिक कम्पनियो के वरिष्ट अधिकारी बैठक में सम्मिलित होगे। बैठक के दौरान कोल ट्रन्सपोर्टर से संबंधित विभिन्न मुद्दो पर चर्चा उपरांत निर्णय लिए जायेगे।

# अनियंत्रित मार्शल ने दो बाइक सवारों को मारी टक्कर, मौत

## चितरंगी थाना क्षेत्र के बसनीया इलाके की मुख्य सड़क की घटना

**जागरण, बैढ़न।** जिले में सड़क हादसों में दिनों दिन बेहताशा वृद्धि हो रही है आए दिन कहीं न कहीं सड़क दुर्घटना में लोग मौत के मुंह में समा रहे हैं इसी कड़ी में आज चितरंगी थाना क्षेत्र बसनीया इलाके की मुख्य सड़क में दुर्घटना में दो लोगों की घटना स्थल पर मौत हो गई दोनों व्यक्ति मोटरसाइकिल में सवार थे जिसे अनियंत्रित तेज रफ्तार से आ रही मार्शल ने जोरदार ठोकर मार दी इस दुर्घटना में बाइक सवार दूर जा गिरे और उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई जानकारी के मुताबिक मोरवा से चितरंगी जा रहे बाइक सवार चालक गुल्लू प्रसाद पिता महिपाल सिंह 32 वर्ष एवं उसके साथी रामधनी पिता महीप गौड़ 66 वर्ष निवासी गन्नई



थाना चितरंगी आज दोपहर अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे इसी दौरान एक अनियंत्रित मार्शल जो तेज रफ्तार से आ रही थी बाइक सवारों को बुरी तरह ठोक दिया इस दुर्घटना में महिपाल एवं महीप की घटनास्थल पर मौत हो गई इस घटना के बाद मार्शल चालक मार्शल को लेकर घटना स्थल से फरार हो गया घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची चितरंगी पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए चिकित्सालय भिजवा दिया चितरंगी पुलिस आरोपी मार्शल एवं उसके चालक की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# एनटीपीसी सिंगरौली में शिक्षक दिवस 25 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**जागरण, शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा शिक्षक दिवस 25 का आयोजन आवासीय परिसर में स्थित मनोरंजन केंद्र में बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर शक्तिनगर टाउनशिप स्थित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों और प्रधानाचार्यों के अमूल्य योगदान को सम्मानपूर्वक सराहा गया। इस आयोजन में टाउनशिप स्थित आठ विद्यालयों संत जोसेफ विद्यालय केन्द्रीय विद्यालय विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी विद्यालय विवेकानंद प्राथमिक विद्यालय टाइनी टॉट्स विद्यालय महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ अंबेडकर विद्यालय गवर्नमेंट इंटर कॉलेज के शिक्षकगण एवं प्रधानाचार्य गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सभी शिक्षकों के स्वागत के साथ की गई। इसके पश्चात एक संक्षिप्त वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से शिक्षा के महत्व और शिक्षकों की भूमिका को दर्शाया गया। विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने सभा को संबोधित करते



हुए शिक्षकों के समर्पण परिश्रम और विद्यार्थियों के विकास में उनकी भूमिका की सराहना की। इसके उपरांत एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सभी प्रधानाचार्यों और सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के मुख्य महाप्रबंधक ऑपरेशन्स एंड मेंटेनेंस जोसेफ बास्टियन ने अपने संदेश में कहा ष्शिक्षकों की भूमिका केवल ज्ञान देने तक सीमित नहीं है बल्कि वे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व दृष्टिकोण और मूल्यों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एनटीपीसी सिंगरौली की ओर से हम उनके इस निरंतर योगदान की सराहना करते हैं और उनके प्रयासों को सम्मान करते हैं। कार्यक्रम का समापन फिल्म प्रदर्शन के साथ हुआ जिससे सभी शिक्षकों और अतिथियों को एक सहज आनंददायक एवं प्रेरणादायक वातावरण में समय बिताने का अवसर मिला। यह आयोजन न केवल शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने का माध्यम रहा बल्कि एनटीपीसी सिंगरौली की शिक्षा और सामुदायिक सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। कार्यक्रम का सफल संचालन अनुग्रह मिश्रा उप प्रबंधक मानव संसाधन ने किया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के सी.एच.किशोर कुमार महाप्रबंधक मेंटेनेंस एंड एडीएम रश्मि रंजन मोहंती महाप्रबंधक प्रोजेक्ट पीयूष श्रीवास्तव महाप्रबंधक बीई एंड रसायन अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि सम्मिलित रहे।

## एनटीपीसी विंध्याचल में गणेश चतुर्थी पर कर्मचारी सहयोगी एवं उनके परिवारजनों हेतु गीत गायन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**जागरण, विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल में पुजा समिति द्वारा गणेश चतुर्थी के अवसर पर कर्मचारी सहयोगी एवं उनके परिवारजनों हेतु धार्मिक गीतों पर आधारित गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं अपनी अपनी मधुर भक्ति गीतों को प्रस्तुत किया। सभी की मनमोहक प्रस्तुति ने सबको तालियाँ बजाने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण ए जे राजकुमार महाप्रबंधक मेंटीनेंस एवं एडीएम एम सुरेश एवं श्रीमती सुरेश पुजा समिति के सभी सदस्य एवं भारी संख्या श्रद्धालुगण उपस्थित रहें। सभी श्रद्धालुओं हेतु प्रसाद की भी व्यवस्था की गई थी जिसमें भारी संख्या मे श्रद्धालुगण पहुँचकर प्रसाद का आनंद उठाया।

# शिक्षकों का योगदान राष्ट्र निर्माण की आधारशिला : फुजैल

## डीएवी स्कूल सूर्य विहार में मनाया गया शिक्षक दिवस

**जागरण, बैढ़न।** डीएवी पब्लिक स्कूल सूर्य विहार में महान दार्शनिक शिक्षक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर बड़े ही धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ शासन पावर परियोजना की ओर से मुख्य अतिथि मनीष त्रिपाठी क्वालिटी हेड के दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात राधाकृष्णन जी के छायाचित्र पर तिलक वंदन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया । आगंतुक अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया एवं विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया । विद्यालय के प्राचार्य मृत्युंजय कुमार तिवारी ने अपने उद्बोधन में आगंतुक अतिथियों का स्वागत परिचय कराया और देश के द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। विद्यालय की तीसरी से आठवीं तक की कक्षाएं चतुर्थ कलांश तक संचालित रही एजिसमें कक्षा 12वीं के छात्र .छात्राओं ने शिक्षकों का कार्यभार संभालते हुए प्रत्येक कक्षा में अध्ययन अध्यापन कार्य संपन्न किया। शिक्षकों के निर्णायक मंडली द्वारा छात्रों के शैक्षणिक योग्यता का अवलोकन कर सर्वश्रेष्ठ छात्र शिक्षक 12वीं की छात्रा रचना कुमारी बैस और विनोद बैस को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शिक्षकों के लिए कुछ खेल भी आयोजित किए गए। तत्पश्चात शिक्षकों को संस्था की ओर से उपहार भेंट किया गया। परियोजना से मुख्य अतिथि मनीष त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में छात्रों के अनुशासन पूर्ण व्यवहार की भूरि. भूरि प्रशंसा की एवं छात्रों को शिक्षकों के बताए हुए मार्ग पर चलकर भविष्य में अच्छे प्रदर्शन कर सिंगरौली जिले का नाम रोशन करने की बात कही। सीएसआर प्रमुख फुज़ैल अहमद ने शिक्षकों के योगदान को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताया और छात्रों को राधाकृष्णन जी के जीवन आदर्शों को आत्मसात करने तथा विद्यालय के शिक्षकों द्वारा बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर फुज़ैल अहमद जीएम सीएसआर नृपेंद्र पांडेय तथा आशीष सिंह उपस्थित रहे। शांति पाठ के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।




# सरई में नहीं हो रहा नो इंट्री का पालन

**जागरण, सरई।** जिला मुख्यालय में लगभग 65 किलोमीटर दूर सरई मुख्य बाजार में कलेक्टर द्वारा निर्धारित नो इंट्री का पालन नहीं हो रहा है। सिंगरौली कलेक्टर के संशोधित आदेशानुसार बालू व गिट्टी वाहन सुबह 10. 00 बजे से लेकर शाम के 6. 00 तक सरई शहर के मुख्य मार्ग से गिट्टी व बालू लोड भारी वाहन निकल सकते हैं परंतु सरई मुख्यालय में सुबह 10.00 से पहले ही इन भारी वाहनों की आवागमन चालू हो जाती है। जिससे स्कूली छात्र-छात्राओं व शिक्षकों अन्य कार्यालयीन कर्मचारियों को आने.जाने में काफी परेशानी होती है। और ये भारी वाहन मनमानी ढंग से आना जाना कर रहे हैं। जिन्हें रत्ती भर प्रशासन व पुलिस का डर नहीं है जिसका उदाहरण हाईवा वाहन क्र. एमपी 66 1901 है। जो आज सुबह गिट्टी लेकर सुबह 10.00 बजे से पहले ही सरई के मुख्य बाजार से गुजरते हुए पाया गया है। इन रसूखदारों के सामने पुलिस नतमस्तक है। जिन पर कार्रवाई करने से कतराता है। इस संबंध में जब सरई टीआई जितेन्द्र सिंह भदौरिया से दूरभाष के माध्यम से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

> सरई मेन बाजार में भारी वाहनों द्वारा नो इंट्री का खुले आम उल्लंघन किया जा रहा है। इसके अलावा ये हाइवा वाहन थाने के सामने से भी बगैर टाइम टेबल के गुजरते रहते हैं जिन्हें कोई नहीं पूछता पुलिस मूक बनी रहती है।
>
> **सुनील कुमार जायसवाल**
> **सामाजिक कार्यकर्ता सरई**
>
> ***************
>
> आपके द्वारा यह मामला संज्ञान में आई है जिन पर हरहाल में कार्रवाई की जाएगी।
>
> **गायत्री तिवारी**
> **एसडीओपी देवसर**

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन स्थलों का संयुक्त रूप से किया निरीक्षण

## प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर कराई गई है व्यापक सुरक्षा व्यवस्था

**जागरण, बैढ़न।** कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के द्वारा संयुक्त रूप से गणेश प्रतिमा के विसर्जन हेतु की गई व्यवस्थाओ का जायजा लेने हेतु स्वंय कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा विसर्जन स्थल तेलगवा में पहुचकर विसर्जन हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा स्थल पर उपस्थित अधिकारी कर्मचारियो को प्रतिमा विसर्जन से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए गए। विदित हो कि कलेक्टर श्री शुक्ला के निर्देशन में गणेश प्रतिमा के विसर्जन के लिए चयनित किए गए स्थलो पर चाक चौबंद व्यवस्थाए कराई गई है। वही सभी उपखण्डो में सेक्टर मजिस्ट्रेटो के साथ साथ पुलिस बल की



पर्याप्त व्यवस्थाये कराई गई है। इसके अलावा भी विसर्जन स्थलो पर गोताखोर के साथ साथ विद्युत व्यवस्था पेयजल व्यवस्था एवं छाया व्यवस्था के साथ ही सीसीटीव्ही कैमरे के माध्यम से भी नजर रखी जा रही है। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा तेलगवा के अलावा भी विसर्जन हेतु चिन्हित किए गए अन्य स्थलो का भी अवलोकन किया गया। तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सृजन बर्मा डिप्टी कलेक्टर सौरभ मिश्रा नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान थाना प्रभारी विन्ध्यनगर अर्चना द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

## रिलायंस की सासन कोल माइंस ने लगातार 5 स्टार रेटिंग अवार्ड में लहराया परचम

# केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री तथा राज्यमंत्री के हाथों से मिला पुरस्कार

## कोयला खदान के उत्कृष्ट संचालन के लिए सासन पावर की मुहेर एवं मुहेर कोल ब्लॉक अमलोरी कोल माइंस को वर्ष 23-24 के 5 स्टार रेटिंग से सम्मानित

**जागरण, बैढ़न।** सासन पावर की मुहेर एवं मुहेर अमलोरी विस्तार कोयला खदान को कोयला मंत्रालय द्वारा मुम्बई में आयोजित कोल माइंस स्टार रेटिंग अवार्ड में 5 स्टार कोल माइंस के अवार्ड से नवाजा गया । ये पुरस्कार केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री किशन रेड्डी तथा कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीशचन्द्र दुबे द्वारा दिया गया । जिसे रिलायंस पावर के बिजनेस हेड मनोज पोंगडे तथा सासन कोल माइंस के माइंस एजेन्ट ऋ षि श्रीवास्तव ने ग्रहण किया । कोयला मंत्रालय द्वारा खदानों को स्टार रेटिंग देने का उद्देश्य खदान संचालन में उत्कृष्टता को




बढ़ावा देना है, जो कुल सात मानकों- खनन कार्य संचालन, पर्यावरण संरक्षण, प्रोद्योगिकी का समावेश, श्रेष्ठ खनन व्यवहार, आर्थिक प्रदर्शन पुनर्वास, पुनर्विस्थापन, श्रमिक कल्याण तथा सुरक्षा एवं बचाव जैसे मानकों पर खदान के उत्कृष्ट प्रदर्शन का मूल्यांकन करता है । इस अवार्ड का उद्देश्य खदानों में सतत् प्रतिस्पर्धा बढ़ाकर उत्कृष्ट खनन पद्धतियों को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में वर्ष 23-24 में 5 स्टार कोयला खदानों को पुरस्कृत किया गया जिसमें देशभर की ओपर कास्ट श्रेणी की 30 खदानों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में सचिव कोयला मंत्रालय विक्रय देवदत्त से लेकर कोयला मंत्रालय, कोल इण्डिया से जुडे वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे । सासन पावर लिमिटेड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सचिन मोहापात्रा ने इस उपलब्धि पर कहा कि कोल माइंस 5 स्टार रेटिंग अवार्ड में लगातार 5 स्टार रेटिंग प्राप्त करना हमारे लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि कोयला खदान परिचालन में हमारे उच्च मानकों और स्थानीय समुदाय व पर्यावरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सासन पावर लिमिटेड के स्टेशन डायरेक्टर सुबतो घोष ने कहा यह सम्मान हमारे सतत् प्रयासों और टीम वर्क का नतीजा है। हमारी कोल माइंस प्रबंधन ने लगातार सुरक्षित, जिम्मेदार और पर्यावरण अनुकूल खनन की दिशा में काम किया है। अपने बधाई संदेश में रिलायंस पावर सी.ई.ओ. नीरज पारख ने खदान के अधिकारियों/कर्मचारियों तथा श्रमिकों को बधाई दी और इस पुरस्कार का श्रेय उनके कठिन परिश्रम को दिया साथ ही इसी प्रकार सतत उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाये रखने का लक्ष्य भी निर्धारित किया।

# यूएस ओपन फाइनल: कार्लोस अल्काराज व यानिक सिनर होंगे तीसरी बार आमने-सामने

**न्यूयार्क, जेएनएन।** यूएस ओपन 2025 में एक बार फिर कार्लोस अल्काराज और यानिक सिनर आमने-सामने होंगे। सिनर ने सेमीफाइनल में फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को हराकर फाइनल में जगह बनाई। अल्काराज ने नोवाक जोकोविच को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अब रविवार को सिनर और अल्काराज यूएस ओपन के फाइनल में भिड़ेंगे। सिनर लगातार पांचवीं बार किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे हैं। वह यूएस ओपन का खिताब बचाने की कोशिश करेंगे।

### सिनर ने 4 सेट में जीता मुकाबला

टॉप सीड सिनर ने कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 6-1, 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। दूसरी ओर, अल्काराज ने 24 बार के मेजर चैंपियन नोवाक जोकोविच को 6-4, 7-6, 6-2 से मात दी। इस जीत के साथ उन्होंने फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। सिनर शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन और विंबलडन के फाइनल में भी जगह बनाई थी। अब उन्होंने यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचकर 2025 में सभी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने का रिकॉर्ड बना लिया है। सेमीफाइनल में उन्हें ऑगर-अलियासिमे से ज्यादा चुनौती नहीं मिली।



## कार्लोस से हारे जोकोविच का टूटा दिल

### सिनर और अल्काराज का फाइनल

अब फाइनल में उनका मुकाबला कार्लोस अल्काराज से होगा। यह लगातार तीसरा मौका है जब अल्काराज और सिनर किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में आमने-सामने होंगे। अल्काराज ने सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच को हराया था। अल्काराज ने जोकोविच को 6-4, 7-6, 6-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। इसका मतलब है कि 2025 में अल्काराज और सिनर तीसरी बार किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में भिड़ेंगे। ये तीनों फाइनल अलग-अलग सतहों पर खेले गए हैं।

### सिनर का शानदार प्रदर्शन

आर्थर एशे स्टेडियम में सिनर ने पहले सेट में सिर्फ एक गेम गंवाया। लेकिन दूसरे सेट में ऑगर-अलियासिमे ने वापसी की। उन्होंने दूसरा सेट 6-3 से जीता और मैच में बराबरी कर ली। हालांकि सिनर ने फिर से अपनी प्रतिभा दिखाई। उन्होंने अपनी सर्विस को बरकरार रखा और ऑगर-अलियासिमे को दो बार हराकर तीसरा सेट जीत लिया। चौथे सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर हुई। लेकिन सिनर ने चौथे गेम में मिले ब्रेक का फायदा उठाया। उन्होंने अपनी सर्विस को बरकरार रखा और मैच जीतकर लगातार पांचवीं बार किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। सिनर ने इस दौरान तीन मैच जीते हैं और एक में उन्हें हार मिली है। उन्हें फ्रेंच ओपन के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था, जहां उनके पास मैच जीतने के मौके थे।

## एक और ग्रैंडस्लेम के सेमीफाइनल में हार के बाद रिटायर हो जाएंगे जोकोविच?

**न्यूयॉर्क, जेएनएन।** यूएस ओपन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच को कार्लोस अल्काराज के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी जिसके बाद सर्बियाई खिलाड़ी ने संन्यास की अटकलों को खारिज कर दिया। जोकोविच ने पुष्टि की है कि वह अगले साल एक पूर्ण ग्रैंड स्लैम सीजन खेलना चाहते हैं। 22 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी को 6-4, 7-6(4), 6-2 से शिकस्त देकर अपने सातवें और न्यूयॉर्क में दूसरे मेजर फाइनल में प्रवेश किया है। आर्थर ऐश स्टेडियम में करीब 2 घंटे 25 मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में कार्लोस अल्काराज ने इस साल के ऑस्ट्रेलियन ओपन और 2024 पेरिस ओलंपिक में जोकोविच से मिली हार का बदला लिया। सर्बियाई खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कहा, मैं अगले साल पूरा ग्रैंड स्लैम सीजन खेलना चाहता हूं। देखते हैं कि ऐसा होता है या नहीं। लेकिन स्लैम तो स्लैम होते हैं। यह किसी भी अन्य टूर्नामेंट से अलग हैं। ये हमारे खेल के स्तंभ हैं। यह हमारे सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट हैं। नोवाक जोकोविच ने कहा, मैं अपने टेनिस के स्तर से खुश हूं, लेकिन यह शारीरिक क्षमता की बात है। जैसा कि मैंने क्वार्टर फाइनल के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था, मैं अपने शरीर को इस स्तर और लय को कई घंटों तक बनाए रखने के लिए तैयार करने की पूरी कोशिश करूंगा, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था। अपने करियर के इस पड़ाव पर यह ऐसी चीज है, जिस पर मेरा नियंत्रण नहीं है। 100 टूर-लेवल खिताब जीत चुके नोवाक जोकोविच ने माना कि जब वह शारीरिक रूप से अपना स्तर बनाए नहीं रख पाते तो यह निराशाजनक होता है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि उनकी उम्र में यह अपेक्षित है। जोकोविच ने कहा, यह समय और उम्र के साथ आता है। मैं अब भी प्रतिस्पर्धा का रोमांच महसूस करता हूं। इस मैच में दर्शकों से काफी सपोर्ट मिला। इसके लिए मैं बेहद आभारी हूं।



## खेल एक नजर

### एशिया कप के लिए इंडिया की बिना स्पान्सर वाली जर्सी रिवील

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट टीम एशिया कप 2025 में बिना जर्सी स्पॉन्सर के खेलेगी। ड्रीम11 का बीसीसीआई के साथ करार समाप्त होने के बाद यह स्थिति बनी है। टीम के सदस्य शिवम दुबे ने नई किट में अपनी तस्वीरें साझा कर इस बात की पुष्टि की। भारत अपना पहला मुकाबला 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ खेलेगा। शिवम दुबे ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें पोस्ट कर नई जर्सी दिखाई। इसमें साफ देखा जा सकता है कि जर्सी पर सिर्फ टूर्नामेंट और देश का नाम है। जहां पहले स्पॉन्सर का नाम होता था, वह जगह खाली है। इस हफ्ते बीसीसीआई ने नए लीड स्पॉन्सर के लिए आवेदन आमंत्रित किए। आवेदन की खरीद की अंतिम तिथि 12 सितंबर रखी गई है, जबकि दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 16 सितंबर है। बोर्ड ने इस बार 'प्रतिबंधित और निषिद्ध ब्रांड्स' की सूची भी तैयार की है ताकि ड्रीम11 जैसी स्थिति दोबारा न हो।

### हम वनडे विश्व कप में हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं : एलिसा हीली


**सिडनी, जेएनएन।** आस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली को भरोसा है कि उनकी टीम भारतीय उपमहाद्वीप में होने वाले आगामी महिला एकदिवसीय विश्व कप में हर तरह की चुनौती से पार पाने में सफल रहेगी।



ऑस्ट्रेलिया महिला वनडे विश्व कप में सात बार का चैंपियन है और वह भारत और श्रीलंका में 30 सितंबर से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में अपने खिताब का बचाव करने के लिए उतरेगा। हीली ने कहा, "मैं निश्चित रूप से इस टूर्नामेंट में खेलने को लेकर बेहद उत्साहित हूं, लेकिन क्रिकेट की परिस्थितियां हमारे ग्रुप के लिए एक अलग चुनौती पेश करती हैं, जिसके लिए मुझे लगता है कि हम वास्तव में अच्छी स्थिति में हैं। इस 35 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर-बल्लेबाज ने कहा, हमारे पास हर विभाग में इतनी गहराई है कि हमारे सामने जो भी परिस्थितियां आएंगी, हम उनका सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### आस्ट्रेलिया में बीबीएल में खेलते नजर आ सकते हैं आर अश्विन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** हाल ही में आईपीएल से संन्यास लेने वाले रविचंद्रन अश्विन को लेकर काफी चर्चा हो रही है। उनको लेकर कयास लगाए जा रहे हैं



कि वह अब विदेशी टी20 लीगों का रुख करेंगे। आईएलटी20 में तो उन्होंने अपना नाम लिखवा लिया है और हो सकता है कि वह इस लीग में खेलते हुए नजर आएं। अश्विन विश्व स्तर के खिलाड़ी हैं और ऐसे में कई देश चाहते हैं कि वह उनकी लीगों में खेलें। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने उनमें दिलचस्पी दिखाई है। एक रिपोर्ट में बताया है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अश्विन से बीबीएल में खेलने को लेकर संपर्क किया है। इस सीजन अश्विन ऑस्ट्रेलिया की इस लीग में खेलते हुए दिखाई दे सकते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि सीए के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग इस समय अश्विन से बात कर रहे हैं।

# श्रेयस को मिली इंडिया ए की कप्तानी, टीम में शामिल होंगे एक से बढ़कर एक धुरंधर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एशिया कप 2025 के लिए जब श्रेयस अय्यर को टीम इंडिया के लिए नहीं चुना गया था तो काफी लोग निराश हो गए थे। बीसीसीआई के इस फैसले से सबको झटका लगा था, क्योंकि श्रेयस अय्यर का आईपीएल 2025 शानदार रहा था। हालांकि, अब बीसीसीआई ने श्रेयस अय्यर को बड़ी जिम्मेदारी दी है। अय्यर आने वाले कुछ दिनों में भारतीय टीम को लीड करते हुए नजर आएंगे। यहां पर बात सीनियर भारतीय टीम की नहीं बल्कि इंडिया ए की हो रही है, जिसका श्रेयस अय्यर को कप्तान बनाया गया है। ऑस्ट्रेलिया ए 2 मल्टी डे मुकाबले ऐ और 3 वनडे मुकाबलों के लिए भारत का दौरा करने वाली है। अब मल्टी डे मुकाबलों के लिए बीसीसीआई ने इंडिया ए टीम का ऐलान कर दिया है। इस टीम का कप्तान श्रेयस अय्यर को बनाया गया है जबकि ध्रुव जुरेल को उपकप्तान बानाया है। वहीं साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे खिलाड़ी भी टीम का हिस्सा हैं। पहला मल्टी डे मुकाबला 16 सितंबर से तो दूसरा मल्टी डे मुकाबला 23 सितंबर से खेला जाएगा।




### राहुल और सिराज भी होंगे शामिल

बीसीसीआई ने इस बात की भी जानकारी दी है कि दूसरे मल्टी डे मुकाबले के लिए केएल राहुल और मोहम्मद सिराज को भी स्क्वाड में शामिल किया जाएगा। ये दोनों प्लेयर्स पहले मैच के स्क्वाड के 2 खिलाड़ियों को रिप्लेस करेंगे।

### मल्टी डे मुकाबलों के बाद होगी 3 मैच की वनडे सीरीज

मल्टी डे मुकाबले पूरे होने के बाद ऑस्ट्रेलिया ए और इंडिया ए के बीच 3 मैच की वनडे सीरीज भी खेली जाएगी। पहला मुकाबला 30 सितंबर, दूसरा 3 अक्टूबर तो तीसरा मुकाबला 5 अक्टूबर को खेला जाएगा। सभी मैच कानपुर में खेले जाएंगे।

### ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ मल्टी डे मुकाबलों के लिए इंडिया ए का स्क्वाड

श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, एन जगदीसन (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (वीसी और विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, हर्ष दुबे, आयुष बडोनी, नितीश कुमार रेड्डी, तनुष कोटियन, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, खलील अहमद, मानव सुथार, यश ठाकुर। मोहम्मद सिराज और केएल राहुल (दूसरे मल्टी डे मैच के लिए)।



**एशिया कप फाइनल के दिन बीसीसीआई की बैठक**

## धूमल जा सकते हैं अनिवार्य कूलिंग पीरियड पर

**मुंबई, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की एजीएम यानी वार्षिक आम बैठक 28 सितंबर को मुंबई में होगी। इस दौरान बोर्ड अध्यक्ष और आईपीएल अध्यक्ष सहित कई पदों के लिए चुनाव होंगे। इस महीने की शुरुआत में पूर्व भारतीय क्रिकेटर रोजर बिन्नी के इस्तीफे के बाद से बीसीसीआई अध्यक्ष का पद खाली है, जबकि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अध्यक्ष अरुण धूमल के छह साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद अनिवार्य कूलिंग पीरियड में जाने की संभावना है। बिन्नी को अक्तूबर 2022 में बीसीसीआई अध्यक्ष बनाया गया था। उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की जगह ली थी। गांगुली ने अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा किया था। तब बिन्नी शीर्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार थे। इससे पहले खबरें आई थी कि बिन्नी सितंबर में होने वाली बीसीसीआई की एजीएम तक पद पर बने रहेंगे, लेकिन जुलाई में 70 वर्ष के होने के कारण उनका कार्यकाल पूरा हो गया। बिन्नी के बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के बाद भारत ने दो सीमित ओवर प्रारूप के आईसीसी टूर्नामेंट जीते। भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अपने नाम किया था। बिन्नी के अध्यक्ष रहते ऐतिहासिक महिला प्रीमियर लीग की भी शुरुआत हुई।

### इनके पदों पर बने रहने की संभावना

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने अब तक लगभग तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है। इसमें वे दो साल तीन महीने तक संयुक्त सचिव और नौ महीने तक सचिव रह चुके हैं। ऐसे में उनका पद पर बने रहना लगभग तय माना जा रहा है। दरअसल, जय शाह के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष बनने के बाद इस साल जनवरी में सैकिया को सर्वसम्मति से सचिव चुना गया था। इसके अलावा अन्य पदाधिकारी जिनके पद पर बने रहने की संभावना है, उनमें रोहन गौंस देसाई और प्रभतेज भाटिया के नाम शामिल हैं। देसाई को इस साल मार्च में संयुक्त सचिव चुना गया था और भाटिया को जनवरी में सैकिया के साथ कोषाध्यक्ष बनाया गया था।

## बीसीसीआई बोला- भारत-पाक मैच को लेकर लग सकता है प्रतिबंध

**मुंबई, जेएनएन।** बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने स्पष्ट किया कि एशिया कप 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले पर कोई रोक नहीं है। केंद्र सरकार की नीति के अनुसार टीम इंडिया बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में सभी देशों से खेलेगी। मैच से इनकार करने पर भारत पर आईसीसी या एसीसी की पाबंदियां लग सकती हैं। सैकिया ने स्पष्ट रूप से कहा है कि एशिया कप 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेलने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। उनका ये बयान ऐसे समय में आया है जब कुछ पूर्व क्रिकेटरों और प्रशंसकों ने इस बात पर आपत्ति जताई कि चिर-प्रतिद्वंद्वी टीमें 8 देशों के टूर्नामेंट में एक से अधिक बार आमने-सामने हो सकती हैं। हाई-वोल्टेज भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला 14 सितंबर को दुबई में खेला जाएगा।

### बहुराष्ट्रीय टूनामेंट में भारत-पाक मैच पर कोई रोक नहीं

बीसीसीआई सचिव ने बताया कि केंद्र सरकार की नीति स्पष्ट है कि भारत बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में पाकिस्तान का सामना कर सकता है। टीम इंडिया केवल द्विपक्षीय सीरीज़ में पाकिस्तान से नहीं खेलेगी, लेकिन बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी तरह का कोई प्रतिबंध नहीं है। जहां तक बीसीसीआई का दृष्टिकोण है, हमें वही पालन करना होता है जो केंद्र सरकार औपचारिक रूप से तय करती है। किसी भी बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट या अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत की भागीदारी को लेकर केंद्र सरकार ने कोई रोक नहीं लगाई है। चाहे वह कोई भी देश हो जिसके साथ भारत के रिश्ते अच्छे न हों, फिर भी बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत को सभी मैच खेलने होंगे। बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट के मैचों का बहिष्कार करता है, और अगर आप सोचते हैं कि भारत एशियाई क्रिकेट परिषद या आईसीसी द्वारा आयोजित किसी बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट का बहिष्कार करेगा, या किसी अन्य खेल जैसे फीफा टूर्नामेंट, एएफसी टूर्नामेंट या एथलेटिक्स टूर्नामेंट में किसी देश से खेलने से मना करेगा, तो भारतीय संघ पर पाबंदियां लग सकती हैं।

## युवराज के पिता योगराज का दावा सचिन तेंदुलकर एकमात्र दोस्त थे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय टीम के पूर्व धाकड़ ऑलराउंडर युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह ने विराट कोहली को लेकर एक हैरतअंगेज दावा किया है। उन्होंने कहा कि कोहली कभी युवराज के दोस्त नहीं थे। योगराज ने एमएस धोनी से लेकर कोहली तक को युवराज की पीठ में छुरा घोंपने वाला बताया है। धोनी और कोहली डरते थे कि कहीं युवराज उनकी कुर्सी ना छीन ले। योगराज ने महान बल्लेबाज सचिन को युवराज का इकलौता दोस्त करार दिया। युवराज ने 2000 से 2017 तक भारत के लिए 402 इंटरनेशनल मैच खेले, जिसमें 35.05 की औसत से 11178 रन बनाए। उन्होंने 17 शतक और 71 अर्धशतक ठोके। उन्होंने तीनों फॉर्मेट में 148 विकेट भी चटकाए। दरअसल, योगराज से इनसाइडस्पोर्ट पर इंटरव्यू के दौरान सवाल पूछा गया कि धोनी के बाद कोहली भारतीय टीम के कप्तान बने थे। वह युवी के अच्छे दोस्त थे। क्या आपको लगता है कि वह उस समय युवराज को और अधिक चांस दे सकते थे? जवाब में योगराज ने कहा, इस जिंदगी में जहां सफलता, पैसा और प्रसिद्धि है, वहां कोई दोस्त नहीं है। यह बात मैंने युवराज सिंह से बोली थी। युवराज के एकमात्र दोस्त सचिन तेंदुलकर हैं, जो हर किसी को अपने भाई की तरह ट्रीट करते हैं। सचिन इकलौते इंसान हैं, जो सभी से प्यार और मोहब्बत करते थे। वह चाहते थे कि सभी अच्छा करें। उन्होंने आगे कहा, जैसा कि मैंने आपको बताया, सफलता, पैसा और प्रसिद्धि के क्षेत्र में कोई दोस्त नहीं होता। हमेशा पीठ में छुरा घोंपने वाले लोग होते हैं, जो आपको नीचे गिराना चाहते हैं।




## 23वीं एशियन कराते चैम्पियनशिप में प्रदेश की रूषा तंबत ने रजत जीता

**भोपाल, खेल प्रतिनिधि।** चीन में आयोजित 23वीं एशियन कैडेट जूनियर एवं अंडर-21 कराते चैम्पियनशिप 2025 में मध्यप्रदेश की प्रतिभावान खिलाड़ी रूषा तंबत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए पहली बार व्यक्तिगत वर्ग में रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया। इस स्वर्णिम उपलब्धि ने न केवल देश का मान बढ़ाया है, बल्कि मध्यप्रदेश को भी अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर नई पहचान दिलाई है। रूषा तंबत वर्तमान में राज्य कराते अकादमी, भोपाल की डे बोर्डिंग विधा के अंतर्गत नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। कठोर परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। यह उपलब्धि भारतीय कराते के इतिहास में एक नया अध्याय लिखेगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी। मध्यप्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने बेटी रूषा तंबत की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा-रूषा तंबत ने अपने प्रदर्शन से यह साबित किया है कि लगन और मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उनकी इस उपलब्धि से प्रदेश ही नहीं, पूरा देश गौरवान्वित है। खेल और युवा कल्याण विभाग को गर्व है कि हमारी अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त खिलाड़ी ने चीन में यह सफलता अर्जित की है। विभाग की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अनंत शुभकामनाएँ। मुझे विश्वास है कि बेटी रूषा आगे भी अपने शानदार प्रदर्शन से भारत का तिरंगा ऊंचा फहराते रहेंगी। खेल मंत्री के साथ ही श्री राकेश गुप्ता, संचालक, खेल एवं युवा कल्याण, म.प्र. ने भी बेटी रूषा तांबट को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि रूसा की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी।



## बीफार्मा और डीफार्मा में प्रवेश लेने 18 हजार विद्यार्थियों ने कराए पंजीयन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** तकनीकी शिक्षा विभाग ने बीफार्मा, डीफार्मा और एमफार्मा कोर्स को संचालित करने वाले कालेजों की सीटों पर प्रवेश देने के लिए काउंसलिंग करा रहा है। विभाग ने पंजीयन पर रोक लगा दी है। अभी तक 18 हजार विद्यार्थियों ने पंजीयन करा लिए हैं। वहीं एमफार्मा में प्रवेश लेने के लिए करीब सवा हजार विद्यार्थी का पंजीयन हुआ है। विद्यार्थी शनिवार तक पंजीयन में सुधार कर सकते हैं। आठ सितंबर तक विद्यार्थी च्वॉइस फिलिंग करेंगे। विभाग नौ सितंबर को कॉमन मेरिट लिस्ट जारी करेगा। विद्यार्थी 13 से 18 सितंबर तक आवंटित कालेज में अपने दस्तावेजों का सत्यापन कराकर प्रवेश ले सकेंगे।

### पांच से शुरू होगा दूसरा चरण

दूसरे चरण के रजिस्ट्रेशन 19 सितंबर से तीन अक्टूबर तक होंगे। इसमें च्वाइस फिलिंग 21 सितंबर से सात अक्टूबर तक होगी। दूसरे चरण की मेरिट लिस्ट आठ अक्टूबर को जारी होगी। 11 अक्टूबर को आवंटन जारी होने के बाद विद्यार्थी 16 अक्टूबर तक कालेज पहुंचकर प्रवेश ले पाएंगे। दोनों राउंड में रिक्त रहने वाली सीटों पर प्रवेश देने तीन कालेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) होगी। छात्रों को 17 से 22 अक्टूबर और फिर 24 से 26 अक्टूबर और 28 से 30 अक्टूबर तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा।

### पीसीआई ने विलंब से जारी की मान्यता

विभाग ने पहले चरण की काउसलिंग में सवा दर्जन बीफार्मा कालेज की 1,260 और सवा दर्जन डीफार्मा कालेज की 900 सीटें से शुरुआत की थी। अब विभाग के पास बीफार्मा में 159 कालेजों की करीब 14 हजार सीट, डीफार्मा के 162 कालेजों की करीब नौ हजार 800 सीट और एमफार्मा के करीब 60 कालेजों की दो हजार सीटों पर प्रवेश कराने के लिए च्वाइस फिलिंग कराइ जाएगी। अभी भी कई कालेज कतार में लगे हुए हैं। जबकि विभाग ने गत वर्ष 2024-25 में प्रदेश के 238 कालेजों में प्रवेश कराने के लिए 26 हजार 500 सीटों पर प्रवेश कराने आनलाइन काउंसलिंग कराई थी। काउंसलिंग में काफी विलंब से चल रही है। इसका कारण फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) की मान्यता जारी करने में लेटलतीफी करना है। पीसीआई से मान्यता नहीं मिलने पर राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा संबद्धता जारी नहीं हो सकती।

## तोक्यो विश्व चैंपियनशिप: ओलंपिक फाइनल जैसा होगा नीरज और नदीम के बीच मुकाबला

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** एथलीट नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम इस महीने के अंत में तोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में फिर से मुकाबले के लिए तैयार हैं। मौजूदा विश्व चैंपियन चोपड़ा 13 से 21 सितंबर के बीच होने वाली इस प्रतियोगिता में 19 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व कर रहे हैं नदीम पाकिस्तान के एकमात्र एथलीट हैं। नदीम ने अगस्त 2024 में पेरिस में 92.97 मीटर के ओलंपिक रिकॉर्ड थ्रो के साथ चोपड़ा को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। अब एक साल से भी ज्यादा समय के बाद तोक्यो में उनका आमना-सामना होने वाला है जिससे यह ओलंपिक और विश्व चैंपियन के बीच मुकाबला होगा। सत्ताईस वर्षीय चोपड़ा गत चैंपियन होने के नाते पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पा चुके हैं। उन्होंने क्वालीफाइंग अवधि के दौरान कई बार 85.50 मीटर का क्वालीफाइंग मानक भी पार किया है। वहीं अठाईस वर्षीय नदीम ने मई में दक्षिण कोरिया में एशियाई चैंपियनशिप में 86.40 मीटर के थ्रो के साथ क्वालीफाइंग मानक हासिल करते हुए स्वर्ण पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक फाइनल के बाद नदीम ने एकमात्र इसी स्पर्धा में हिस्सा लिया है। विश्व चैंपियनशिप में पुरुष भाला फेंक क्वालीफाइंग राउंड 17 सितंबर को और फाइनल अगले दिन होगा।




**भारतीय खिलाड़ियों संख्या सबसे ज्यादा :** तीन अन्य भारतीय सचिन यादव, यशवीर सिंह और रोहित यादव भी तोक्यो में इस चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे हैं। इससे भारत के पुरुष भाला फेंक खिलाड़ियों की संख्या सबसे ज्यादा होगी। डायमंड लीग ट्रॉफी विजेता जर्मनी के जूलियन वेबर इस साल तीन बार 90 मीटर से ज्यादा थ्रो करने के बाद इस स्पर्धा में पसंदीदा दावेदार के रूप में उतरेंगे।

## दामोदर, एशिया कप हॉकी फाइनल का हाल सुनायेंगे

**भोपाल, खेल प्रतिनिधि।** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, मप्र में कार्यरत दामोदर प्रसाद आर्य, हीरो एशिया कप पुरुष हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल मैच का आकाशवाणी से आँखों देखा हाल सुनायेंगे। यह मुकाबला मेजबान भारत और कोरिया के मध्य रविवार 7 सितम्बर को खेला जायेगा। जिसका प्रसारण आकाशवाणी के विभिन्न केंद्रों द्वारा सायं 7.25 बजे से मैच की समाप्ति तक किया जायेगा। हीरो एशिया कप पुरुष हॉकी प्रतियोगिता, राजगीर (बिहार) में खेली जा रही है। दामोदर विगत 3 दशक से रेडियो और टीवी पर विभिन्न खेलों की कमेंट्री कर रहे हैं।



## जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक 11 को

**सतना।** वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत एमपी वन मित्र पोर्टल पर जिला स्तर पर लंबित दावों के निराकरण हेतु जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक 11 सितंबर को सायं 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने बैठक में संबंधित अधिकारियों तथा समिति के सदस्यों से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 11 को

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 11 सितम्बर को प्रातः 11 बजे संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन सतना के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें हिट एण्ड रन प्रकरणों की समीक्षा, वन अधिकार पट्टा, वन राजस्व भूमि एवं सीमा विवाद, सिविल केस विथ जीपी एवं एजीपी, लीगल कॉलोनी डिप्लायमेंट, आरसीएमएस के लंबित प्रकरण, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, साइबर तहसील आदि को उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

# महिला की मौत के बाद परिजनों ने किया हंगामा

### कोलगवां थाना में शिकायत दर्ज



**जागरण, सतना**

चित्रकूट हास्पिटल सतना में भर्ती सिया बाई विश्व कर्मा उम्र 60 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 18 हनुमान नगर नई बस्ती का गलत इलाज से मारने का आरोप मृतिका के पुत्र विष्णु विश्व कर्मा ने लगाया है नाराज परिजनों ने वाडी लेकर सीधे थाना कोलगवा पहुंचे परिवार जनों ने कायमी करा जिला चिकित्सासालय में पी एम कराने की बात थाना प्रभारी से किया तब रिपोर्ट लिखवाई गई । सुबह 10 बजे के लगभग हम लोगो को बाहर कर गले में नली डाल दिया नली डलते ही मुह से खून बहने लगा मैं वोला खून क्यों आ रहा तभी बाहर रीवा इलाज के लिए ले जाने की बात कर रेफर बना दिया है मुझे पूरा विश्वास है नली डाल कर मेरी माँ को मार डाला गया है।पी एम के समय आर सी विश्व कर्मा राम कुमार विश्व कर्मा राम प्रताप विश्व कर्माए कमलू विश्व कर्मा राज मणि विश्व कर्मा राम जी विश्व कर्मा लल्लू विश्व कर्मा राजा विश्व कर्मा देवा विश्व कर्मा सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

## 3 बैंक कर्मचारी निलंबित

**जागरण, सतना।** शाखा सिंहपुर में कृषकों की अंशपूंजी राशि में धोखाधडी का प्रयास करने एवं ऋण वितरण में छोटे कृषको की जगह बडे कृषकों को लिमिट डालकर ड्रावल पास कर भुगतान किए जाने का अनुचित प्रयास किये जाने पर कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशानुसार 3 बैंक के कर्मचारियों को निलंबित किया गया है। इनमें कैशियर राजेश कुमार द्विवेदी, प्रभारी शाखा प्रबंधक शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी तथा लिपिक शाखा सिंहपुर विनय कुमार पाण्डेय को बैंक सेवा नियम के प्रावधान अनुसार प्रथम दृष्ट्या दोषी पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सतना ने बताया कि निलंबन की अवधि में विनय कुमार पाण्डेय द्वारा पूर्व में भी शाखा कोठी में प्रभारी शाखा प्रबंधक के दायित्वों के निर्वहन के दौरान मृतक खातेदार के खाते से राशि आहरित कर अनियमितता किये जाने से निलंबित किया गया था। निलंबन से बहाली विभागीय जांच जारी रखते हुए की गई थी। उसके उपरांत भी श्री पाण्डेय द्वारा उपरोक्त कृत्य किया गया। निलंबन अवधि में श्री त्रिपाठी एवं श्री द्विवेदी का मुख्यालय शाखा नागौद तथा श्री पाण्डेय का मुख्यालय बैंक प्रधान कार्यालय नियत किया गया है।

## स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह आज सतना हाफ मैराथन में होंगे शामिल

**सतना।** प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह 7 सितंबर को प्रातः 6 बजे शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 के खेल मैदान में आयोजित सतना हाफमैराथन 2025 के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री श्री सिंह प्रातः 10 बजे मैराथन के विजेताओं को पुरूस्कार वितरण करेंगे। तदुपरांत मंत्री श्री सिंह प्रातः 11.30 बजे सडक मार्ग से लोलरी के लिए प्रस्थान करेंगे।

# राज्यमंत्री ने काफिला रोककर दुर्घटना में घायलों का जाना हाल



**जागरण, सतना।** रैगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को ग्राम रेरूआ कला के पास सडक हादसे में कार और ऑटो की जोरदार टक्कर हुई। इस दौरान नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी का काफिला उस मार्ग से गुजर रहा था। दुर्घटना स्थल में पहुंचने पर राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने अपना काफिला रोककर दुर्घटना में घायलों से मिलकर उनका हाल जाना। घायलों को अस्पताल भेजकर राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने अस्पताल के चिकित्सकों को घायलों का समुचित इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिये।

## प्रशासनिक कार्य व्यवस्था अंतर्गत कर्मचारियों की नवीन पदस्थापना

**सतना।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सतना द्वारा प्रशासनिक कार्य व्यवस्था अंतर्गत कर्मचारियों की नवीन पदस्थापना की गई है। जारी आदेशानुसार सहायक लेखापाल राजेश कुमार तिवारी को शाखा सेमरिया चौक से शाखा सिंहपुर तथा सहायक लेखापाल बिहारीलाल कोरी को प्रधान कार्यालय फील्ड कक्ष से शाखा सेमरिया चौक में शाखा प्रबंधक के दायित्वों के साथ नवीन पदस्थापना की गई है। इसी प्रकार लिपिक विनोद कुमार चौधरी को शाखा नागौद से शाखा सिंहपुर में पदस्थ किया गया है। संबंधित सेवायुक्त तत्काल भारमुक्त होकर नवीन पदस्थी शाखा में उपस्थित होकर कार्य प्रारंभ करेंगे।


पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों
• BMLT • DMLT • BPT
• X-RAY TECHNICIAN
• O.T. TECHNICIAN
मे प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
विंध्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग पैरामेडिकल
शेरगंज, सतना (म.प्र.)
9039076216, 7909320729
9752858304, 9285181997


# मुख्यमंत्री ने स्टेट सिचुएशन रूम से ली वर्षा और गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की जानकारी

**जागरण, सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को मंत्रालय स्थित स्टेट सिचुएशन रूम से प्रदेश में हो रही वर्षा से उपजी परिस्थितियों एवं अनंत चतुर्दशी पर्व पर गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षकों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से चर्चा कर वर्षा की जानकारी लेकर आपदा प्रबंधन एवं गणेश मूर्तियों के समुचित विसर्जन की व्यवस्थाओं का लाईव प्रदर्शन भी देखा। उन्होंने कहा कि सभी अलर्ट मोड में रहें और सतर्कता बरतें। कोई भी अप्रिय स्थिति निर्मित न होने पाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर उज्जैन, इंदौर, जबलपुर, रतलाम, ग्वालियर और भोपाल से वीसी से बात कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की सभी व्यवस्थाएं अपडेट रहें। पूरा अमला सजग रहकर देर रात तक यह काम पूरा कर लें। वर्षा की स्थिति में अतिरिक्त सावधानी रखें। आवश्यक हो तो लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचायें। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर्स को बाढ़ आपदा राहत का बेहतर प्रबंधन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण किसी को भी परेशान न होना पड़े। इसके लिए समुचित तैयारी रखें। आपदा मोचन दल क्विक रिस्पांस कर प्रभावितों को रेस्क्यू करें। प्रभावितों की सहायता के लिए सभी पूरी संवेदनशीलता और मानवता की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव गृह शिव शेखर शुक्ला, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, एडीजी सिविल डिफेंस सुश्री प्रज्ञा श्रीवास्तव, एडीजी इंटेलिजेंस ए. साईं मनोहर, सचिव एवं आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े, अपर सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक सिंह सहित अधिकारी उपस्थित थे।

## द्वारका-सोमनाथ तीर्थ दर्शन यात्रा के लिए 13 अक्टूबर तक लिये जायेंगे आवेदन

**जागरण, सतना।** कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक द्वारका-सोमनाथ तीर्थदर्शन की यात्रा प्रस्तावित है। तीर्थ यात्रा में सतना जिले के इच्छुक तीर्थयात्री 13 अक्टूबर तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। योजनांतर्गत आवेदन पत्र निकटतम तहसील, स्थानीय नगरीय निकाय एवं जनपद कार्यालय में कार्यालयीन समय में जमा किये जा सकते है। तीर्थ दर्शन यात्रा हेतु आवेदक सतना जिला अंतर्गत संबंधित तहसील का मूल निवासी होना चाहिए। वरिष्ठ नागरिक जो 60 वर्ष से अधिक आयु के हों तथा आयकर दाता नहीं हो। तीर्थ यात्रा के लिए ऐसे व्यक्ति पुनः पात्र होंगे, योजना के अंतर्गत यात्रा हुए 5 वर्ष की अवधि पूर्ण हो गई हो। यात्रा के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से सक्षम हो और किसी संक्रामक रोग अथवा टीबी, मानसिक व्याधि, संक्रामक कुष्ठ आदि से ग्रसित न हो। 65 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के आवेदकों के साथ सहायक यात्रा पर जाता है। सहायक 18 वर्ष एवं अधिक 50 वर्ष से कम आयु का होना चाहिए। कलेक्टर ने आयुक्त नगर पालिक निगम सतना, समस्त तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया है कि आपके क्षेत्रांतर्गत आने वाली तहसील, स्थानीय नगरीय निकाय, जनपद कार्यालय, नगर पालिक निगम से प्राप्त आवेदन को संकलित करेंगे एवं निर्धारित प्रपत्र में एकजाई सूची तैयार कर अनिवार्य रूप से कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## 100 वर्ष और उससे अधिक आयु के मतदाताओं की प्रविष्टियों का सत्यापन 10 तक

**सतना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 100 वर्ष और उससे अधिक आयु के मतदाताओं की प्रतिविष्टयों का सत्यापन मतदाता सूची में किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जारी निर्देशानुसार सत्यापन के दौरान यदि मतदाता की उम्र सही पाई जाती है एवं मतदाता वर्तमान जगह पर पाया जाता है तो कुछ नहीं करना है। लेकिन यदि मतदाता की उम्र त्रुटिपूर्ण पाई जाती है तो फार्म-8 भरकर संबंधित दस्तावेज प्राप्त कर संशोधन किया जायेगा। यदि मतदाता की मृत्यु हो जाने की जानकारी मिलती है तो फार्म-7 भरकर नाम निरसन की कार्यवाही की जायेगी। सतना और मैहर जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया है।


।।जय माता दी।। कर्म मॉ भूमि
पिन्टू कार बाजार
हमारे यहाँ सभी कम्पनियों की गाड़ियां खरीदी व बेची जाती हैं हमारे यहाॅ बोलेरो स्कार्पियो, इनोवा एवं छोटी गाड़ियां उपलब्ध हैं फाइनेंस एवं बीमा की सुविधा उपलब्ध है 10000 किमी इंजन की गारंटी है 1 टैंक डीजल फ्री ।
पता :- सेमरिया रोड बदखर जिला सतना मध्य प्रदेश एवं रीवा रोड लोहरा
मो 6264241950 7566961380

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433 9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 तक रविवार अवकाश
परामर्शः- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
परामर्श शुल्क 300/-
मो.-7247097637
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

प्रवेश प्रारंभ 2025-26
SARDAR PATEL EDUCATION GROUP
सी.एस.यू. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी रीवा (म.प्र.)
POLYTECHNIC
ME | CE | CSE | EEE | MINING
Cement Technology Engg.
Mining & Mine Surveying Engg. (MMS)
सी.एस.यू. कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी रीवा (म.प्र.)
D. PHARMACY • B. PHARMACY
लेटरल एंट्री के माध्यम से B. PHARMACY द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
कैम्पस : सिरमौर रोड, ग्राम-पल्हान (उमरी चौक), बैकुण्ठपुर, रीवा (म.प्र.)
सिटी ऑफिस : ज्योति स्कूल के सामने, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा
+91 70493 99901, 70493 99902 7049399904

बैद्यनाथ
स्वस्थ हृदय ही अच्छे स्वास्थ्य की पहचान है।
अर्जुनामृत
• अर्जुनामृत में अर्जुन के अलावा विडंग, गोखरू एवं नागकेशर जैसे बहुमूल्य जड़ी-बूटीयों से युक्त होने से अधिक गुणकारी है।
• बढ़ती उम्र के लिए लाभकारी।
• अर्जुनामृत के साथ शुध्द शिलाजीत युक्त प्रभाकर बटी का सेवन विशेष लाभदायक है।
A.U.4127/09/25/283

आयुर्वेद अपनाए..स्वस्थ रहें!
श्री माणिक रुद्र, उज्जैन
प्र. मेरी उम्र 55 वर्ष है। मै पेशाब की समस्या से परेशान हुँ। मुझे प्रोस्टेट की समस्या का पता चला है। कृपया आयुर्वेदिक दवां बताये।
उ. बैद्यनाथ प्रोस्ट-एड टॅबलेट 1-1 टॅबलेट सुबह शाम पानी के साथ लेवें।
श्रीमती विशाखा सक्सेना, भोपाल
प्र. बरसात के दिनों में सर्दी, खाँसी की तकलीफ बनी रहती है। कृपया आयुर्वेदिक उपचार बतायें।
उ. बैद्यनाथ लक्ष्मीविलास रस (नारदीय) 1-1 टॅब पीसकर शहद + अदरक रस के साथ लेवें। बैद्यनाथ कासविन 2-2 चम्मच सुबह शाम लेवें। रात को सोने के पूर्व बैद्यनाथ सितोपलादी चूर्ण आधा चम्मच शहद के साथ लेवें।
श्री नितीन अवस्थी, होशंगाबाद
प्र. मेरी आयु 60 वर्ष है। मुझे 5 वर्ष से मधुमेह हुवा है। शरीर में कमजोरी लगती है। कृपया आयुर्वेदिक उपाय बतायें।
उ. महोदय, आप अपने खान पान का ध्यान रखें। व शुगर बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थों का परेहज करें। बैद्यनाथ मधुमेहारी ग्रेन्युल्स् 1-1 चम्मच सुबह-शाम पानी के साथ सेवन करें। इसका सेवन लगातार करें यह दवा किसी प्रकार का साइड इफेक्ट नही करती व रक्तशर्करा सामान्य बनाने में सहायक है।
श्री अनिल राठी, रिवा
प्र. मुझे चार साल से बवासीर की तकलीफ है। शौच के जगह खुजली चलती है व दर्द बहुत होता है। कब्ज़ की तकलिफ है। शौचाद्वारा रक्त गिरता है।
उ. बैद्यनाथ सिड्पाईल्स 2-2 टॅबलेट दिन में दो बार पानी के साथ लेवें। बैद्यनाथ अभयामृत 2-2 चम्मच समभाग पानी के साथ दिन में दो बार भोजनबाद लेवें।
वैद्य रमेश शर्मा, एम. डी. (आयु.)
प्रधान वैद्य
बैद्यनाथ के दवाइयों के साथ जानकारी हेतू सेवनविधी दी है। इस का प्रयोग वैद्यकिय परामर्श से करें।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : 844 844 4935 | www.baidyanath.co

PGI लखनऊ के एंडोक्रिनोलॉजिस्ट की OPD रीवा में 14 सितंबर, रविवार
प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनांक को समय - सुबह 10 से शाम 04:00 बजे तक
डायबिटीज, थायराइड एवं हार्मोन्स रोग विशेषज्ञ
डॉ. अजय शुक्ला
MBBS, M.D., D.M. (Endocrinology & Metabolism) SGPGI लखनऊ
विभागाध्यक्ष मैक्स सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल लखनऊ
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433, 9981287311
कृपया रजिस्ट्रेशन पूर्व में करायें, 50 मरीज तक इसके बाद अगली बार का समय दिया जायेगा।

श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फार्मेसी
पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा संबद्ध
डी. फार्मा
DTE Counselling Code: 608
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-
पता- ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
मो.: 9584324641,6262084843,7470944611

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
• IUI, IVF, ICSI
• फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET)
• एग फ्रीजिंग
• एंब्रियो फ्रीजिंग
• स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा








जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com